

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 52 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 04 दिसम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## मोदी की गारंटी पर लगी जनता के विश्वास की गारंटी : योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी भाजपा को जीत की बधाई

लखनऊ, 3 दिसंबरः तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कमल खिलने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट के जरिए जीत की बधाई दी है। सीएम योगी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिली जीत बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चार राज्यों के चुनाव परिणामों में तीन राज्यों में बीजेपी की भारी हैट्रिक लगना 'मोदी की गारंटी' पर 'जनता के विश्वास की गारंटी' है। सीएम ने इस जीत पर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं व सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

**'आपणो अग्रणी राजस्थान' की चाह रखने वालों को दी बधाई**

राजस्थान की जीत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि वीरभूमि राजस्थान में भाजपा की भारी मतों से विजय की समस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं सम्मानित राजस्थान वासियों का अभिनंदन। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व, लोक-कल्याणकारी विजन एवं नीतियों और समग्र विकास के संकल्प के प्रति राजस्थान के नागरिकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की चाह रखने वाले सभी राजस्थान वासियों को पुनः शुभकामनाएं।

**मध्य प्रदेश की विराट विजय पीएम के नेतृत्व के प्रति अटूट जनविश्वास पर मुहर**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश में भाजपा के जीत की बधाई देते हुए एक्स अकाउंट पर लिखा कि मध्य प्रदेश में विराट विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के प्रति अटूट जन-विश्वास की मुहर है। डबल इंजन सरकार के सुशासन, सुरक्षा और विकास को समर्पित इस जीत की सभी प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई।

**छत्तीसगढ़ की जीत को सेवा-सुशासन व विकास के लिए समर्पित बताया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स अकाउंट पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सेवा, सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय को समर्पित इस विजय के लिए छत्तीसगढ़ वासियों का हार्दिक अभिनंदन।

**तेलंगाना का प्रदर्शन कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेलंगाना में भाजपा के प्रदर्शन को समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल बताया। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और राष्ट्रवाद को अपना समर्थन देने वाले ऊर्जावान तेलंगाना वासियों का अभिनंदन एवं कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक बधाई।

## विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी....

### 3 राज्यों में करारी शिकस्त पर क्या बोले राहुल गांधी? तेलंगाना पर भी दिया रिएक्शन

**नई दिल्ली.** चुनावी नतीजों में कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ा. राजस्थान में अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार गिर गई. यहां बीजेपी ने बाजी मारी. वहीं, मध्य प्रदेश में सरकार बनाने की आस देख रही पार्टी के तगड़ा झटका लगा है. राहुल गांधी की तरफ से इस शिकस्त पर प्रतिक्रिया आई. उन्होंने कहा कि जनादेश को हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं. विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी. तेलंगाना में कांग्रेस पहली बार सरकार बनाने जा रही है. इसपर उन्होंने कहा कि प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर तीन राज्यों में हार को स्वीकार किया. उन्होंने कहा, ह्यमध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं झ विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी. तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद. प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे. सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया.




बड़ी जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ से भी रिएक्शन आया. उन्होंने कहा, ह्यजनता-जनार्दन को नमन! मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है, उनका भरोसा भाजपा में है. इन चुनावों में भाजपा के प्रति स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद बरसाने के लिए उन्होंने सभी राज्यों की जनता, विशेषकर महिलाओं और युवाओं का धन्यवाद किया. मैं उन्हें भरोसा देता हूं कि आपके कल्याण के लिए हम निरंतर अथक परिश्रम करते रहेंगे.'

## चन्द्र यान 3 मिशन के वरिष्ठ बैज्ञानिक दंम्पति का पैतृक गांव पतार में अभिनन्दन समारोह सम्पन्न

### बलिया सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने किया सम्मानित

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -चन्द्रयान 3मिशन के वरिष्ठ बैज्ञानिक दंम्पति अरबिन्द सिंह व श्रीमती पद्मजा सिंह का अभिनंदन समारोह उनके पैतृक गांव पतार स्थित कौशल्या उत्सव वाटिका मे रविवार के दिन सम्पन्न हुआ ।सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बलिया सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त व विशिष्ट अतिथि भा.ज.पा के जिलाध्यक्ष सुनिल सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया।सासंद विरेन्द्र सिंह मस्त ने अपने उद्बोधन मे उपस्थित लोगों को बताया कि भारत दुनिया के उन देशों के एलीट क्लब में भी शामिल हो गया है, जो चंद्रमा पर अपना मिशन उतारने में कामयाब रहे हैं। ऐसा करने वाला भारत चौथा देश है लेकिन दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान का सफलता पुर्वक उतारने मे भारत पहला देश है ।ऐसे में भारत की कामयाबी की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है।उन्होंने कहा मेरे संसदीय क्षेत्र का जहुराबाद और मुहम्मदाबाद का क्षेत्र रत्नगर्भा है इसमे ऐसे लाल है जिन्होंने भारत का हमेशा मान बढाया है।जिसमे मंगला राय,विवेकी राय ,गीतांजलीश्री, और अरबिन्द सिंह और उनकी पत्नी पद्मजा सिंह है आन्ध्र प्रदेश की बेटी और रघुबंशी परिवार की बहु पद्मजा सिंह के कामयाबी पर हम सभी गौरवान्वित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखराम सिंह और संचालन कृपाशंकर सिंह और श्यामराज तिवारी ने किया।इस मौके पर सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज के प्रबंध निदेशक डा.सानंद सिंह,ब्लाक प्रमुख बाराचवर बृजेन्द्र सिंह, इरशाद अहमद रिटायर्ड जी एम ओ एन जी सी,कृष्णबिहारी राय, डाक्टर मसूद अहमद निदेश-क ताज पब्लिक स्कूल ताजपुर,जितेन्द्र नाथ पाण्डेय,कृष्णा नन्द राय,विनोद राय गुड्डू, प्रमोद सिंह, डाक्टर बिजेन्द्र सिंह प्राचार्य,विवेक सिंह सौरभ,अमन सिंह सांसद प्रतिनिधि,टुनटुन सिंह,देवेन्द्र सिंह,हिमांशु राय,अशोक सिंह,डा.विनोद सिह,नथुनी सिंह, संपूर्णानन्द उपाध्याय, पप्पू महंत, ओमप्रकाश कुशवाहा,श्री कांत राय ,अनिल राय ,शशांक राय,राजेश राय बब्लू,दिनेश राय गुड्डू,मोती चन्द गुप्ता,राजू सिंह, मुरली सिंह, श्रीप्रकाश राय,विक्रमा सिंह,सैय्यद शहंशाह, पत्रकार बिकास राय,यशवंत सिंह, रामचन्द्र सिंह,आशुतोष राय, अवनीश राय, रविदेव गिरी,मनीष भारद्वाज,सुनील सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा,दीपक सिंह, राहुल सिंह,आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर समेत अन्य स्कूलों के बच्चे भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत मे बैज्ञानिक के बडे भाई इंजीनियर अशोक सिंह ने आभार व्यक्त किया । पत्रकार वार्ता के दौरान इसरो के बैज्ञानिक दम्पति अरबिन्द सिंह और पद्मजा सिंह ने बताया की यह मिशन भारत के लिये काफी चुनौतीपूर्ण था भारत दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान उतारने वाला पहला देश बनने वाला था इसके लिये साफ्ट लैडिंग करानी आवश्यक थी ।सफल लैडिंग कराने के बाद हम दोनो उस मिशन के हिस्सा थे यह सोच कर हम दोनो काफी रोमांचित थे ।श्रीमती पद्मजा ने बताया की मै दक्षिण भारत की रहने वाली हुँ लेकिन यहाँ की मिट्टी और परिवार से मुझे बहुत प्यार मिलता है। मै यहाँ की बहु होने पर गौरवान्वित हुँ ।मिशन मे मेरा कार्य वातावरण के अनुसार उसके साफ्ट लैडिंग के लिये तापमान को अनुकूल बनाये रखने मे सहयोग देना था ।अरबिन्द सिंह ने बताया की हम दोनो नये मिशन गगनयान टीम का हिस्सा है ।



## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में 4000 संतो को निमंत्रण पत्र भेजेगा ट्रस्ट

अयोध्या। भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण पत्र बटना शुरू हो गया है, डाक विभाग के जरिए श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट संतों को निमंत्रण भेज रहा है तथा ट्रस्ट ने अपील की है कि कार्यक्रम स्थल पर आने के लिए सभी आवश्यक दिशा निदेशों का पालन करें, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि भारतीय डाक विभाग के सहयोग से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण बाटा जा रहा है, जो अयोध्या से लेकर देश के अलग-अलग राज्यों के रहने वाले संतों एवं अन्य आमंत्रित सदस्यों को या निमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी अंतिम दौर में है तथा मंदिर निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।



## प्राथमिक विद्यालय छलैरा में आंगनबाड़ी केंद्रों के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

### इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन।

**समाज जागरण**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कोहेशन फाउंडेशन व एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से पहली बार छलैरा प्राथमिक विद्यालय में आंगनवाडी केन्द्रों के वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी जी के संबोधन द्वारा किया गया। इस अवसर पर हमारे नन्हे मुन्ने बच्चों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले मनभावन नृत्य और दिल को छू लेने वाले कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज का दिन उनके विकास, रचनात्मकता और अंतहीन उत्साह का जश्न मनाने का दिन रहा। बच्चों के साथ-साथ छलैरा की आंगनवाडी कार्यकताओं ने भी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी द्वारा बच्चों को उपहार देकर उत्साह बढ़ाया गया। उन्होने कार्यक्रम में सम्मिलित बच्चों की प्रशंसा की और कोहेजन फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की। उनका कहना था कि बच्चों के सामग्र विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

## बाबा विश्वनाथ के दरबार तक पहुंचा भ्रष्टाचार

### गर्भगृह तक पहुचाने के नाम पर कर्मचारी कर रहे धनउगाही, अधिवक्ता प्रतीक सिंह

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

अधिवक्ता प्रतीक सिंह ने दर्शन के दौरान पाया कि कर्मचारी गर्भगृह एवँ स्पर्श दर्शन के नाम पर अवैध पैसे की मांग कर रहे है, मौके पर ही विरोध करने पर कर्मचारियों ने बाबा विश्वनाथ के दरबार मे ही अधिवक्ता के साथ बदसलूकी किया । अधिवक्ता प्रतीक सिंह ने बताया कि वो बाबा के अनन्य भक्त है और रोज दर्शन करने आते है , मंदिर में इस तरह का भ्रष्टाचार बर्दास्त के योग्य नहीं । अधिवक्ता ने बताया कि लिखित शिकायत के बाद भी इस पर कोई कार्यवाही नही होती दिख रही है, मंदिर कमेटी से लेकर जिम्मेदार अधिकारी तक भ्ष्टार्चार में संलिप्त है। बाबा के दरबार मे क्या अमीर क्या गरीब यहाँ इस तरह के भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिये उन्हें मुख्यमंत्री तक जाना होगा तो भी जाएंगे। साभार



## वाह री बिहार पुलिस... मरने वाले के सिर ही मढ़ दिया उसकी हत्या का इल्जाम, रोचक है मामला

जमुई : अब कहां ढूंढने जाओगे शहर भर में कातिल मेरे, आप तो मेरे कत्ल का इल्जाम भी हम ही पर रख दो. कहने को तो यह मशहूर शायर राहत इंदौरी की पंक्तियां मात्र हैं, लेकिन बिहार पुलिस ने इन पंक्तियों को सीरियसली ले लिया और कुछ ऐसा कर दिया जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे.

दरअसल, अपने अजब-गजब कारनामों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाली पुलिस ने एक बार फिर से ऐसी ही हरकत को अंजाम दिया है. अब इस मामले में न्यायालय ने बिहार पुलिस के उस पदाधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. यह पूरा मामला जमुई जिला से जुड़ा हुआ है, जिसमें हत्या के एक मामले में पुलिस ने हत्या का आरोप उसी व्यक्ति के सिर रख दिया, जिसकी मौत हुई थी. यह अजीबो-गरीब मामला सामने आने के बाद चर्चा का विषय बना हुआ है.

**जिसकी मौत हुई उसी के सिर रख दिया उसी के मौत का इल्जाम**

दरअसल, जमुई जिला के बरहट थाना क्षेत्र में 19 जुलाई 2023 को महेंद्र कोडा नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. घटना को लेकर महेंद्र कोड़ा की पत्नी सुमित्रा देवी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी और बरहट थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई थी. इस मामले में घटना के जांचकर्ता बरहट थानाध्यक्ष एके आजाद के द्वारा इसमें चार्जशीट दायर की गई तथा उन्होंने हत्या का आरोप महेंद्र कोड़ा, दीपक कुमार और प्रमोद मांझी के ऊपर लगा दिया.


पुलिस के द्वारा यह कहा गया कि महेंद्र कोड़ा की मौत ट्रैक्टर हादसे में हो गई. इस पर एफएसएल की जांच रिपोर्ट और पुलिस अनुसंधानकर्ता का बयान दर्ज करा कर चार्ज शीट दायर कर दिया गया. इस मामले में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

**कोर्ट ने कहा – मृतक के ऊपर हत्या का आरोप लगाया जाना समझ से परे**

इस मामले में सुनवाई करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नाजिया खान की अदालत ने आदेश पारित कर कहा कि हत्या के मामले में मृतक के ऊपर हीं आरोप लगाया दिया जाना समझ से परे है.

## आधी रात में भूकंप से डोला पाकिस्तान, सो रहे थे लोग तभी आया जलजला, 4.8 मापी गई तीव्रता

भारत के पड़ोस में एक बार फिर से धरती डोली है. इस बार पाकिस्तान में भूकंप आया है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि रविवार रात पाकिस्तान में रिक्टर स्केल पर 4.8 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप रविवार रात 11 बजकर 52 मिनट पर 24 किमी की गहराई पर आया. पर आधिकारिक एनसीएस हैंडल पर एक पोस्ट में कहा गया है कि ह्यभूकंप की तीव्रताः 4.8. यह 3 दिसंबर को करीब 11 बजकर 52 मिनट पर आया. अक्षांशः 32.06 और लंबाईः 69.86, गहराईः 24 किमी. ह्यएनसीएस के अनुसार अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. इससे पहले, पाकिस्तान में 28 नवंबर को भूकंप के झटके महसूस किए थे. 28 नवंबर को पाकिस्तान के साथ-साथ चीन और पापुआ न्यू गिनी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक यह भूकंप 18 नवंबर की सुबह 03:38 बजे आया था. जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.2 थी. इस भूकंप में भी किसी तरह की किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं थी.




**भूकंप आए तो क्या करें और क्या नहीं**

1- अगर आप किसी इमारत के अंदर हैं तो फर्श पर बैठ जाएं और किसी मजबूत फर्नीचर के नीचे चले जाएं. अगर कोई मेज या ऐसा फर्नीचर न हो तो अपने चेहरे और सर को हाथों से ढंक लें और कमरे के किसी कोने में दुबककर बैठ जाएं.

2- अगर आप इमारत से बाहर हैं तो इमारत, पेड़, खंभे और तारों से दूर हट जाएं.

3- अगर आप किसी वाहन में सफर कर रहे हैं तो जितनी जल्दी हो सके वाहन रोक दें और वाहन के अंदर ही बैठे रहें.

4- अगर आप मलबे के ढेर में दब गए हैं तो माचिस कभी न जलाएं, न तो हिलें और न ही किसी चीज को धक्का दें.

5- मलबे में दबे होने की स्थिति में किसी पाइप या दीवार पर हल्के-हल्के थपथपाएं, जिससे कि बचावकर्मी आपकी स्थिति समझ सकें. अगर आपके पास कोई सीटी हो तो उसे बजाएं.

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत बाजार के लिए सकारात्मक संकेत

### विश्लेषकों का मानना है कि बाजार चुनाव परिणाम को सकारात्मक नजरिये से देखेगा, क्योंकि तीन राज्यों में चुनाव परिणाम अनुमान से बेहतर रहे हैं

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी के राज्य चुनावों में दमदार प्रदर्शन से घरेलू इक्विटी बाजारों में तेजी की राह मजबूत होने का अनुमान जताया जा रहा है। इस जीत को मई में होने वाले आम चुनाव में भाजपा को सफलता मिलने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

भाजपा ने चार प्रमुख राज्यों में से तीन झ मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में निर्णायक जीत हासिल की है। हालांकि इन तीन राज्यों में कांटे का मुकाबला रहने का अनुमान था, इसलिए भाजपा की जीत ने सभी को चकित कर दिया है और 2024 में सत्ता बनाए रखने की संभावना बढ़ा दी है, जो बाजारों के लिए सकारात्मक बदलाव है। एवेंडस कैपिटल मार्केट्स अल्टरनेट स्ट्रैटजीज के एंड्रयू हॉलैंड ने कहा, ह्यबाजार चुनाव परिणाम को सकारात्मक नजरिये से देखेगा, क्योंकि तीन राज्यों में जीत अनुमान से बेहतर है। भले ही भाजपा के जीतने की उम्मीद से बाजार में तेजी आई थी, लेकिन वह तीनों राज्यों में जीत की उम्मीद नहीं कर रहा था। शुरूआती प्रतिक्रिया आमतौर पर निराशा या उत्तेजना की अभिव्यक्ति होती है। फिर बाजार बुनियादी बातों और वैश्विक बाजारों के रुझान पर केंद्रित हो जाएगा। वैश्विक तौर पर भी हालात अच्छे दिख रहे हैं, जिससे तेजी की रफ्तार बनाए रखने में मदद मिलेगी। पिछले सप्ताह, सेंसेक्स और निफ्टी ने पांच महीनों में अपनी सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की। निफ्टी ने भी शुक्रवार को सितंबर में बने पिछले रिकॉर्ड ऊंचे स्तर को भी पार किया है। स्वतंत्र इक्विटी विश्लेषक अंबरीश बालिगा ने कहा, ह्यबाजारों ने दो राज्यों में जीत का अनुमान लगाया था और अब तीन राज्यों में जीत के साथ हम बाजार को जश्न मनाते देखेंगे। इस-के अलावा, इस जीत से जुड़ा उत्साह कुछ दिन टिका रह सकता है और उसके बाद बाजार की चाल फिर से वैश्विक तौर पर होने वाले घटनाक्रम पर केंद्रित हो जाएगी।

# भारतीय नौसैनिकों का विद्रोह और अंग्रेज सरकार का घुटने टेकना एक विलक्षण घटना

**दैनिक समाज जागरण**

सेना का जिंक आते ही जो तस्वीरें जेहन में कौंधती हैं वो टैंको में सवार, वायुयानों में उड़ते, पानी के जहाजों पर तैनात चुस्त दुरुस्त नौजवानों की होती है। रोमांच और वीरता की ये तस्वीरें सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, युवा मन को। युवाओं को सेना न सिर्फ नौकरी और कैरियर प्रदान करती है, बल्कि रोमांच, देशभक्ति के जीवन से दो चार होने के मौक भी देती है। युवा ऊर्जा से उबलते नौजवानों के लिये सेना जिंदगी के रोमांचकारी अनुभव को सच बनाने और देश रक्षा में कुछ कर गुजरने का अवसर देता है। यूं तो भारतीय सेना के तीन अंग है। वायुसेना, थलसेना और जलसेना, तीनों ही सेनाओं का महत्व कमोवेश बराबर ही है। किसी भी अंग को कमतर नहीं आंक सकते। बहादुरी के अद्भुत जज्बात और युद्ध के अत्याधुनिक विशाल संसाधनों के साथ विश्व में भारत की सेना अद्वितीय स्थान रखती है। विश्व विख्यात युद्ध पोत "विराट", "विकांत" ने भारतीय नौसेना का इतिहास स्वर्णाक्षरों में अंकित होते अपने सामने ही देखा है।

भारतीय नौसेना का इतिहास स्वतंत्रता प्राप्ति से भी पुराना है। भारतीय नौसेना ने 1946 ई. में अपनी नौसैनिक शक्ति पर इतराने वाले ब्रिटेन को भी एक समय नाकों चने चबवा दिये थे। बात उस समय की है जब अंग्रेजों ने आजाद हिंद फौज के सैनिक एवं अधिकारियों को बंदी बना लिया था, और अंग्रेजों ने फौज के सैनिकों पर देश द्रोह का आरोप लगाया, क्योंकि उन्होंने ब्रिटिश भारतीय सेना के प्रति ली गई स्वामी भक्ति की शपथ भंग की थी। इस मुकदमे की सुनवाई दिल्ली के लाल किले के सैनिक छावनी में स्थित न्यायालय में हुई। भारत की राजनीति में आजाद हिंद फौज के अफसरों पर मुकदमा एक सनसनी खेज घटना थी। इसे सुनकर भारतीय जनता अत्यंत उत्तेजित हो गई। लाल किले में स्थित सैनिक न्यायालय ने तीन अभियुक्तों ढील्लन, सहगल, शाहनवाज को मृत्युदण्ड की सजा दी। तब रॉयल इंडियन नेवी के नाविकों ने एक कड़वे घुंट की तरह इसे पी तो लिया, लेकिन वे उसे किसी भी तरह पचा नहीं पाये थे। अपने राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिये संकल्प ले चुके थे। प्रायः अधिकारियों के द्वारा होने वाले अपमान तथा अपने प्रति अन्याय, भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण उनमें प्रतिरोध और कुछ कर गुजरने की आग भीतर ही भीतर सुलग रही थी। इसी दौरान फरवरी 1946 के तीसरे सप्ताह में मुंबई में भारतीय नौ सेना के विद्रोह के रूप में भड़क उठी।

वैसे भी अंग्रेज अधिकारियों से भारतीय नौसेना के सैनिकों को बहुत सारी शिकायतें थीं ,जिनकी अभिव्यक्ति इस विद्रोह के रूप में हुई। सबसे पहले बंबई डाक पर आल इंडियन नेवी के भारतीय सैनिकों ने अंग्रेजों के दुर्व्यवहार एवं भेदभाव पूर्ण रवैए के विरोध में अपना राशन लेने और परेड पर जाने से इंकार कर दिया। लगभग 3000 नौसैनिक विद्रोह पर उतर आये और अपने यूरोपियन अधिकारियों पर हमला करने लगे। नौ सैनिक गाड़ियों को जलाने लगे और 19 फरवरी को शहर में आकर उन्होंने भीड़भाड़ वाले फाउंटन इलाके को अपने अधिकार में ले लिया। नौसैनिकों का अनुसरण करते हुए ही मद्रास तथा कलकत्ता के नौसैनिक प्रतिष्ठानों में भी विद्रोह का झंडा बुलंद हो गया। विद्रोही नौसैनिकों ने जहाजों को अपने कब्जे में लेकर उन पर तो काबू पा लिया तथा आने वाली स्थिति का मुकाबला करने के लिये तैयार हो गये। फ्लैगशिप नर्मदा साहन बंबई डाक के बीस जहाजों को विद्रोही नौसैनिको ने अपने अधिकार में कर लिया।

तथा इसके अतिरिक्त कंसल बैरक में तोपखाने तथा अधिकांश अस्त्रों को कब्जे मे कर लिया। बंबई और करांची की हडताल अगले दिन अन्य नौसैनिक केन्द्रों कलकत्ता तथा मद्रास में भी फैल गई। सरकार परेशान हो उठीं। प्रारंभ में अंग्रेज अधिकारी नौसैनिकों के विद्रोह से चिंतित नहीं हुए। बल्कि उन्हें यह विश्वास था कि वह बलपूर्वक इस विद्रोह को दबा देंगे। आप जानते हैं कि अंग्रेज सरकार के पास कितनी शक्ति है। और वह शक्ति का प्रयोग करने में जरा भी नहीं हिचकेगी। चाहे उसकी नौसेना बर्बाद ही क्यों ना हो जाए। 22 फरवरी तक विद्रोही नौ सैनिकों ने मुंबई बंदरगाह में स्थित ब्रिटिश एडमिरल के फ्लैगशिप के साथ ही लगभग सभी जहाजों को भी अपने अधिकार में ले लिया। अब तक मुंबई का यह विद्रोह लगभग पूरी तरह रॉयल इंडियन नेवी को अपनी चपेट में ले लिया था। अब यह मुंबई, कराची, कलकत्ता, मद्रास, कोचिंन, विशाखापट्टनम तथा अंडमान में सभी नौसैनिक प्रतिष्ठान में विद्रोह की घोषणा कर चुके थे। इसी बीच कांग्रेस के वामपंथी लोगों ने नौसैनिक विद्रोहियों के समर्थन में एक आम हड़ताल का आह्वान किया ।जो सारे मुंबई में पूर्ण हड़ताल के रूप में फैल गया। और जगह-जगह दंगे भी शुरू हो गए। मद्रास और कलकत्ता में भी कुछ स्थानों पर दंगे हुए। नौसेना विद्रोहियों की सहानुभूति में आसफ अली ने केंद्रीय असेंबली में 23 फरवरी को बोलते हुए कहा-" अंग्रेज अधिकारी इन नौसैनिकों के लिए जो भी भाषा का प्रयोग करते हैं ,मुझे उसको दोहराते हुए भी लज्जा आती है। यदि यही व्यवहार किन्हीं दूसरे व्यक्तियों के साथ किया जाए तो प्रारंभ में मुमकिन है कि वे नौसैनिकों की अपेक्षा कहीं ज्यादा हिंसात्मक रूप अपनाएंगे। नौसैनिकों की शिकायतों को कहीं और जगह निश्चित रूप से सहानुभूति पूर्वक सुना जाता। मैं मानता हूं कि सैनिकों को राजनीति से दूर रहना चाहिए। लेकिन दूसरी तरफ उनकी मूलभूत शिकायतों को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के सोशलिस्ट सदस्य मीनू मसानी ने भी अंग्रेज सरकार को चेतावनी देते हुए घोषणा की हम अंग्रेजों के भारत के ऊपर शासन करने के नैतिक अधिकार को स्वीकार नहीं करते। उनका कानून मानने को हम बाध्य नहीं हैं, क्योंकि हमने उनको कभी भी स्वीकार नहीं किया है। इसलिए जब कभी भी अपने सैनिक या नागरिक कानून को तोड़ा जाता है तो हम में से हर व्यक्ति की सहानुभूति विद्रोहियों के साथ हो जाती है। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू , सरदार पटेल मोहम्मद अली जिन्ना, मौलाना आजाद तथा दूसरे सभी राष्ट्रीय नेता स्थिति पर नजर रखे हुए थे। लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अपने को इस विद्रोह से दूर रखा था। क्योंकि वह ऐसा कोई भी कदम उठाना नहीं चाहते थे, जिससे स्थिति के बिगड़ने की संभावना बढ़ जाती। वह सभी सरकार के साथ भी संपर्क बनाए हुए थे, और बातचीत से कोई हल निकालने का प्रयास कर रहे थे। अंग्रेजी सरकार भी समझौता न करके भयानक युद्ध एवं परिणामों की धमकी पर धमकी दिए जा रही थी। और तो और उसके विध्वंसक युद्धपोत भी इसलिए मुंबई की ओर रवाना हो गए। "पर धन्य है भारत के वीर सपूतों वीर सैनिकों की जो उनके सामने झुके नहीं" अंत तक डटे रहे ! अंतत सरकार को ही इन नौ सैनिकों के आगे हार माननी पड़ी।



**– सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

# बहुत अच्छा है विदेशों में खालिस्तान समर्थकों का विरोध

**दैनिक समाज जागरण**

विदेशों विशेषकर अमेरिका और कनाडा से आई खबरें बहुत ही अच्छी हैं। भविष्य को लेकर आशा जगाने वाली खबरें हैं। खबर हैं कि कनाडा में भारतीय राजदूत के विरूद्ध प्रदर्शन करने वालों का वहां मौजूद भारतीयों ने जमकर विरोध किया। परिणाम स्वरूप प्रदर्शनकारियों को खालिस्तान के झंडे छोडकर भागना पडा। अमेरिका में खालिस्तान समर्थकों ने अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ बदतमीजी की कोशिश नाकाम रही। संधू को अमेरिका में बसे सिखों ने न केवल सम्मानित किया बल्कि उनकी बातों को भी ध्यान से सुना। माना जा रहा है कि गुरपतवंत सिंह पन्नू के इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया है ।एक बात और भारत ने देश की गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपत्तियों को हाल ही में जब्त किया है। यह कार्य तो बहुत पहले करना चाहिए था।

गुरपतवंत सिंह पन्नू के खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस की अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ धक्कामुक्की करने की चाल फेल हो गई। खालिस्ताानियों ने गुरुपर्व पर अमेरिका के न्यूयार्क शहर में स्थि त गुरुद्वारे में भारतीय राजदूत के साथ धक्को मुक्की की कोशिश की लेकिन उनकी यह चाल वहां मौजूद सिखों ने फेल कर दी। यही नहीं इन सिखों ने भारतीय राजदूत को सम्मानित भी किया। गुरुद्वारे के अंदर ही संधू का सिख समुदाय के लोगों ने जोरदार स्वागत किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय राजदूत ने अफगानिस्तायन से सुरक्षित तरीके से सिखों को निकालने का जिक्र किया और कहा कि सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है।

कनाडा के सरे शहर में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाहर खालिस्तानियों ने श्रद्धालुओं को परेशान किया । जमकर बवाल मचाया। वहां कनाडा में भारत के राजदूत गए हुए थे। जब हिंदू खालिस्तान समर्थकों का विरोध करने आगे आए तो वो लोग भाग गए ।यह घटना 26 नवम्बर की है ।खालिस्तानियों के हंगामे और श्रद्धालुओं को परेशान करने की खबर पर हिंदू मंदिर के बाहर इकट्ठा हो गए और खालिस्तानियों का विरोध किया। हिंदुओं ने हाथों में भगवा झंडे ले रखे थे। इन लोगों ने यहाँ साथ में तिरंगा भी लहराया और देशभक्ति वाले गीत चलाए ।खालिस्तानियों की बेइज्जती करने के लिए भीड़ ने नारे भी लगाए। इसी घटना के वायरल वीडियो में खालिस्तानियों को गालियाँ भी पड़ती दिख रही हैं। एक वीडियो में भीड़ खालिस्तानियों के खिलाफ उल्टे झसीधे नारे भी लगा रही है ।अपना विरोध होते देश ये एक डेढ़ दर्जन के आसपास खालिस्तान समर्थक अपने झंडे छोड़कर गायब हो गए ।इन अतिवादियों का आरोप है कि कनाडा के हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारत ने कराई।

खालिस्तान समर्थकों का जो अमेरिका और कनाडा में जो विरोध अब हुआ, वह तो बहुत पहले होना चाहिए था। शुरूआत में ही विरोध होने लगता तो वे ऐसा करने के हौंसले नही कर पाते। लंदन में भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना के विरोध नई दिल्ली में सिखों का प्रदर्शन हुआ था। बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया।

इसी तरह का विरोध उन देशों में भी होना चाहिए था , जहां कुछ खालिस्तानी खुराफात कर रहे हैं। अमेरिका गुरूद्वारे में सिख समाज ने इन खालिस्तानी का विरोध किया। ऐसा ही अन्य जगह भी सिख समाज को करना चाहिए था। उनकी चुप्पी इशारा करती है कि वह खालिस्तान के समर्थन में हैं , जबकि ऐसा है नहीं। कुछ ही सिरफिरे इस तरह की हरकत कर रहे हैं।1980 के आसपास भी ऐसी ही गलती हुई थी। पंजाब में बढ़ते खालिस्तानी आंदोलन का विरोध नही हुआ था। स्वर्ण मंदिर में भिंडरावाले के बसने का गुरूद्वारा प्रबंध समिति और सिख समाज को विरोध करना चाहिए था। उस समय की उनकी चुप्पी सेना को आपरेशन तक पहुंच गई।

कनाडा और अमेरिका में हाल में खालिस्तान समर्थकों की छोटी मोटी कार्रवाई उनकी हताशा बताती है ।भारत में कुछ कर पाने में असमर्थ विदेशों में बसे चंद अतिवादी झल्लाएं है। वे यह बताना चाहते हैं कि खालिस्तान का मुद्दा मरा नही। जबकि सच्चाई अब सब समझ रहे हैं । उधर कनाडा भारत पर लगाए अपने आरोप पर घिरता जा रहा है ।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडोने आरोप लगाया था कि कनाडा नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के राजनयिक का हाथ है। हरदीप सिंह निज्जर भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी है। इस आरोप पर तनातनी बढ़ने के बाद भारत ने कई बार कनाड़ा से इस हत्या के सुबूत मांगे किंतु कनाडा ऐसा नही कर सका ।आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में भारत सरकार नें कनाडा की सुरक्षा एजेंसियों और एनएसए के अन्य अधिकारियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया था, लेकिन जब भारत अपने अधिकारियों को कनाडा भेजने का निर्णय किया तब उसने भारतीय टीमों को वीजा देने से इनकार कर दिया गया।

दरअसल, भारत सरकार यह पता करने के लिए एक टीम को कनाडा भेजना चाह रही थी कि निज्जर की हत्या पर भारत के खिलाफ कनाडाई लोगों की क्या राय है? भारतीय सरकार का कहना है कि कनाडा को हमारी टीमों को आने की अनुमति देनी चाहिए और दिखाना चाहिए कि उनके पास हमारे खिलाफ क्या सबूत है, लेकिन वे हमारे कई बार के अनुरोधों के बावजूद वीजा जारी नहीं किया।

भारत के एनएसए डोभाल और उनके कनाडाई समकक्ष ने आतंकवाद मुद्दे पर चर्चा की। डोभाल ने कनाडा में बैठे उपद्रवियों और आतंकवादियों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी। डोभाल ने अपने समकक्ष को भारत के विभिन्न एजेंसियों और राज्य के पुलिस के वांटेडों की सूची और एलआर की भी सूची दी थी।

एसए डोभाल ने बताया कि, ह्यभारत समय-समय पर कनाडा के साथ समय-समय पर खुफिया जानकारी साझा की और वांटेडों के ठिकानों की जानकारी भी उपलब्ध कराई.ह्न उधर कनाडा के एनएसए ने भारत पर आतंकी निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था, हालांकि डोभाल ने कहा कि अगर उसके हत्या में भारत का हाथ है तो एफआईआर या कोई स्पष्ट सबूत जारी करे ।उमेश डोभाल ने कहा कि अगर हमारे तरफ से कोई दोषी निकला तो कड़ी कार्रवाई करेंगे, लेकिन कनाडाई कभी कोई सबूत पेश नहीं कर सके. भारत ने कहा कि कैनेडियन ये सब सिर्फ फेक नैरेटिव क्रिएट करने के लिए कर रहे हैं ।कनाडा कभी भी आतंकी मामलों में जांच में कभी सहयोग क्यों नहीं किया, जहां कनाडा से हमले हुए थे. बताया जा रहा है कि वीडियो और ऑडियो सबूत जानने के बावजूद एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई ।कनाडा की धरती से आए दिन हिंदुओं को धमकियां मिलती रहती हैं, लेकिन वे पुन्नू को गिरफ्तार नहीं करते..ऐसा क्यों? भारत ने ये भी कहा कि निज्जर की मौत गैंगवार में हुई थी, जो कनाडा में इन आतंकवादी समूहों को पनाह देने का ही परिणाम है।

कनाडा सा ही मामला अमेरिका का है । अमेरिका ने सार्वजनिक रूप से न कह भारत के उच्चाधिकारियों से कहा कि उनके नागरिक की एक भारतीय द्वारा हत्या की कोशिश की गई ।भारत और अमेरिका इस मामले की मिलकर जांच कर रहे हैं। अमेरिका ने शोर मचाकर भारत से संबंध खराब करने नही चाहे। उसे भारत को अपने हथियार बेचने हैं। वह भारत की जरूरत महसूस करता है।

एक बात और आज भारत कमजोर नही है। अमेरिका हो या ब्रिटेन या फ्रांस सभी को भारत की जरूरत है। भारत इनसे खुलकर कहे कि भारत के आतंकवादी पालकर भारत से मित्रता नही चलेगी। मित्रता करनी है तो रूस की तरह साफ और सीधी होनी चाहिए। आपके देश में कोई भारत विरोधी बसता है तो उसे भारत को सौंपना होगा।



**अशोक मधुप**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# शिक्षा से संस्कार, संस्कृति और साक्षरता से जागरूकता लाने के प्रयास के महीन अंतर की गहन मीमांसा।

**दैनिक समाज जागरण**

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा' शिक्षा जीवन के महत्व, संस्कार की संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं' शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है' जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है' साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है' साक्षरता सदैव रोजगार मूलक पहलुओं से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है' शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है' ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है' सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है ।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है' ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए' शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है ।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है' वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है' महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है' परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है' पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है' पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है' ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है' अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फजीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर,छत्तीसगढ़**

# सामाजिक व धार्मिक उद्वेलन का कारण भारतीय राजनीति का गिरता स्तर

आज भारतीय राजनीति का स्तर समाज को किस तरह से उद्वेलित कर रहा है और सामाजिक व धार्मिक तानाबाना उलझता जा रहा है, सत्ता लोलुपता के कारण इसका कोई समाधान निकट भविष्य में नहीं दिखाई दे रहा है। महात्मा बुद्ध को श्री हरि विष्णु का अवतार माना जाता है जिनका जन्म इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय सम्राट शुद्धोधन के यहाँ 563 ईसा पूर्व हुआ था और निर्वाण 483 ईसा पूर्व में हुआ था। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। उन्होंने अपना परिवार त्याग कर राज सत्ता भी छोड़ दी थी और ज्ञान प्राप्ति के उद्देश्य से कई वर्षों तक बृहद साधना की थी और ज्ञान प्राप्ति के उपरांत महात्मा गौतम बुद्ध कहलाये ।उनके निर्वाण के उपरांत उनके अनुनाईयों ने बौद्ध धर्म का बृहद प्रचार किया। सम्राट अशोक (जो स्वयं अशोक महान कहलाये) ने विश्व के तमाम देशों में अपने प्रचारकों को यहाँ तक कि अपने पुत्र व पुत्री को बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार का उत्तरदायित्व दिया था और इस प्रकार बौद्ध धर्म कई एशियाई देशों में फैला। आज भी बौद्ध धर्म के मानने वाले न केवल भारत में, एशिया में बल्कि विश्व भर में फैले हुए हैं। महात्मा बुद्ध के निर्वाण के उपरान्त लगभग 2400 साल बाद सन् 1869 में मोहनदास कर्मचन्द्र गाँधी का जन्म भारत के गुजरात प्रांत के कठियावाड़ ज़िले के पोरबंदर में हुआ। प्रतिभावान व्यक्तित्व के धनी मोहनदास कर्मचन्द्र गाँधी आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पूरा विश्व उन्हें महात्मा गाँधी के नाम से जानता है और मानता है। यहाँ इन दोनों महात्माओं का उल्लेख करना इसलिए आवश्यक हो गया है कि आज भारतीय राजनीतिक विद्रूप की वजह से इन दोनों के बीच तुलना की जाने लगी है जो कतई उचित नहीं है बल्कि अवाँछनीय भी है। महात्मा बुद्ध जहाँ श्री हरि विष्णु के अवतार माने जाते हैं वहीं महात्मा गाँधी विष्णु अवतार श्रीराम और श्री कृष्ण के अनन्य भक्त थे। जन्म से महात्मा बुद्ध क्षत्रिय राजवंशी राजपूत थे वहीं महात्मा गाँधी वैश्य वंश की संतान थे। परंतु दोनों ही ने हिंदू धर्म में ही जन्म लिया था। राजनीतिक स्वरूप तो इतना विद्रूप हो चुका है कि महात्मा गाँधी की तुलना महात्मा बुद्ध से की जाने लगी और महात्मा बुद्ध की तुलना श्रीराम व श्रीकृष्ण से की जाने लगी है। इतना ही नहीं बौद्ध धर्म की तुलना हिंदू सनातन धर्म से भी की जा रही है बल्कि इससे भी अधिक सनातन धर्म की आलोचना भी की जाने लगी है। भारतीय राजनीति में मुगलों और अंग्रेजों का शासन हजारों साल रहा। अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध और अन्य सभी धर्मों के भारतीयों ने लड़ी। 1857 के संग्राम में झाँसी की रानी से प्रारंभ यह संग्राम तात्या टोपे, मंगल पाण्डे, टीपू सुल्तान, बहादुर शाह जफर और चाँद बीबी से लेकर 1947 तक जारी रहा। देश आजाद हुआ। आजादी की लड़ाई में हर भारतीय का योगदान रहा है। चाहे महात्मा गाँधी हों, लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक, बिपिनचन्द्र पाल हों या अन्य क्रांतिकारी पंडित मोतीलाल नेहरू, सरदार भगत सिंह, राजगुरु, राम प्रसाद बिस्मिल, चन्द्र शेखर आजाद या फिर डा० राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहर लाल नेहरू, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना आजाद, मुहम्मद अली जिन्ना, अल्लामा इकबाल, लियाकत अली खान, अब्दुर रब निशतर, हुसेन शहीद सुहरावर्दी, एके फजलुल हक, बेगम जहां आरा शाहनवाज आदि हजारों क्रांतिकारी इस स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल थे ।इन सबका उल्लेख उतना आवश्यक नहीं है जितना कि इन सबके बीच आज तुलना की जा रही है। महात्मा गाँधी की तुलना कहीं महात्मा बुद्ध से, कहीं बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर से, अंबेडकर की तुलना पंडित जवाहर लाल नेहरू से और नेहरू की तुलना सरदार पटेल या सुभाष चंद्र बोस से ! यह सर्व विदित है कि ये सभी महा पुरुष थे क्रांतिकारी थे और आजादी के लिये अंग्रेजी शासन सत्ता से बेखौफ अपने अपने तरीके से लोहा लेते रहे, लेकिन एक दूसरे की राय से और एक दूसरे के सहयोग से, समर्थन से। भले ही आपसी मतभेद रहे हों उन सबके बीच परंतु उन सबके लिए भारत राष्ट्र की एकता सर्वोपरि थी।इसी एकता की वजह से देश आजाद हुआ। आज वर्तमान राजनीति में न केवल घोर मतभेद हैं बल्कि घातक मनभेद भी हैं। राजनीतिक सत्ता लोलुपता धर्म को धर्म से, जाति को जाति से भाषा को भाषा से, क्षेत्र को क्षेत्र से नीचा दिखाने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ती, बल्कि यह कहना अनुचित नहीं होगा कि आज हम पीछे के उस विगत संक्रमण काल में लौट रहे हैं जहाँ एक राजा दूसरे राजा से राज्य छीनने के लिये लालायित रहता था, यहाँ तक कि विदेशी आतताईयों से मिल जाते थे और उनके समर्थन/ सहयोग से राज्य छीन कर विदेशियों को देने में भी नहीं हिचकते थे जिसके फलस्वरूप पहले देश मुगलों का और फिर अंग्रेजों का गुलाम हुआ। प्रजातंत्र की सत्ता किसी एक दल, एक व्यक्ति की, एक परिवार की नहीं होती है। भारत में भी इस तन्त्र का एक विस्तृत लिखित संविधान है, विस्तृत कानून है। लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका हैं। चौथा स्तंभ निष्पक्ष पत्रकारिता भी देश में मजबूत खड़ी है। फिर भी देश में जो वातावरण देश की राजनीतिक कुरूपता की वजह से बन चुका है उसकी वजह से न केवल समाज बल्कि धर्म पर भी उद्वेलन अतिरेक पैदा हो चुका है। इस उद्वेलन अतिरेक को नियंत्रित करने की महती आवश्यकता है और यह नियंत्रण भारतीय लोकतंत्र के चारों स्तंभों को समन्वय बनाकर करना पड़ेगा और यह ध्यान रखना होगा कि इसमें विलंब न किया जाये ताकि परिस्थितियाँ सदियों पहले की गुलामी जैसी उत्पन्न न होने पाये। जय हिन्द, जय भारत, बंदे मातरम्।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र 'आदित्य'**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# भारतीय संस्कृति और परंपरा के पक्षधर थे भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसादः सीएम योगी

**– सीएम योगी ने भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया**

**– सीएम बोले, देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने आजादी के आंदोलन को पग-पग अपना नेतृत्व दिया**



लखनऊ, 3 दिसंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। सीएम योगी ने उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेयर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता अविनाश त्रिवेदी, महेंद्र नाथ सिंह आदि मौजूद थे।

**स्वतंत्र भारत की व्यवस्था के सूत्रधार हैं डॉ. राजेंद्र प्रसाद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी के आंदोलन में एक अनुयायी के रूप में शामिल हुए और पूरे आंदोलन को पग-पग पर अपना नेतृत्व प्रदान किया। वहीं स्वतंत्र भारत के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में ही संविधान का निर्माण किया गया। वह देश की आजादी की लड़ाई के अग्रिम योद्धा के साथ स्वतंत्र भारत की व्यवस्था के भी सूत्रधार थे। उनके इन कार्यों के चलते वे आज भी स्मरणीय हैं। उन्होंने तत्कालीन सरकार के विरोध के बावजूद सोमनाथ मंदिर के पनुरोद्धार कार्यक्रम में भाग लिया। इतना ही नहीं प्रयागराज और कुंभ उनके हृदय में बसता था। वह भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन में अंगीकार करते हुए आजीवन उन संकल्पों के साथ आगे बढ़े।

# पूर्वी यूपी में शिक्षा व्यवस्था का प्रकाश स्तम्भ है महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद

## शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में की थी परिषद की स्थापना

**प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हुआ परिषद का विस्तार**

**गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना भी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका**

गोरखपुर, 3 दिसंबर। गोरखपुर जनपद पूर्वी उत्तर, पश्चिमी बिहार तथा नेपाल की तराई तक करीब पांच करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा का एक बड़ा केंद्र है। एजुकेशन हब या नॉलेज सिटी के रूप में विकसित हो रहे गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद बीते नौ दशक से प्रकाश स्तम्भ की भूमिका में है। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों ने इस स्तम्भ से प्रकाश पुंज का फैलाव निरंतर विस्तारित किया है। महाराणा प्रताप परिषद का प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हो चुका विस्तार इसकी शैक्षिक सेवा यात्रा का साक्षी है।

गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नींव रखी थी। उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ और तदनुक्रम में वर्तमान पीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में परिषद के जरिये शैक्षिक सेवाओं को लगातार ऊंचाई मिलती रही है। इस परिषद का 91वां स्थापना वर्ष है और गोरक्षपीठ का यह शैक्षिक प्रकल्प स्थापना के प्रथम वर्ष से ही ज्ञान की मशाल को अहर्निश प्रज्ज्वलित किए हुए है। महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय खुद महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का विस्तृत पड़ाव है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस अंचल में स्थापित पहला विश्वविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना भी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ द्वारा 1932 में बक्शीपुर में किराए के मकान में स्कूल खोलने के साथ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की यात्रा प्रारंभ हुई। 1935 में जूनियर हाईस्कूल की मान्यता मिली और 1936 से हाईस्कूल तक की भी पढ़ाई शुरू हो गई। इस बीच महंत दिग्विजयनाथ के प्रयास से सिविल लाइंस में जमीन मिल गई और यह हाईस्कूल यहां शिफ्ट हो गया। महाराणा प्रताप के नाम शुरू हुआ शैक्षिक जागरण का प्रकल्प इंटर कॉलेज होते हुए 1949-50 तक डिग्री कॉलेज तक पहुंचा। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध इस संस्था के संस्थापक ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना का भी श्रेय जाता है जिन्होंने 1958 में अपने द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पित कर दिया। उनके बाद उनके शिष्य तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ ने इस शिक्षा परिषद के जरिये ज्ञान के प्रसार का क्रम आगे बढ़ाया। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का प्रबंधकीय दायित्व संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने इसके ज्ञानदायी कार्यक्षेत्र को कई आयामों से विस्तार दिया है। वर्तमान में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा, अंग्रेजी, संस्कृत, तकनीकी शिक्षा (पॉलीटेक्निक), पैरामेडिकल (नर्सिंग) के दर्जनों संस्थान संचालित हैं। परिषद द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों का कार्यक्षेत्र गोरखपुर के अलावा महराजगंज, देवीपाटन और वाराणसी तक है।

**संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार को**

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार, 4 दिसंबर को सुबह शोभायात्रा के साथ होगा। उद्घाटन अवसर पर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री एवं पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल (डॉ) वीके सिंह होंगे।

## जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 05 दिसंबर से 20 दिसंबर 2023 तक किया जाएगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण।

# उक्त अवधि में अंत्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास के सापेक्ष 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से 3 किग्रा0 चीनी का किया जाएगा वितरण।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि माह दिसंबर, 2023 के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित आवश्यक वस्तुओं यथा गेहूं, चावल का वितरण 05 दिसंबर से 20 दिसंबर 2023 के मध्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा। प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल विक्रेता द्वारा निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उक्त अवधि में अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर 2023 के सापेक्ष 3 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से 54 में वितरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा चीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा जनपद गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकेंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उपलब्धता की सीमा तक आच्छादित अंत्योदय लाभार्थियों को प्रत्येक अंत्योदय कार्ड पर 14 किग्रा0 गेहूं, 21 किग्रा चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों से संबद्ध प्रत्येक यूनिट पर 2 किग्रा0 गेहूं, 3 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं, चावल निःशुल्क वितरण तथा अंत्योदय कार्डधारकों में सशुल्क चीनी के वितरण की अंतिम तिथि 20.12.2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण संपन्न किया जा सकेगा एवं विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारक को उक्त पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। विक्रेता द्वारा प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहे। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि उन्हें आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण के लिए अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉलसेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है।


# आवश्यकता है

**देश में तेजी से फैलते हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार को भोजपुर (आरा),बक्सर व कैमूर जिले में व्यूरो प्रमुख, विज्ञापन प्रतिनिधि, प्रखंड रिपोर्टर व क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।**


# दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया हैः सीएम योगी

## दिव्यांगजनों की पेंशन को 300 से बढ़ाकर हमने 1000 रुपए कियाः सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम को संबोधित किया**

**सीएम योगी ने कहा- सामान्य नागरिक तुलना में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहता है**

**बोले सीएम- उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां दिव्यांगजनों के लिए संचालित हैं दो विश्वविद्यालय**



**3 दिसंबर, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। ऋषि अष्टावक्र, मध्यकालीन संत सुकरात, वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य इसके उदाहरण हैं। चीन में संपन्न हुए पैरा एशियाई खेलों को ही देखें तो हमारे पैरा खिलाड़ियों ने 111 मेडल जीते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिक तुलना में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनियाभर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने के लिए उन्हें विकलांग की जगह एक नया शब्द दिव्यांग दिया।

सीएम योगी ने रविवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम आयोजित विश्व दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम देश में लागू किया था। उसी कड़ी में राज्य सरकार के द्वारा भी इस अधिनियम को पूर्ण रूप से अंगीकार किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने दिव्यांगजन कल्याण से जुड़ी हुई योजनाओं की धनराशि में वृद्धि की है। पहले दिव्यांगजनों को 300 रुपए प्रतिमाह पेंशन की सुविधा मिलती है। वर्तमान में इसे बढ़ाकर हमने 1000 रुपए मासिक कर दिया है। आज प्रदेश के लगभग 10 लाख दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 2016-17 के बजट में प्रदेश के दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए मात्र 312 करोड़ रुपए का प्रावधान था। वर्तमान में हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1120 करोड़ रुपए कर दिया है। कुष्ठ रोग से जो ग्रसित दिव्यांगजनों को पहले ढाई हजार रुपए की पेंशन मिलती थी। इसे बढ़ाकर हमने तीन हजार रुपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में प्रदेश के अंदर कुल 305000 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण वितरण की कार्रवाई को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया है। साथ ही प्रदेश की सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों में 8000 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष 40 करोड रुपए परिवहन विभाग को दे रही है। साथ ही 4342 दिव्यांगजनों को शादी प्रोत्साहन की राशि उपलब्ध करवाई गई है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के अंदर दिव्यांगजनों की चिकित्सा अनुदान राशि को अब 10000 रुपए कर दिया गया है। हमारी सरकार कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के तहत 6 लाख रुपए तक की धनराशि उपलब्ध करवा रही है। 2023-24 के बजट में इसके लिए 60 करोड़ 48 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक दिव्यांगजन के लिए पूरे प्रदेश में पहले मेरठ, बरेली और गोरखपुर को मिलाकर कुल तीन राजकीय आश्रय गृह थे। वर्तमान में हमारी सरकार ने 6 नवीन केंद्रों की स्थापना की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। सीएम योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के संचालन के साथ ही साथ प्रभु श्री राम की पावन तपो भूमि चित्रकूट में भी जगतगुरु दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां दिव्यांगजनों के लिए दो विश्वविद्यालय संचालित हैं।

**राज्य स्तरीय पुरस्कार का किया वितरण**

कार्यक्रम में सीएम योगी ने सामाजिक संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं, नियोक्ताओं, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इसके अलावा सीएम योगी ने कार्यक्रम में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण भी वितरित किए। साथ ही उन्होंने विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर केपी सिंह, अध्यापक, छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।


# पूर्वी यूपी में शिक्षा व्यवस्था का प्रकाश स्तम्भ है महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद

## शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में की थी परिषद की स्थापना

**प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हुआ परिषद का विस्तार**

**गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना भी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका**

गोरखपुर, 3 दिसंबर। गोरखपुर जनपद पूर्वी उत्तर, पश्चिमी बिहार तथा नेपाल की तराई तक करीब पांच करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा का एक बड़ा केंद्र है। एजुकेशन हब या नॉलेज सिटी के रूप में विकसित हो रहे गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद बीते नौ दशक से प्रकाश स्तम्भ की भूमिका में है। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों ने इस स्तम्भ से प्रकाश पुंज का फैलाव निरंतर विस्तारित किया है। महाराणा प्रताप परिषद का प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हो चुका विस्तार इसकी शैक्षिक सेवा यात्रा का साक्षी है।

गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नींव रखी थी। उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ और तदनुक्रम में वर्तमान पीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में परिषद के जरिये शैक्षिक सेवाओं को लगातार ऊंचाई मिलती रही है। इस परिषद का 91वां स्थापना वर्ष है और गोरक्षपीठ का यह शैक्षिक प्रकल्प स्थापना के प्रथम वर्ष से ही ज्ञान की मशाल को अहर्निश प्रज्ज्वलित किए हुए है। महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय खुद महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का विस्तृत पड़ाव है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस अंचल में स्थापित पहला विश्वविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना भी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ द्वारा 1932 में बक्शीपुर में किराए के मकान में स्कूल खोलने के साथ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की यात्रा प्रारंभ हुई। 1935 में जूनियर हाईस्कूल की मान्यता मिली और 1936 से हाईस्कूल तक की भी पढ़ाई शुरू हो गई। इस बीच महंत दिग्विजयनाथ के प्रयास से सिविल लाइंस में जमीन मिल गई और यह हाईस्कूल यहां शिफ्ट हो गया। महाराणा प्रताप के नाम शुरू हुआ शैक्षिक जागरण का प्रकल्प इंटर कॉलेज होते हुए 1949-50 तक डिग्री कॉलेज तक पहुंचा। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध इस संस्था के संस्थापक ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना का भी श्रेय जाता है जिन्होंने 1958 में अपने द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पित कर दिया। उनके बाद उनके शिष्य तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ ने इस शिक्षा परिषद के जरिये ज्ञान के प्रसार का क्रम आगे बढ़ाया। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का प्रबंधकीय दायित्व संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने इसके ज्ञानदायी कार्यक्षेत्र को कई आयामों से विस्तार दिया है। वर्तमान में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा, अंग्रेजी, संस्कृत, तकनीकी शिक्षा (पॉलीटेक्निक), पैरामेडिकल (नर्सिंग) के दर्जनों संस्थान संचालित हैं। परिषद द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों का कार्यक्षेत्र गोरखपुर के अलावा महराजगंज, देवीपाटन और वाराणसी तक है।

**संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार को**

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार, 4 दिसंबर को सुबह शोभायात्रा के साथ होगा। उद्घाटन अवसर पर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री एवं पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल (डॉ) वीके सिंह होंगे।


# अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगाः मुख्यमंत्री

**सीएम योगी ने 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को दिया नियुक्ति पत्र**

**बोले- 2017 के पहले यूपी में नौकरी नहीं थी और बाहर छंटनी होती थी**

लखनऊ, 3 दिसंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वालों के लिए अवसर है, लेकिन हमें जिम्मेदारियां भी समझनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अधिकार की बात हर कोई करता है, लेकिन कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगा। जब समाज अधिकारों की बात करता है और कर्तव्यों की बात नहीं करता तो वह स्वयं को धोखा देता है। कर्तव्य किया तो बिना सिफारिश, बिना भेदभाव आपका चयन हुआ। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत राज्य में साढ़े छह वर्ष में छह लाख लोगों को नौकरी मिली। सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है। परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा चयनित 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए कहीं। सीएम ने नवचयनितों को पीएम मोदी के पंच प्रण की भी याद दिलाई।

**2017 के पहले यूपी में नौकरी नहीं थी और बाहर छंटनी होती थी**

सीएम ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं व स्वतः रोजगार के जरिए करोड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। हमारी मंशा है कि युवाओं के साथ भेदभाव न हो। जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता, वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग नहीं चाहते कि विकास की प्रक्रिया में यूपी को आगे बढ़ा सकें। 2017 के पहले जिस राज्य को अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में होना चाहिए, वह पिछड़ता गया। उस समय देश में यूपी छठवें स्थान पर था। यूपी के नौजवान यहां नौकरी नहीं पाते थे और बाहर जाने पर यूपी का होने के कारण छंटनी हो जाती थी, लेकिन आज युवा व नागरिक सम्मानजनक व्यवहार पाते हैं। अब तो पारदर्शी तरीके से नौकरी, रोजगार व स्वरोजगार भी है।

**विरासत में हमें समृद्ध जल संपदा मिली, इसके संरक्षण का दायित्व हमारा**

सीएम ने चयनित बोरिंग टेक्नीशियन से कहा कि सिर्फ ट्यूबवेल ऑन-ऑफ करना ही हमारी जिम्मेदारी नहीं है। यहां पर्याप्त जल संसाधन है। हमारे पास भूजल और सरफेस वाटर भी है तो सदानीरा नदियां भी हैं। इसने यूपी की धरा को उर्वरा भूमि के रूप में स्थापित करने में मदद की है। यूपी में 70 फीसदी सिंचाई भूजल से होती है। शेष 30 फीसदी सिंचाई के लिए नहरें आदि बिछाई हैं। 80 फीसदी आबादी को भूगर्भीय जल से पेयजल की आपूर्ति करते हैं। यूपी औद्योगिकीकरण के नए युग में प्रवेश कर रहा है। उद्योगों में 85 फीसदी भूगर्भीय जल की आपूर्ति होती है। प्रकृति व परमात्मा ने हमें अमूल्य निधि दी है। विरासत में हमें समृद्ध जल संपदा मिली, लेकिन इसके संरक्षण का दायित्व हमारा होना चाहिए। एक ओर पेयजल, सिंचाई व उद्योगों के लिए जलापूर्ति करनी है, लेकिन पानी के एक-एक बूंद का संरक्षण भी करना है।

**हर राज्य के पास यूपी जैसा सौभाग्य नहीं**

सीएम ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यूपी जैसे राज्य में वर्षा देर से आने पर भी हम खेतीबाड़ी कर लेते हैं। मॉनसून विलंब से आने पर भी धान की बिठौनी समय से प्रारंभ हो गई। अधिकांश क्षेत्रों में किसानों को संकट नहीं उठाना पड़ा। ट्यूबवेल, नहरों में पानी, बिजली आदि की सुविधा थी, लेकिन हर राज्य के पास ऐसा सौभाग्य नहीं है। आजादी के समय यूपी में छह करोड़ लोग रहते थे, लेकिन आज आबादी 25 करोड़ हो गई है। जल के संरक्षण की उचित व्यवस्था न होने से प्रदूषण की समस्या खड़ी हुई। उद्योगों की लंबी फेहरिस्त है। जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर, चेकडैम बनाने व अटल भूजल योजना के तहत अनेक कार्यक्रम भी हुए। सीएम ने आह्वान किया प्रदेश के अतिदोहित जनपदों व विकासखंडों को सामान्य के रूप में बदल सकें। क्रिटिकल को सेमीक्रिटिकल, डार्क को सामान्य जनपदों में लेकर आना है।

इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र, नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव, सचिव डॉ. बलकार सिंह आदि मौजूद रहे।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर मेधावी छात्र सम्मान समारोह सम्पन्न

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। अखिल भारतीय पाल महासभा शाखा द्वारा सहकारिता भवन बापू भवन के सामने हजरतगंज लखनऊ में देवी अहिल्याबाई होल्कर मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ,जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्रों को मुख्य अतिथि नंद कुमार पाल पार्षद चित्रगुप्त नगर वार्ड, इन्द्र मोहन पाल महासचिव अखिल भारतीय पाल महासभा ,एवं अध्यक्ष आदरणीय विजय पाल अध्यक्ष महासभा के कर्मठ सदस्य प्रेमशंकर पाल एवं सुमित पाल द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वाले छात्रों में हाईस्कूल, स्नातक, परास्नातक, एवं टेक्निकल एवं विभिन्न प्रतियोगिता



परीक्षाओं में सफलता पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में प्रियंका पाल,अथर्व पाल,अंकित पाल,शुभ पाल ,सविता पाल ,प्रतीक पाल ,गरिमा पाल,वैष्णवी पाल,सुधाकर पाल,समृद्धि पाल,आकांक्षा पाल अभिराज पाल,रजत कु मार पाल कशिश पाल,सहित बाइस मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य अतिथि,नंद कुमार पाल (पार्षद), राजकुमारी पाल, प्रेम शंकर पाल,विजय कुमार पाल,इन्द्र मोहन पाल,सुमित पाल राम आधार पाल वीरेंद्र कुमार पाल, भोला प्रसाद पाल प्रेमचंद पाल, एडवोकेट बाराबंकी सोबरन पाल पहलवान ,महेश पाल म सीलू पाल सोनिया पल वैष्णवी धनकर संगीता पाल सविता पाल हरेंद्र पाल, डॉक्टर के एम पाल बाराबंकी, रामानंद पाल बाराबंकी गरिमा पाल सुधाकर पाल ज्ञान पाल,शशी पाल सहित 150 पाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

# अंचल व शाखा सम्मेलन में की तैयारी को लेकर सीपीआई की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता, हसपुरा**



औरंगाबाद(बिहार) -- हसपुरा के कोईलवां , धुसरी , जखौरा-मलहारा , जलपुरा, डुमरा - मनपुरा , तिलौती गांव में शाखा सम्मेलन व बसस्टैंड के समीप स्व.राम शरण यादव पुस्तकालय परिसर में अंचल सम्मेलन दिसम्बर माह में होगा। जिसकी तैयारी सहित पार्टी की सदस्यता नवीकरण को लेकर आदर्शनगर स्थित सीपीआई कार्यालय में कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता का.अरुण कुमार रंजन ने किया। पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल , पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह, देवलाल यादव ने संगठनात्मक ढांचा मजबूती के लिए जनता के बीच सदस्यता अभियान चलाने, किसानों, मजदूरों, नौजवानों , छात्रों , महिलाओं का जनसंगठन खड़ा करना, पार्टी के सदस्यों को 31 जनवरी तक सदस्यता नवीनकरण कर सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा किया। अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने कहा 30 व 31 जनवरी को हसपुरा में अंचल सम्मेलन है। इसके पहले जलपुरा में 10 दिसंबर,कोईलवां में 22 दिसंबर, डुमरा - मनपुरा में 23 दिसंबर, धुसरी में 24 दिसंबर तथा जखौरा-मलहारा में 27 दिसंबर एवं तिलौती में 22 दिसंबर को शाखा सम्मेलन होगा। जिसकी तैयारी में नंदगोपाल यादव,दुग्धेश्वर पासवान, श्याम किशोर यादव,विजय कुमार, अर्जून यादव, राजकुमार सिंह,राम लखन सिंह सुशील कुमार,रामपुकार पासवान गांव के अंतिम बसावट तक प्रचार प्रसार करने में लग हुए हैं।

# बिहार के शिक्षक संगठनों पर प्रतिबंध सिर्फ शिक्षकों की मौलिक अधिकारों पर हमला नहीं, बल्कि यह लोकतंत्र की हत्या है - प्रेमचंद कुमार सिन्हा.

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार-झारखंड प्रदेश।**



औरंगाबाद (बिहार):-बिहार के शिक्षक संगठनों पर प्रतिबंध लगाना सिर्फ शिक्षकों की मौलिक अधिकारों पर ही हमला नहीं है बल्कि यह बिहार में लोकतंत्र की हत्या का घिनौना प्रयास है !"-- बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ(गोप गुट) के राज्य महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने आज यहां दानी बिगहा बस स्टैंड के पास महासंघ द्वारा आयोजित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के जिला स्तरीय कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कही । आज सुबह पटना से चलकर औरंगाबाद पहुंचें महासचिव महोदय ने कहा कि के के पाठक जैसे अनेकों पदाधिकारी आए और गए । ये भी एक दिन चले जायेंगे लेकिन बिहार के शिक्षक कर्मचारियों ने हर तानाशाही रुझान वाले सरकारों से पंजा लड़ाया है और अपने अधिकारों को हासिल किया है । उन्होंने कहा कि पेंशन हमारा अधिकार है और इसे हर हाल में हासिल कर के रहेंगे और 10 दिसंबर को पटना मे होने वाले पेंशन मानवाधिकार महारैली मे अधिक - से -अधिक संख्या में भाग लेने के लिए अपील किया ।

इस कन्वेंशन को संबोधित करते हुए NMOPS के जिला संयोजक हेमंत कुमार हिमांशु ने कहा कि राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक संगठनों पर प्रतिबंध लगाना एक तानाशाही भरा कदम है जिसकी हम कड़ी शब्दों में निन्दा करते हैं । उन्होंने सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मचारियों की सेवा के नियमितीकरण की मांग करते हुए कहा कि ठढर एक नो पेंशन स्कीम है जिसे हमारा संगठन बिल्कुल स्वीकार नहीं करता तथा पुरानी पेंशन की मांग को हर हाल में हासिल कर के रहेगा ।

आज के इस कन्वेंशन को शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष- संजय कुमार सिंह,जिला सचिव - अवधेश कुमार,कोषाध्यक्ष- प्रह्लाद प्रसाद, राज्य संघर्ष कोष पर्षद के सचिव एवं किसान सलाहकार संघ के राज्य नेता सुशील कुमार चतुवेर्दी, अक्रअ के जिला नेता योगेन्द्र राम,शिक्षक संघ के सम्मानित अध्यक्ष- कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष महफूज आरिफ,मौसमी कर्मचारी संघ के औरंगाबाद जोन के सचिव- अर्जुन प्रसाद सिंह, अध्यक्ष- देवगीर यादव,कोषाध्यक्ष - देवपूजन यादव,उपाध्यक्ष अजय कुमार,राज्याध्यक्ष-जयराम सिंह,रामजन्म यादव,सिंचाई विभाग कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष- मनीष कुमार सिंह,सिंचाई प्रमंडल दाउदनगर के सचिव अरविंद कुमार सिंह,अध्यक्ष रविन्द्र कुमार,कोषाध्यक्ष रविशंकर कुमार,इत्यादि सैकड़ों राज्यकर्मियों एवं शिक्षकों ने एक स्वर से कहा कि बिहार के शिक्षक-कर्मचारी अफसरशाही और तानाशाही से डरेंगे नहीं बल्कि महासंघ के नेतृत्व में डटकर संघर्ष करेंगे तथा अपने अधिकारों को हासिल करेंगे। इसके लिए उक्त सारे लोगों ने आगामी 10 दिसंबर 2023 को पटना में आयोजित कर्मचारियों एवं शिक्षकों की राज्य स्तरीय 'महारैली' में औरंगाबाद जिला से हजारों की संख्या में कर्मचारी शिक्षकों को पटना चलने का आह्वान किया । कन्वेंशन में मुख्यरूप से पांच प्रमुख मांगें सूत्रबद्ध की गईं :-(1)शिक्षकों के मौलिक अधिकारों पर हमला करना बंद करो तथा उनके संघों के ऊपर लगाए गए प्रतिबंध का आदेश वापस लो । (2) ठढर खत्म कर पुरानी पेंशन लागू करो (3)सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों की सेवा नियमित करो (04) शिक्षकों-कर्मचारियों पर संघीय गतिविधियों में भाग लेने के कारण किए गए स्पष्टीकरण,निलंबन,इत्यादि दमनात्मक कार्रवाइयों को अविलंब वापस लो ! (5) जिले के राज्यकर्मियों,शिक्षकों के हितों से संबंधित टअउढ प्रोन्नति,इत्यादि से संबंधित नियमों को तत्काल लागू करो।

# अद्भुत तथा अविस्मरणीय रहा शब्दाक्षर हरिद्वार साहित्योत्सव-2023- डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी.

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार- झारखंड प्रदेश।**

राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' ने हरिद्वार में "शब्दाक्षर हरिद्वार साहित्योत्सव - 2023" का भव्य आयोजन करके एक अविस्मरणीय इतिहास रच डाला है। शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने शब्दाक्षर साहित्योत्सव को अद्भुत ठहराते हुए कहा कि 25 राज्यों में और देश के 164 जिलों में साहित्यरत संस्था से जाने-माने साहित्यकारों का शब्दाक्षर के मंच पर एक साथ एकत्रित होना तथा तीन दिवस तक एकजुटता और समरसता के साथ एक स्थान पर रहकर हिन्दी भाषा के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण की भावनाओं का उदाहरण प्रस्तुत करना स्वयं में अद्भुत है। शब्दाक्षर हरिद्वार साहित्योत्सव में साहित्यकारों ने विभिन्न विधाओं में एक से बढ़कर एक स्तरीय रचनाएँ पढ़ीं। राष्ट्रीय प्रवक्ता के अनुसार, साहित्योत्सव के भव्य आयोजन का श्रेय सर्वप्रथम संस्था के दिग्दर्शक शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह को जाता है। शब्दाक्षर उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष व आयोजन प्रमुख अंतरराष्ट्रीय गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र तथा शब्दाक्षर तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष व व्यवस्था प्रमुख केवल कोठारी जी की आयोजन की सफलता में सराहनीय भूमिका रही। शब्दाक्षर के सभी राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा जिला समितियों के पदाधिकारियों को भी कार्यक्रम की सफलता का श्रेय जाता है, जिन्होंने शब्दाक्षर के साहित्यिक आमंत्रण को स्वीकार कर विभिन्न जगहों से दूरी तथा अपनी व्यस्तता की समस्याओं को दरकिनार कर कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता स्वीकार की दिनांक 25 से 27 नवंबर तक चलने वाले शब्दाक्षर हरिद्वार साहित्योत्सव के प्रथम दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, मनोज मिश्र पद्मनाभ, अजय वैद्य, सावित्री सुमन, कुसुम सोनी, अश्विनी कुमार, प्रदीप भट्ट, मनोज हिंदुस्तानी, राजकुमार प्रताप गढ़िया, रघुवर आनन्द, निशान्त सिंह गुलशन अरविंद दूबे, अश्विनी कुमार आदि ने मनसा देवी मंदिर के परिभ्रमण के दरम्यान प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य रास्ते में ही आयोजित "शब्दाक्षर काव्यगोष्ठी" में खूबसूरत रचनाएँ पढ़ीं, जिसका आनंद अनेक श्रोताओं ने उठाया। हरिद्वार काव्यगोष्ठी का संचालन कुसुम सोनी ने तथा अध्यक्षता श्री पद्मनाभ ने की। प्रथम दिन संध्या के समय डॉ बुद्धिनाथ मिश्र जी की उपस्थिति में आमंत्रित शब्दाक्षर पदाधिकारियों ने मुक्तक, गीत तथा गजलें सुना कर खूब वाहवाहियाँ लूटीं ।द्वितीय दिवस स्वागत-सह-सम्मान सत्र में रचनाकारों को संस्था द्वारा, तिलक रोहण, बैज, श्री फल, मुक्तामाला, शब्दाक्षर अंगवस्त्र,शॉल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। शब्दाक्षर गीत माला, शब्दाक्षर संवेदना के स्वर संस्था के साझा संकलन तथा शब्दाक्षर पत्रिका एवं शब्दाक्षर के रचनाकारों की पुस्तकों के लोकार्पण तथा विभिन्न शब्दाक्षर सम्मान एवं पुरस्कारों के वितरण के उपरांत शब्दाक्षर कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ जो तीन सत्रों में विभाजित था। इस दिन प्रथम, द्वितीय Show तृतीय सत्रों का संचालन क्रमशः शब्दाक्षर जिलाध्यक्ष लखनऊ संतोष कुमार तिवारी हिंदवी, महाराष्ट्र की प्रदेश अर्थमंत्री सीमा त्रिवेदी तथा शब्दाक्षर हरिद्वार जिलाध्यक्ष अमन शुक्ला शशांक ने किया तथा अध्यक्षता क्रमशः प्रदेश अध्यक्ष जम्मूकश्मीर डॉ. आदर्श प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव मदहोश एवं प्रदेश अध्यक्ष गुजरात मनोज हिंदुस्तानी ने की। साथ ही, साहित्योत्सव के तृतीय दिवस शब्दाक्षर कवि सम्मेलन छः सत्रों में संपन्न हुआ। डॉ.बुद्धिनाथ मिश्र ने अपने प्रसिद्ध गीत सुनाये तथा कुशल हिन्दी साहित्य सृजन के लिए अनेक परामर्श दिये। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि ने बतलाया कि शब्दाक्षर द्वारा बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में पधारे कोलकाता की साहित्यिक संस्था रचनाकार के संस्थापक-अध्यक्ष सुरेश चौधरी तथा 'हिंदी साहित्य परिषद' के संस्थापक-अध्यक्ष संजय शुक्ला तथा शब्दाक्षर तेलंगाना के सलाहकार अजित गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। सभी सत्रों का सीधा प्रसारण फेसबुक के शब्दाक्षर केन्द्रीय पेज से अनवरत किया गया, जिसके माध्यम से देश विदेश में बड़े पैमाने पर यह कार्यक्रम देखा गया। ज्ञातव्य हो कि शब्दाक्षर संस्था के 25 फेसबुक ग्रुप 17 फेसबुक पेज व 87 वाट्सप ग्रुप हैं, जो संस्था परिचालन के प्रमुख केन्द्र हैं.शब्दाक्षर कवि सम्मेलन में रवि प्रताप सिंह, दया शंकर मिश्र, अनामिका सिंह, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, सागर शर्मा 'आजाद, जीवन सिंह, विश्वजीत शर्मा 'सागर', अजय श्रीवास्तव मदहोश,अक्षय राज शर्मा, निशांत सिंह गुलशन, डॉ. आदर्श प्रकाश, साधना प्रकाश, पदम सिंह चौधरी, नीता श्रीवास्तव , मधु सक्सेना, मीना शर्मा, नीलिमा मिश्रा, श्यामल मजूमदार, डॉ. संजय त्रिपाठी, सुमन सुरभि, विनोद कुमार सिंह, योगेश कुमार बेखुद, सोनी शर्मा, सपना पाण्डेय, शशिकांत मिश्र शशि, संत कुमार बाजपेई संत, राजकुमार प्रतापगढिया, कृष्णा राजपुरोहित, डॉ. स्मृति कुलश्रेष्ठ, डॉ.अंबिका मोदी, वंदना चौधरी, रघुवर आनंद, आलोक तिवारी, अनुराग सैनी, श्यामनारायण चौबे, संतोष तिवारी हिन्दवी ,अनमोल भाष्कर, अंकुर सहाय अंकुर, संतोषी दीक्षित, पुष्पा जोशी 'प्राकाम्य, प्रतोष मिश्रा, सुबोध कुमार शर्मा 'शेरकोटि' ,मीरा चौबे, धर्मपाल साहिल,रशपाल देवी,सन्तोष संप्रीति, प्रवीण राही, बिट्टू जैन 'सना', सीमा त्रिवेदी, लाल बहादुर यादव 'कमल', मनोज दुबे, मनोज कुमार मिश्र 'पदनाभ', सावित्री सुमन, अजय कुमार, धनन्जय जयपुरी, अनुज बेचैन, नागेंद्र कुमार केशरी, अनिल अनल, जनार्दन मिश्र जलज, कुमार सानू मौर्य , ज्योति नारायण , प्रदीप देवीशरण भट्ट, गीता अग्रवाल, कृष्ण प्रकाश अग्रवाल, अश्वनी कुमार , प्रो. नूतन शर्मा, मनोज 'हिंदुस्तानी', कुसुम सोनी 'अग्नि', मधु पारख, बलवान सिंह 'मानव', राजीव खरे, लखन अनजान, सविता बांगड, हाकम भरद्वाज , गौरी शंकर दास, सुधीर कुमार सुमन, दत्तप्रसाद जोग, सुधा मिश्रा द्विवेदी, केवल कोठारी, लिंगम चिरंजीव राव, अमन शुक्ला 'शशांक', अरविंद दुबे, राज कुमारी थर्रान, आशा साहनी, डॉ. कल्पना कुशवाहा आदि कवि-कवयित्रियों ने सुमधुर स्वर में अपनी कविताएँ पढ़ीं। पिछले वर्ष चेन्नई साहित्योत्सव की भाँति ही हरिद्वार की यादों को भी अन्तर में बसाकर सम्पूर्ण भारत के पदाधिकारी उर सन्तुष्टि निहित कर नम आँखों से अपने-अपने घर को प्रस्थानित हुए।

# पत्रकार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**



औरंगाबाद (बिहार)ओबरा प्रखंड परिसर में रविवार को पत्रकार बब्लू कुमार के निधन पर प्रभारी अंचलाधिकारी अरूण कुमार सिंह के अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के सदस्य पुष्कर अग्रवाल तथा सेवानिवृत्त शिक्षक कमलेश कुमार विक्कल ने किया। श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के सदस्य, युवा वर्ग सहित काफी संख्या में महिला तथा पुरुष उपस्थित रहें। उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम पत्रकार बब्लू कुमार भारती के तैल चित्र पर बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद 2 मिनट की मौन रखकर मृत आत्मा की शांति की कामना की। उपस्थित लोगों ने बारी बारी से उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने बेहतर कार्य किया है वे मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वही श्रद्धांजलि सभा के दौरान हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा के संरक्षक एवं लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ॰ प्रकाश चंद्रा ने घोषणा करते हुए कहा की पत्रकार बब्लू के दो छोटे बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए वे हरसंभव तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि बब्लू ओबरा के प्रखर पत्रकार तथा समाजसेवी थे उनका असमय निधन हुआ है कम उम्र में ही उन्होंने लोकप्रियता हासिल की है। इधर ज्ञान गंगा विद्यालय के निर्देशक नंदकिशोर सिंह ने श्रद्धांजलि सभा के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि पत्रकार बब्लू के दोनों छोटे बच्चों को हर संभव जो सुविधा परिवार के द्वारा मांगा जाएगा उन्हें मुहैया कराऊंगा तथा दोनों बच्चों को ज्ञान गंगा विद्यालय में परिवार के इच्छानुसार उच्च शिक्षा मुहैया कराऊंगा। इधर लोजपा जिला अध्यक्ष सोनू सिंह ने भी घोषणा करते हुए कहा कि बब्लू के परिवार के लिए मेरे द्वारा हर संभव मदद मूहैया कराई जाएगी साथ ही लोजपा परिवार भी इसके लिए निर्णय लेगा। सबों ने एक ध्वनि से कहा कि हर संभव बब्लू कुमार के परिजनों को सुविधा के लिए हम सभी तत्पर हैं। इधर कार्यक्रम का आयोजन सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के द्वारा की गई थी। इस मौके पर मुखिया मुन्ना सिंह, भाजपा नेता विभूति नारायण सिंह, शिक्षक अशोक शर्मा, लाल बाबू, कुमुद रंजन, कुमार राजेश, मुनारिक राम, नौलेश मिश्रा, मनोज पासवान, ललन चंद्रवंशी, सहजानंद कुमार, चंदन सिंह, मुकेश शर्मा, विजय कुमार निराला, विजेंद्र पासवान, प्रखंड प्रमुख अनुज राम, गुड्डू सिंह, मुकेश कुमार, विकास कुमार, आनंद विश्वकर्मा, मृतक के बड़े भाई शिक्षक मनोज कुमार के अलावे बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।

# देश रत्न,भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 139 वीं जयंती मनाई गई - विजय कुमार मिट्ठू.

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार- झारखंड प्रदेश।**



गया (बिहार) :- महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान अधिवक्ता, देश रत्न, भारतरत्न, देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 139 वीं जयंती गया के स्थानीय चौक स्थित राजेंद्र टावर में स्थित राजेंद्र बाबू की प्रतिमा के समक्ष मनाई गई ।सर्वप्रथम इनके प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रद्युम्न दुबे, बबलू राम, शिव कुमार चौरसिया, कपिलदेव सिंह, धर्मेंद्र कुमार निराला, श्रवण पासवान, मोहम्मद समद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार आदि ने कहा कि बिहार की मिट्टी में जन्मे, विद्वान अधिवक्ता, स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता, देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की विद्व वता के बारे में हमेशा यह चर्चा आज भी होती है कि " एक्जामि नि ई ज बेटर दै न एक्जाम नर " नेताओं ने कहा कि देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रबल सहयोगी, के साथ, साथ ये भारत के दो बार राष्ट्रपति के रूप में देश के बेहतरी के लिए आजीवन काम करते रहे ।नेताओं ने गया नगर निगम का ब्रैंड एम्बेसडर गया राजेंद्र टावर की बेहतर रख रखा ओ , इस की घड़ी लगाने तथा राजेंद्र बाबू की प्रतिमा स्तंभ को मार्बल ग्रेनाइट आदि लगाने , टूटे गेट को बदलने आदि की मांग, स्थानिय प्रशासन एवं राज्य सरकार से किया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने गया टावर चौक पर मनाया विजय उत्सव

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार- झारखंड प्रदेश।**



गया (बिहार )- तीन राज्य में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक विजय के अवसर पर भाजपा गया जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह के नेतृत्व में गया टॉवर चौक पर विजयी उत्सव मनाया गया एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू ने कहा कि तीन राज्य मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़, राजस्थान में श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के विकसित भारत का जो सपना है वो सपना तीन राज्यों के मतदाताओं ने मत देकर मोदी जी के गारंटी को स्वीकार किया पूरे भारत से लोकसभा के पूर्व कांग्रेस मुक्त का ट्रेलर हैं इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के पूर्व सारा सपना बिखर गया इंडिया गठबंधन के झूठी नारा को नकारा एवं प्रचंड बहुमत से विजयी होने पर देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी भारत के राजनीतिक चाणक्य श्री अमित शाह जी को जय के पावन भूमि से कोटि कोटि बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं एवं तीन राज्यों के मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए बहुत बहुत बधाई ।बधाई एवं जशन मनाने वाले में पूर्व सांसद रामजी मांझी,पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा,जिला युवा नेता संजू साव,संतोष गुप्ता,मुकेश शर्मा,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता अजय कुमार युगेश कुमार अनुज कुमार , जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, जिला महामंत्री रंजन कुमार सिंह,जिला मंत्री बिनोद सिंह, कमल सिन्हा,ओबीसी अध्यक्ष प्रशांत कुमार,दीपक पाण्डेय,करुणा सिंह,रामप्रवेश सिंह,संभू यादव,पंकज लोहनी,अमित लोहनी,संजीत सिंह,संजय रविदास,संतोष कुमार छोटे, वार्ड पार्षद उपेंद्र कुमार,दीपक चंद्रवंशी,मुन्ना लाल पाठक,कमल बारीक,प्रेमनाथ टैया,निरंजन सिंह उर्फ मंटू,अशोक गुप्ता,अभय सिंह,सुरेंद्र यादव,शशि रंजन सिन्हा,गोपीनाथ,रूपेश वर्मा,धर्मेंद्र कुमार,रामानंद मेहता,मनोज चंद्रवंशी, टिंकू गोस्वामी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होकर खुशी का इजहार किया।

# औरंगाबाद बिहटा रेलवे परियोजना संघर्ष समिति द्वारा आंदोलन हुआ तेज।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**



औरंगाबाद (बिहार)भारत का रेल दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है लेकिन 118 किलोमीटर औरंगाबाद से बिहटा को जोड़ने वाली रेलवे को 16 अक्टूबर 2007- में स्वीकृति प्राप्त हुई ।सर्वेक्षण का काम एवं रेलवे कोड निर्धारित हुआ 16 स्टेशन का चयन किया गया 79 फाटकों की संख्या जबकि 196 छोटे बड़े पुलों की संख्या निर्धारित कर दी गई है,परंतु शिलान्यास के 17 साल बाद भी काम ठप है। जब-जब रेलवे संघर्ष समिति द्वारा आंदोलन की जाती है तब कुछ राशि देकर एवं सांत्वना देकर उन्हें आंदोलन से हटा दिया जाता है। लेकिन इस बार संघर्ष समिति के सदस्य अजय कुमार केंद्रीय संयोजक , राजेंद्र यादव मुख्य संयोजक , आरपी सिंह संयोजक औरंगाबाद मंडल, दिनेश कुशवाहा केंद्रीय सहसंयोजक ने कहा कि 1980 में चंद्रदेव प्रसाद वर्मा ने पार्लियामेंट में आरा और बिहटा एवं बिहटा और औरंगाबाद रेल परियोजना के आधारशिला रखी थी। लेकिन आरा और बिहटा रेल परियोजना तो चालू हो गई लेकिन बिहटा और औरंगाबाद रेल परियोजना आज भी सांसद और विधायकों के अनदेखी के कारण अधर में लटका हुआ है ।इस बार सरकार से हमारी लड़ाई आर पार की होगी 6 दिसंबर की रेलवे को चक्का जाम करेंगे एवं सभी साथी दिल्ली के जंतर मंतर पर 70 लाख जनमानस की आवाजों को लेकर पहुंचेंगे और सरकार हमारी मांगे नहीं मानेगी तो हम सभी संघर्ष समिति आत्मदाह कर लेंगे। इस बार आश्वासन नहीं काम होनी चाहिए।

औरंगाबाद बिहटा को जोड़ने वाली इस रेल परियोजना के चार लोकसभा संसदीय क्षेत्र के 70 लाख जनता की आस लगाए बैठी हैं इस रेल परियोजना मैं जल्द से जल्द काम शुरू हो ताकि हम अपनी जिंदगी में औरंगाबाद बिहटा रेल का सफर कर सके। मौके पर राजेंद्र यादव राष्ट्रीय संयोजक मुख्य संयोजक, अजय कुमार केंद्रीय संयोजक, आर पी सिंह औरंगाबाद संयोजक, दिनेश कुशवाहा, टूल्लू रावत,कुमकुम खान, डॉक्टर अरुण कुमार, नगीना यादव, सुरेंद्र यादव, सुनील यादव, विजय पासवान, रामजन्म चंद्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी,दीना चौधरी , चंदन कुमार, पवन कुमार, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

# विभिन्न मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)लोकसभा निर्वाचन 2024 के समावेशी व सहभागिता पूर्ण बनाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग के निर्देश पर सभी मतदान केद्रों पर विशेष कैंप शनिवार और रविवार को आयोजित किया गया। बताया गया कि विशेष कैंप में सभी बीएलओ ने अपने- अपने मतदान केन्द्र पर आवश्यक फॉर्म के साथ उपस्थित रहकर प्रपत्र में आवेदन लिया ।यह कैंप 1 जनवरी 2024 को 18 साल पूरा करने वाले आवेदन कर सकते हैं ।वहीं,भावी निर्वाचकों का भी आवेदन लिया गया। निर्वाचक सूची में नाम पंजीकरण, नाम विलोपन, नाम के साथ विवरणी में सुधार जैसे कार्य से संबंधित आवेदन संबंधित प्रपत्र में लिए गए। बीडीओ योगेंद्र पासवान ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का दोंनो दिन निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए ।दाउदनगर अनुमंडल के अवर निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ओबरा एवं गोह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर यह विशेष कैंप लगाया गया।

# तीन राज्यों के जीत पर गोह भाजपा कार्यकताओं ने की आतिशबाजी

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**



औरंगाबाद (बिहार)चार राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के आए परिणाम के दौरान बीजेपी तीन राज्यों में मध्यप्रदेश , छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान की बंपर बढ़त हासिल करने की खुशी में गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय के प्रांगण में कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए रविवार की शाम आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया है। वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर गले लगते हुए मोदी मैय हो गए। उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विधार्थी ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा अन्य राज्यों में इसी तरह कमल खिलायेगी। तो वहीं जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने बताया कि इंडिया गठबंधन के तुष्टिकरण नीति के खिलाफ जनता का जनादेश मिला है ।इस मौके पर गोह महामंत्री बीकू त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष अंजनी उपाध्याय , युवा मोर्चा अध्यक्ष वरुण कुमार , रामाधार सिंह , सचिन चंद्रवंशी , विपिन कुमार ,अभय सिंह आशुतोष ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों वारंटी अजय पासवान व गौतम पासवान निमा गांव का रहने वाला है। इन लोगों के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था और यह बहुत दिनों से फरार चल रहा था।

# टेकारी के भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थको ने तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत आने पर जताया खुशी

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार-झारखंड प्रदेश।




गया (बिहार) गया जिले के टेकारी में भारतीय जनता पार्टी टिकारी की ओर से आजाद भारत के तीन राज्यों में मिली प्रचंड बहुमत से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता ने खुशी जाहिर किया है। खुशी जाहिर करते हुए आजाद भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। मोदी है तो हर कार्य मुमकिन है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास और जय भाजपा तय भाजपा के तहत भाजपा ने एक बार पुन जीत कर साबित किया। खुशी जाहिर करने वाले में टिकारी दक्षिणी मंडल अध्यक्ष श्री अनिल पासवान, महामंत्री शिवबल्लभ मिश्र, वरीय भाजपा नेता श्री शशि प्रियदर्शी, राजकुमार पासवान, सुमित कुमार, पंकज शर्मा, संजीत यादव, अर्जून सिंह, प्रिंस कुमार, रामनिवास ठाकुर, भाजपा नेत्री श्रीमती माया सिंह, भाजपा नेत्री सह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंधु जैन, भोला सिंह, रामचंद्र सिंह, मन्नू सिंह, संजय गुप्ता सुनैना देवी, कृष्णा सिंह, आदि का नाम शामिल है।

# पुरानी पेंशन बहाली हेतु पूरे बिहार में बाईक रैली संपन्न.

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार- झारखंड प्रदेश।




एनएमओपीएस (पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रतिबद्ध राष्ट्रीय संगठन) की बिहार इकाई द्वारा 10 दिसंबर 2023 को पटना में पुरानी पेंशन मानवाधिकार महारैली से पूर्व सभी जिलों में बाईक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सभी एन पी एस से आच्छादित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।आज पटना के सगुना मोड़ आयकर चौराहा होते हुए आर ब्लॉक चौराहा तक बाईक रैली का आयोजन किया गया।

एनएमओपीएस के प्रदेश अध्यक्ष वरुण पांडेय द्वारा बाईक रैली में शामिल लोगों के प्रतिआभार व्यक्त करते हुए बताया गया कि बिहार के लगभग 20 से 25 संघों ( सचिवालय संघ,भासा, नर्सेज यूनियन, अभियंता संघ, सिविल कोर्ट यूनियन, बिजली संघ, गोप गुट,रेलवे इत्यादि) के द्वारा रैली का समर्थन किया गया, साथ ही अन्य संगठन के द्वारा भी 1 से 2 दिन में अन्य सभी संगठन के द्वारा पूर्ण समर्थन की घोषणा की जाएगी।श्री पांडेय द्वारा बताया गया कि इस रैली में पेंशन के मुद्दे को समर्थन देने वाली लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ भी भाग लेंगी। प्रदेश महासचिव शशि भूषण कुमार द्वारा बताया गया कि 10 दिसंबर को पटना में एक विशाल रैली का आयोजन होने जा रहा है, इस हेतु गर्दनीबाग स्थित संजय गांधी स्टेडियम में तैयारी जोरों पर है। अभियंता संघ के श्री नवीन कुमार तथा आशुलिपिक संघ के प्रभात सिंह द्वारा राज्य के सभी एनपीएस से आच्छादित सरकारी सेवकों से इस रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

भासा के अध्यक्ष डॉक्टर महेश प्रसाद सिंह द्वारा रैली का पुरजोर समर्थन देते हुए उम्मीद जताई गई की रैली अभूतपूर्व होगी और सरकार हमारी मांग मानने पर मजबूर होगी। बिजली संघ के महामंत्री मृगांशु शेखर तथा कौशिक कुमार द्वारा रैली की सफलता हेतु राज्य में कार्यरत सभी सेवा संगठनों से अपील की गई। सरकारी वाहन चालक संघ के उपाध्यक्ष प्रभात कुमार द्वारा बताया गया कि रैली के माध्यम से हम सरकार के समक्ष पुरानी पेंशन बहाली की मांग को और मजबूती से रखेंगे । कार्यक्रम में बिजली संघ, शिक्षक संघ ,चिकिसक संघ , पशु चिकित्सक संघ, बिजली संघ, अभियंता संघ, अवर अभियता सेवा, सचिवालय सेवा संघ, भासा,सहकारिता सेवा संघ, लिपिकीय सेवा, आशुलिपिक सेवा तथा बिहार के सभी सेवा संघों के प्रतिनिधिवों ने भाग लिया बाईक रैली में संगठन के लगभग सभी पदाधिकारी सहित 500 से अधिक एनपीएस कर्मियों द्वारा भाग लिया गया।

# कांग्रेस को बचाने के लिए ,अब और गंभीर प्रयास करने होंगे- डॉ.मिश्र.

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र , ब्यूरोचीफ, बिहार-झारखंड प्रदेश।



गया (बिहार )- मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान एवं तेलंगाना में हुए चुनाव एवं उसके आई परिणाम पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े एवं गया जिला कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता डॉ.विवेकानंद मिश्र अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मीडिया के समक्ष कहा कि शीर्ष नेताओं द्वारा अवसरवादी गगनविहारी और बड़ बोल, तथा स्वयंभू नेताओं को आवश्यकता से अधिक पुरष्कृत करने , तरजीह देने का स्वाभिवक परिणाम आया है . अब कांग्रेस को परिणाम से सीख लेने और गंभीर होने की जरूरत है. उन्होंने आगे कहा कि शेर को घास ,बकरी को मांस और सांप को दूध पिलाने वाली परी पार्टी को बंद करना होगा. तभी कांग्रेस पार्टी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में कामयाब होगी .

# केंद्रीय बकाये के खिलाफ झाड़ग्राम शहर तृणमूल कांग्रेस ने निकाला विरोध जुलूस

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

बछुरडोबा वार्ड संख्या तीन तृणमूल कांग्रेस के आह्वान पर झाड़ग्राम शहर तृणमूल कांग्रेस के बैनर तले वार्ड पार्षद शिउली सिंघा के नेतृत्व में विरोध जुलूस निकाली गई। वार्ड संख्या तीन के विभिन्न मोहल्ले से गुजरते हुए जुलूस में शामिल लोग तख्तीया लिए हुए नारे लगा रहे थे। वार्ड पार्षद शिउली सिंघा ने बताया की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निदेर्शानुसार विरोध जुलूस शहर के विभिन्न वार्डों में निकाली गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय भाजपा सरकार द्वारा बंगाल के प्रति अनदेखा कर कई योजनाओं से वंचित किये जा रहे हैं। असहाय गरीब लोगों के सौ दिनों कार्य के बकाया राशि, पीएम आवास सहित अन्य केंद्रीय योजनाओं का फंड रोकने के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस द्वारा यह विरोध जुलूस निकाली गई है। जुलूस में मुख्य रूप से संयोजक प्रशांत आचार्य, अध्यक्ष विश्वजीत मन्ना, युवा टीएमसी अध्यक्ष तुषार महापात्र, पार्टी संयोजक आशीष गोराई, बूथ प्रत्याशी अध्यक्ष नारायण सरकार, देवाशीष मजूमदार, सोनाली दास, सोमा गोराई, रीना मन्ना, काकोन पाठक, भोलानाथ दास, अजय सरकार आदि शामिल थे।




# नक्सलबाड़ी में टोटो चालक ने भाजपा कार्यकर्ता पर किया हमला, घायल

दार्जिलिंगः- टोटो चालक को ठीक से टोटो चलाने को कहने पर एक भापजा कार्यकर्ता को हमले का शिकार होना पड़ा है। यह घटना नक्सलबाड़ी की है।शनिवार को नक्सलबाड़ी स्टेशन मोड़ पर एक टोटो ने ट्रैक्टर के पीछे से टक्कर मार दी। उस वक्त भाजपा कार्यकर्ता श्यामल राय ने टोटो चालक को सड़क पर अच्छे से टोटो चलाने की सलाह दी। आरोप है कि जब भाजपा कार्यकर्ता अपने दुकान में काम कर रहे थे। तभी टोटो चालक ने उन्हें पीटा।



घायल अवस्था में भाजपा कार्यकर्ता को नक्सलबाड़ी ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना की लिखित शिकायत नक्सलबाड़ी थाने में दर्ज करायी गयी है।आज भाजपा विधायक आनंदमय बर्मन पीड़ित भाजपा कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि बदमाशों ने हमारे कार्यकताओं को पीटा है। पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने 24 घंटे के अंदर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।उन्होंने कहा कि इसका राजनीतिक संबंध होने की आशंका है। दूसरी ओर, नक्सलबाड़ी ब्लॉक 2 तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष पृथ्वीश राय ने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है। यदि कोई घायल हुआ तो पुलिस कार्रवाई करेगी। कुछ भी होता है तो भाजपा इसके लिए तृणमूल को जिम्मेदार ठहराती है। उन्होंने पीड़ित को थाने में जाकर दोषियों को सजा दिलाने की मांग करने का संदेश दिया।

# नक्सलबाड़ी विकलांग कल्याण सोसायटी ने विश्व विकलांग दिवस मनाया।

**रंजीत कुमार पोद्दार : समाज जागरण : संवाददाता**

नक्सलबाड़ी : नक्सलबाड़ी विकलांग कल्याण सोसायटी ने विश्व विकलांग दिवस मनाया। 26वें वर्ष में पूरे नक्सलबाड़ी में जुलूस के माध्यम से




जागरूकता संदेश देने के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य जांच शिविर और ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दिन बैठक में सिलीगुड़ी महकमा परिषद के सभाधिपति अरुण घोष, माटीगाड़ा नक्सलबाड़ी के विधायक आनंदमय बर्मन, पूर्व विधायक शंकर मालाकार समेत अन्य उपस्थित थे। एक मंच पर तीन राजनीतिक दलों के नेताओं की मौजूदगी ने एक अलग ही तस्वीर पेश की। सोसायटी के सदस्य तापस वैद्य ने कहा कि यह दिन जुलूस और विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। विधायकों और अध्यक्षों ने सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि नक्सलबाड़ी पंचायत समिति के अध्यक्ष ने भी विभिन्न विकास कार्यों का आश्वासन दिया है।

# टैलेंट नरचरिंग पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से पुस्तकालय का शुभारंभ

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : टैलेंट नरचरिंग पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से विद्यालय परिसर (लोवाडीह) पटमदा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने के लिए एक पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ वैज्ञानिक डाः तपन कुमार राउत (आर एन डी) के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा



कि पटमदा क्षेत्र में शिक्षा के एक छोटा सा चिंगारी भविष्य में एक ज्वाला बनकर चमकेगी। मेरी मां ने पहले तीन गोल गोल बनाकर पढ़ने शिखाएं जो ब्रह्मा, विष्णु, महेश है और बाद में जगन्नाथ देव के आंखों से तुलना की है। अर्थात हमारे पढ़ाई भी उस तरह है गोल गोल जितना भी घूमें लक्ष एक केंद्रीत होने चाहिए। इस महान कार्यक्रम में डाः तरूण कुमार महतो (प्राचार्य पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला), डाः सुरेश कुमार, श्रीमान गुणधर महतो (प्राक्तन शिक्षक) ने भी शिक्षा के महत्व को अपने वाणी में स्थापित किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमान दीपक कुमार महतो (शिक्षक) ने आगन्तुक अतिथियों को दिए। संचालन विद्यालय प्रबंधक डाः अशोक कुमार गुप्ता ने किया। अतिथियों को सम्मानित सल देकर जमिनदाता पूर्ण चन्द्र महतो ने किया। कार्यक्रम को सफल करने प्रवीण कुमार, जयराम महतो(विद्यालय संचालक) , गुरुपद मंडल(शिक्षक), हरेकृष्ण पाल(शिक्षक), विकास, साधन आदि उपस्थित हुए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा, हर घर सरकारी योजनाएं पहुंचाने की सरकार की पहल

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार के द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा है। भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के विस्तृत ढ़ंग से प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं के शत-प्रतिशत पूर्णतः प्राप्त करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित प्रचार वाहन, प्रचार-प्रसार सामग्री आदि की व्यवस्था की गई है। प्रचार वाहन की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए रोस्टर चार्ट का निर्माण किया गया है। इस कार्यक्रम के प्रचार वाहनों की स्थानीय कार्यक्रमों के दौरान केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में राज्य सरकार एवं प्रशासनिक भागीदारी से जनता को बताना है।

किशनगंज सदर प्रखंड के पिछला पंचायत के पंचायत भवन और दौला पंचायत के दौला चौक पर विकसित भारत का संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। दोनों स्थलों पर प्रचार वाहन से भारत सरकार तथा राज्य सरकार की विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का ऑडियो/विडियो के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। इसके अलावे विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया था, जिसके माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। दोनों स्थलों पर काफी संख्या में स्थानीय नागरिक, लाभुक आदि उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है।संबंधित बीडीओ द्वारा रूट चार्ट पूर्व में ही तय कर दिया जाता है।



बता दें 02 दिसम्बर को किशनगंज सदर प्रखंड के बेलवा पंचायत से इसकी शुरूआत डीडीसी स्पर्श गुप्ता के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई एव सिंघिया कुलामनी पंचायत में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार-प्रसार किया गया। सभी स्थलों पर नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रचार स्थल पर स्थानीय नागरिकों को अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमें 18 से 40 वर्ष का भारतीय नागरिक योजना का लाभ ले सकते हैं। 60 वर्ष के बाद पेंशन मिलेगी। स्वच्छता, बिजली, आवास, रोजगार, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम आवास योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दिया गया। राज्य सरकार और भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने के लिए और पात्र व्यक्तियों को उसका फायदा दिलाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी को तैनात किया गया। कार्यक्रम की निगरानी बीडीओ किशनगंज, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी निर्धारित रोस्टर तिथि से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार संबंधित पंचायतों में कराने का निर्देश दिया गया है।

# भाजपा कार्यकताओं ने तीन राज्यों में जीत का मनाया जशन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम में से तीन राज्यों में भाजपा ने जीत का जश्न मनाया ।जिले में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में दोहरी खुशी का माहौल है ।यहां पहली खुशी यह कि जिले के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में भाजपा नेताओं के अभिभावक स्वरूप विधानपार्षद डॉ.दिलीप जायसवाल का जन्मदिन मनाया जा रहा है और दुसरी खुशी यह कि रविवार को चार राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के रूझानों में तीन राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित होने को लेकर जश्न का माहौल बना हुआ है ।यहां एमजीएम मेडिकल कॉलेज में भाजपा नेता आपस में रंग -गुलाल लगाकर एक-दुसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार करते देखें जा रहे हैं वहीं विधानपार्षद डॉ.दिलीप जायसवाल को भी मिठाई खिलाकर कर पार्टी नेताओं के द्वारा उन्हें जन्म दिन की हार्दिक बधाई दिए।जीत के जश्न के बीच विधानपार्षद डॉ.दिलीप जायसवाल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में देश के विकाश एवं जनता की जीत हुई है। जनता सब जानती है कि



राष्ट्रहित की एक मात्र पार्टी भाजपा है। उन्होंने ने कहा कि आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में भी हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ही देश की जनता चुनने जा रही है। उल्लेखनीय है कि देश के चार राज्यों के विधानसभा चुनाव की नतीजे घोषित किए जा रहे हैं। रुझानों में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को बहुमत मिल गया है। वहीं, तेलंगाना में कांग्रेस बाजी मारती नजर आ रही है।एमपी में शिवराज सिंह चौहान की सरकार जबरदस्त नतीजों के साथ फिर से सत्ता में वापस करती हुई दिख रही है। इन नतीजों से बीजेपी गदगद है। भोपाल, जयपुर, रायपुर से लेकर पुरे देश के विभिन्न सभी राज्यों दिल्ली तक जश्न की तैयारी है। पार्टी नेताओं के द्वारा जश्न मनाया जा रहा है।

# सभी राजनैतिक दलों के नेतृत्व को अंहकार त्यागना होगाः पप्पू यादव

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

चार राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद रविवार देर शाम किशनगंज पहुंचने पर जाप सुप्रीमों सह पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को मिडिया के सवालों का सामना करना पड़ा। जिला मुख्यालय बस स्टैंड के पूर्व सांसद पप्पू यादव का काफिला रूकी तो मिडिया कर्मियों के सवाल कि देश के चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम में से तीन राज्य में बीजेपी की जीत से मोदी जादू बरकरार रहा क्या ? इस सवाल के जवाब को उन्होंने सुनते ही अपने अंदाज में घुमाया और कहा कहा मोदी ? क्या मध्य प्रदेश में मोदी चुनाव लड़ें थे।वहां तो शिवराज सिंह चौहान चुनाव मैदान में थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अंदर की कलह से कांग्रेस पार्टी हारी है और छत्तीसगढ़



में चुनाव हारने की बात ही नहीं थी।पप्पू यादव ने कहा कि हां मैं मानता हूं कांग्रेस पार्टी की हार हुई है और इसकी समीक्षा भी होगी। लेकिन मैं तो कहूंगा कि सभी पार्टियों के नेतृत्व को अंहकार त्यागना होगा और आगामी लोकसभा सभा चुनाव में जो प्रत्यासी जहां से जीत सकता है, टिकट उसी को मिलना चाहिए। उन्होंने बिहार के सरकार के मुखिया नीतिश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू यादव को भी अंहकार छोड़ने की सलाह दी।

फिर एक सवाल के जवाब में बीजेपी के केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को निशाने पर लिया और कहा ऐसे नेता जो समाज को बांटने का काम करतें हैं। उनके सवाल होंगे ही कि मदरसा को बंद कर देना चाहिए और ऐसे नेता समाज में जहर के समान है।वही फिर जाप सुप्रीमों पप्पू यादव मिडिया कर्मियों के सवाल के बीच में ही अपने पार्टी नेताओं के काफिले के साथ आगे बढ़ निकल गये।उल्लेखनीय है कि जाप सुप्रीमों पप्पू यादव अपने निजी कार्यक्रम में सिलीगुड़ी जा रहें थे ।इसी क्रम में जिले के जाप नेताओ ने अपने नेता पप्पू यादव का किशनगंज बस स्टैंड में स्वागत किया और पप्पू यादव ने मिडिया के चंद सवालों के जवाब भी दिये।

# बिहार के उद्योग मंत्री ने सिलीगुड़ी में सीआईआई के साथ की बैठक, बिहार बिजनेस कनेक्ट में किया आमंत्रित

दार्जिलिंगः- बिहार में इंवेस्ट करने के लिए हर सुविधा व्यवसायियों को मुहैया कराई जाएगी। अब पुराना नहीं बल्कि नया बिहार है। जो विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रही है। इसलिए अबह्व हिचकिचाईये नहीं, आइये बिहार मेंह्व इसी शब्द के साथ बिहार के उद्योग मंत्री (शिल्प) समीर महासेठ ने सिलीगुड़ी के मैनाक टूरिस्ट लॉज में सीआईआई के माध्यम से उत्तर बंगाल के व्यवसायियों के साथ बैठकर आमंत्रित किया।

दरअसल, आज अपने एक निजी काम को लेकर बिहार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ सिलीगुड़ी पहुंचे थे। इसलिए मंत्री समीर महासेठ ने एक पथ दो काम करने के लिए आज सिलीगुड़ी सीआईआई के साथ सिलीगुड़ी में एक बैठक की। बैठक में सीआईआई के पदाधिकारी और शहर के कई जाने माने व्यवसायी शमिल हुए। उद्योग मंत्री ने इस दौरान व्यवसायियों से बैठक के माध्यम से बिहार में इंवेस्ट करने पर बात की। व्यवसायियों से उद्योग मंत्री ने कहा कि बिहार बदल गया है। इसलिए अब



हिचकिचाईये नहीं, आइये बिहार मेंह्व इंवेस्ट कीजिए। इस दौरान मंत्री ने 13-14 दिसंबर को पटना में होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट में शामिल होने के लिए सीआईआई के सदस्यों को आमंत्रित भी किया। वहीं, इस मौके पर सीआईआई अध्यक्ष ने कहा कि आज थोड़े से समय के लिए बिहार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ के साथ बिहार में इंवेस्ट के विषय पर एक चर्चा हुई है। मंत्री ने पटना में होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अभी को आमंत्रित किया है।

# दोस्ती की आड़ में युवक ने नाबालिगा से बनाएं जबरन शारीरिक संबंध

दार्जिलिंगः- दोस्ती की आड़ में नाबालिगा के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का एक मामला सिलीगुड़ी से सामने आई है। आरोपी युवक का नाम अजीत है। वह देवीडांगा का निवासी है। पीड़ित परिवार की तरफ से आरोपी युवक के खिलाफ जबरन दुष्कर्म करने की एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि करीब पांच महीने पहले नाबालिगा जब बाजार से घर लौट रही थी।

उस समय अजीत नामक एक युवक ने नाबालिगा को रोककर उसका फोन नंबर लिया। इसके बाद अजीत उससे फोन पर बात कर दोस्ती किया। आरोप है कि अजीत ने नाबालिगा को घुमाने के नाम पर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। घटना के बाद डर से नाबालिगा ने डर के मारे इस घटना का जिक्र अपने घर में नहीं किया। जब नाबालिगा के शाररिक बदलाव पर उसकी मां और बड़ी बहन की नजर पड़ी तो चिकित्सक के पास ले गई, जहां चिकित्सक ने बताया कि नाबालिगा करीब 5 महीने की गर्भवती है।

जिसके बाद नाबालिगा ने पूरी घटना परिवार वालों को बताई। इसके बाद नाबालिगा के परिवार वालों ने बीती रात प्रधान नगर थाने में आरोपी युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई। वहीं, पीड़िता ने पुलिस से आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाजयुमो कार्यकताओं ने एक साथ होली दीवाली मनाया ओर पटाखे छोड़े व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया।

**रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया।मध्यप्रदेश में भाजपानीत गठबंधन सरकार की प्रचंड तरीके से वापसी व राजस्थान, छतीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने व तेलांगना में शानदार प्रदर्शन पर भाजयुमो कार्यकताओं ने एक साथ होली दीवाली मनाया ओर पटाखे छोड़े व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। नगर मंत्री सत्यप्रकाश ,जिला कार्यसमिति सदस्य अमन झा अगुवाई में अपने खुशी का इजहार करते हुए युवा मोर्चा कार्यकताओं ने मोदी नड्डा जिंदाबाद भारत माता की जय का गगनभेदी नारा लगाते हुए जमकर अबीर गुलाल खेला। कार्यकताओं के गहमागहमी के बीच भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं जिला महामंत्री प्रतापनारायण मंडल ने कहा कि हिंदी हार्ट लाइन के तीनों राज्यों में चुनाव के सकारात्मक जनादेश ने एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी नीतियों पर ना सिर्फ मुहर है बल्कि सर्व समाज के विकास के स्थापित नये कृतिमानस्वरूप भाजपा में जनता के अटूट विश्वास की जीत है। भाजपा नेताओं ने कहा की मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ, जनता ने जाती धर्म जैसे सभी समीकरणों से ऊपर उठकर छद्म धर्मनिरपेक्षता का ढोंग करने वाली परिवारवाद की पोषक पार्टियों तथा मोहब्बत के दुकान के नाम पर नफरत की फैक्ट्री चलाने वालों देश में जातीय आधारित राजनीति को हवा देने के भारत जोड़ो के नाम पर भारत को तोड़ने




वालो के साथ खड़ा रहने वालों और तुष्टिकरण के नाम पर सनातन धर्म का अपमान की राजनीति करने वाले को नकार दिया है,और राष्ट्रवाद से प्रेरित भाजपा के सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के नीति और सुशासन तथा सशक्त नेतृत्व के साथ पीएम मोदी के गारंटी पर अपने भरोसे की मुहर जनता ने लगायी है,उन्होंने भाजपा के अदभुत विजय के सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गृहमंत्री अमित शाह साथ साथ मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ ,तेलांगना में कार्यरत नेतागण असंख्य कार्यकर्ताओ,समर्थकों व मतदाताओं के प्रति श्री कुमार हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी है इस मौके पर,राज प्रकाश चौधरी,ज्ञानेंद्र ठाकुर,अमन झा सुदर्शन कुमार, कपिल साह, राजीवठाकुर ,पंकज झा, रोशनकुमार, अनील राय पंकज गुप्ता लाल ठाकुर। आदि अनेकों भाजपा व भाजयूमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिजली तार चोर गिरोह का पदार्फाश,गिरोह के छह सदस्य चोरी के समान के साथ किए गए गिरफ्तार

**रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया। जिले के सिमराहा ओपी पुलिस ने 03 दिसंबर रविवार को बिजली तार चोरों के गैंग को पकड़ा है। पकड़े गए गिरोह से पुलिस ने एक सौ बंडल एलम्युनियम के तार जिसका वजन करीब 25 क्विंटल एवं 02 कटर मशीन व 08 मोबाइल और एक वजन मशीन सहित एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त में हलहलिया गांव निवासी खगेश मंडल पिता कलानंद मंडल,हिंगना औराही निवासी नीरज मंडल पिता मिथिलेश मंडल,हिंगना औराही निवासी अनन्त कुमार पिता योगेंद्र मंडल,हिंगना औराही निवासी सुमन कुमार पिता उद्यानंद मंडल इन सभी का थाना सिमराहा ओपी जिला अररिया बताया जाता है। जबकि बबलू बहरदार पिता जयनंद बहरदार का घर पतरहा थाना नरपतगंज जिला अररिया बताया जाता है। इस संबंध में सिमराहा ओपी थाना अध्यक्ष राजनंदिनी सिन्हा ने बताया कि इन गिरोहों के सदस्यों ने अब तक कई थाना क्षेत्रों के विभिन्न जगहों पर इस तरीके के कई वारदात को अंजाम दे चुका है। इस बातों को इन चोरों ने खुद कबूल किया है। उन्होंने ये भी बताया कि इन गिरोह के अन्य सदस्य की भी गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों भरगामा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर उत्तर पंचायत स्थित शेखपुरा गांव से अज्ञात चोरों ने बिजली के 11हजार वोल्ट के करीब 21 पोल से तार चोरी कर लिए थे। जिनकी कीमत लाखों रुपए बताई गई थी। जानकार बताते हैं कि इस चोरी से पहले भी 22 नवंबर को हीं सिरसिया कला पंचायत के वार्ड तीन और चार से अज्ञात चोरों ने लगभग दो किलोमीटर का करीब



सात से आठ बिजली पोल के 11हजार लाइन के तार चोरी कर आसानी से फरार हो गया था। जबकि दूसरे दिन हीं 23 नवंबर को रघुनाथपुर उत्तर पंचायत के शेखपुरा गांव से हीं 11 बिजली पोल के 11हजार लाइन का तार एवं ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने की मामला प्रकाश में आया था। तत्पश्चात चोरी की घटना की सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के जेई अनुराग कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भरगामा थाना में मामला दर्ज करवाया था। हालांकि इस संबंध में जानकारी देते हुए भरगामा थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर आदित्य कुमार ने बताया कि विभिन्न जगहों से बिजली के पोल पर से तार की चोरी होने की घटनाओं का जल्द हीं उद्भेदन कर लिया जाएगा। जबकि इस संबंध में फारबिसगंज डीएसपी खुसरू सिराज का कहना है कि इन चोरों के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई जारी है। वहीं इस संबंध में एसपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से इस तरीके के चोरी की घटना घटित होने की जानकारी मिली है। जिसको लेकर पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है। जल्द हीं हर एक बिजली तार चोर गिरोह को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिलाओं द्वारा संचालित "लाल माटिर हाट" में उमड़ रही है लोगों की भीड़

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

झाड़ग्राम शहर के रविंद्र पार्क में महिलाओं द्वारा संचालित "लाल माटिर हाट" का रविवार विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष कविता घोष ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर वन मंत्री बीरबहा हांसदा, नगरपालिका उपाध्यक्ष सुखी सोरेन, कथा कृति के देवलीना दासगुप्ता, कुंतल पाल आदि ने सामूहिक रूप से केक काटकर लाल माटिर हाट का शुभारंभ किया।

"लाल माटिर हाट" के आयोजक प्रमुख देवी प्रधान बसु ने दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि रविवार से प्रारंभ यह हाट सप्ताह के प्रत्येक रविवार को निर्धारित समय सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 तक फरवरी माह तक लगाए जाएंगे।



हाट में कुल 80 स्टाल लगाए गए हैं। वहीं हाट परिसर में लोगों के मनोरंजन हेतु स्थानीय कलाकारों के द्वारा पारंपरिक नृत्य छऊ, रनपा, धमसा की भी व्यवस्था की गई है। हाट में महिलाओं द्वारा स्वयं हस्त निर्मित के कई प्रकार के वस्तुएं, परिधान, हस्तशिल्प निर्मित वस्तुएं, सौंदर्य प्रसाधन, घरेलू साज सज्जा के समानो के अतिरिक्त स्वादिष्ट खान-पान के स्टाल भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया हाट का यह चौथा वर्ष है। हाट में झाडग्राम, कोलकाता खड़गपुर, मेदिनीपुर, बेलपहाड़ी के अतिरिक्त पड़ोसी राज्य झारखंड के जमशेदपुर व बहरागोड़ा से भी महिलाओं ने आकर स्टाल लगाई हैं। हाट परिसर में सेल्फी जॉन की भी व्यवस्था की गई है।हाट आयोजकों द्वारा धारण पारंपरिक लाल चूड़ीदार व हरा पजामा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# प्रशिक्षण सह समापन : विद्युत उपकरण व वायरिंग मरम्मति के हुनर में निपुण किये गये युवक व युवतियां

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) ।एसएसबी 41वीं बटालियन रानीडांगा के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम व मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत चल रही तीस विद्युत उपकरण व वायरिंग मरम्मति की हुनर में बेरोजगार युवक व युवतियों को निपुण किया गया ।

बी ओ पी ताराबाड़ी प्रांगण में विद्युत उपकरण व वायरिंग मरम्मति प्रशिक्षण का समापन एसएसबी 41वीं बटालियन के सेकंड इन कमांडेंट नवीन कुमार राय के द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में 41 वी वाहिनी एसएसबी भातगाँव के असिस्टैंट कमांडेंट सोनम वेनिजियल, प्रमोद प्रसाद उप प्रधान, वार्ड सदस्य जोगी साह, अजित राय व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के आरंभ में असिस्टैंट कमांडेंट सोनम वेनिजियल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया । इसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसबी 41वीं बटालियन के सेकंड इन कमांडेंट नवीन कुमार राय ने अपने



सम्बोधन में उपस्थित जनसमूह को इस प्रोग्राम एवं इसके उपयोगिता के बारे में लोगों एवं प्रशिक्षण प्राप्त युवक व युवतियों को अवगत कराया व लोगों से अपील कि इस ट्रेनिंग से यहाँ कि युवक व युवतियों अपने को ही नहीं बल्कि गाँव के अन्य युवक व युवतियों को इसके संबंध में सीखा सकती है । साथ ही इस हुनर से स्वरोजगार भी विकसित कर सकती है ।उन्होंने कहा कि स्थानीय जनता के सहयोग के बिना कोई भी संस्था अपने दायित्वों का पूर्णरूपेण निर्वहन नहीं कर सकती, अतएव देश की सीमा की रक्षा में आप लोगों का सहयोग आपेक्षित है । सम्बोधन के पश्चात प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवक व युवतियों को मुख्य अतिथि ने ट्रेनिंग प्रमाण पत्र प्रदान किया और उनके सफल एवं उज्जवल भविष्य कि कामना की । उपस्थित लोगों ने इस प्रोग्राम के आयोजन के लिए एसएसबी कि सराहना कि और भविष्य में एसएसबी को सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

बताते चले कि 28 अक्टूबर को तीस विद्युत उपकरण व वायरिंग मरम्मति प्रक्षिक्षण का आरंभ बी ओ पी ताराबाड़ी प्रांगण में की गई थी, जिसमें भातगाँव ई कंपनी व ताराबाड़ी क्षेत्र से कुल 60 बेरोजगार युवक व युवतियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया था । उक्त प्रशिक्षण का समापन रविवार 3 दिसंबर को किया गया ।

# सम्राट अशोक शिलालेख महोत्सव व प्रीतिभोज समारोह संपन्न।

**रमण किशोर चौबे, दैनिक समाज जागरण, जिला संवादाता**

रोहतास जिले के सासाराम कुशवाहा सभा भवन समिति के तत्वाधान में सम्राट अशोक शिलालेख महोत्सव एवं प्रीति भोज समारोह कुशवाहा सभा भवन के ट्रस्टी संरक्षक सत्यनारायण स्वामी के अध्यक्षता एवं संजय कुमार



सिंह के संचालन में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित का नगर निगम के डिप्टी मेयर सत्यवंती देवी के द्वारा किया गया तथा आगत अतिथियों का स्वागत अभिनंदन सभा भवन के सचिव शिव कुमार सिंह ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में डिप्टी मेयर ने बताया कि 256 ईसा पूर्व मौर्य सम्राट अशोक में विश्व के सबसे बड़े रोड कोलकाता से पेशावर तक के रोड निर्माण के समय सासाराम स्थित बौद्ध पहाड़ी पर एक शिलालेख लिखवाया था जिसे सम्राट अशोक शिलालेख के नाम से विश्व का इतिहास में प्रसिद्ध है। देश विदेश के हजारों लोग इस शिलालेख का अवलोकन एवं दर्शन करते हैं।पूरातत्व विभाग से निवेदन है कि शिलालेख का विकास कर पहाड़ी के नीचे सम्राट अशोक पार्क के रूप में विकसित कर दिया जाए तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर डिप्टी मेयर सत्यवंती देवी, पूर्व उपमुख्य पार्षद चंद्रशेखर सिंह मौजूद थे।

# बोस फाउंडेशन ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेंद्र प्रसाद की मनाई जयंती

**रमण किशोर चौबे, दैनिक समाज जागरण, जिला संवादाता**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन ने गणतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ०राजेंद्र प्रसाद की 130वीं जयंती सिविल कोर्ट सासाराम के परिसर में मनाई गई। देश रत्न डॉ० राजेंद्र प्रसाद जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पीतकर



लोगों ने उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। जयंती समारोह की अध्यक्षता भाकपा माले के सचिव अशोक कुमार बैठा ने की। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से विश्व मित्र सिंह मुखिया ग्राम पंचायत दुमदूमा कैमूर, राजेंद्र पासवान अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाऊंडेशन बिहार ,ज्योति प्रकाश मौर्य वार्ड सदस्य ग्राम पंचायत दुमदुमा कैमूर, अनिल सिंह यादव, काशी सिंह यादव जनार्दन सिंह, शैलेंद्र नाथ ओझा, अधिवक्ता साधु चरण शर्मा सहित दर्जनों फाउंडेशन के सदस्य शामिल थे ।समारोह को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ० राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में तीन बार कांग्रेस के अध्यक्ष व संविधान सभा के अध्यक्ष व गणतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने '

# शादी की नीयत से किशोरी का अपहरण, परिजन परेशान

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला के काराकाट थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी को बहला- फुसला कर युवक द्वारा शादी की नियत से अगवा कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की की मां के द्वारा अपनी 16 वर्षीय पुत्री को अगवा कर लिए जाने की आशंका जताते हुए युवक और उसके माता- पिता के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया है। लड़की के मां के नानुसार उसकी लड़की अपने ननिहाल आयी हुई थी। गत गुरुवार को घर से अचानक गायब हो गई। सगे - सम्बन्धी से लेकर अन्य जगहों पर उसकी काफी खोजबीन की गई। इसी दौरान पता चला कि उस दिन वह लड़की उस लड़के के साथ देखी गई है। मां ने आरोप लगाते हुए कहा की आरोपी युवक उसे बहला फुसला कर कहीं दूर निकल गया है। वही काराकाट थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के अनुसार मामला उनके संज्ञान में नहीं है। थानाध्यक्ष ने कहा की हो सकता है किसी अन्य अधिकारी को आवेदन प्राप्त हुआ हो। आवेदन मिलने पर जांच कर प्राथमिकी की जाएगी।

# 550 ग्राम गांजा के साथ दिव्यांग धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में रविवार को पुलिस ने छापामारी कर एक दिव्यांग धंधेबाज को 550 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर दयानंद शर्मा ने दी।उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार सिरिसियां गांव में छापामारी की गई। जहां दिव्यांग मुन्ना साह घर में छुपा कर 500 ग्राम गांजा रखा था। जिसे व्हीलचेयर से घूम-घूम कर आपूर्ति किया करता था। व्हीलचेयर से 25 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया तथा व्हीलचेयर को जब्त कर लिया गया। दिव्यांग को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# तीन राज्यो में सरकार बनने पर भजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर

**दैनिक समाज जागरण नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिले के तरारीमें राजस्थान , छतीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में मतगणना के दौरान बीजेपी के प्रचंड बहुमत के प्रति रुझान पर तरारी में भाजपा कार्यकताओं ने जनता व पीएम को बधाई दी है। भाजपा तरारी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कौशल कुमार सिंह उर्फ कौशल विद्यार्थी , तरारी प्रखंड अध्यक्ष बृजबिहारी पांडेय , भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह , पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विदयासागर पांडेय , रामाकांत सिंह सहित कार्यकताओं खुशी जाहिर किया। तरारी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी ने कहा कि गलोबल नेता प्राधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता का पूर्ण विश्वास है। पीएम के कार्यकलापों से देश की मातृशक्ति , युवा , किसान और गरीबों ने जमकर भाजपा को वोटिंग किया। तुष्टिकरण व जातिवाद मे बरगलाने वाले राजनीतिकरण का विरोध जनता के मन से राजस्थान , छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में स्पष्ट दिख रहा है। मौके पर भाजपा कार्यकताओं अतीश बाजी की और मिठाईयां बांटी ।

# भाजपा के जीत पर जश्न में डूबे कार्यकर्ता, तीन राज्यों में मिली जीत

## देश के जनहित में प्रधानमंत्री लिख रहें एक नया इतिहास - डॉ० मनीष

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

देश के चार राज्यों में 3 दिसंबर को संपन्न हुई विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने जीत का परचम लहराया। जिसके जीत पर रोहतास जिला के काराकाट विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों कार्यकताओं ने विभिन्न जगहों पर अबीर गुलाल लगा जीत का जश्न मनाया। जिसको लेकर नगर परिषद बिक्रमगंज में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ० मनीष रंजन के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता ने पूरे शहर में गाजे-बाजे अबीर गुलाल लगाते हुए पटाखें छोड़ जीत का जश्न मनाया। वही भाजपा के जीत पर डॉ० मनीष रंजन ने मीडिया



से प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित विकास की आंधी देश के चार राज्यों में रविवार को संपन्न हुई विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तीन राज्यों में कांग्रेस का सफाया कर दिखाया। जहां देश के तीन राज्य राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री के सबका साथ-विकास सबका तहत विधानसभा चुनाव में पूर्व बहुमत से भाजपा को जीत का सरताज पहनाने का कार्य किया। वही मोदी सरकार की योजनाओं की सटीक डिलीवरी ने माननीय प्रधानमंत्री मोदी को गरीबों का मसीहा बना दिया है। जो आज देश के जनहित में एक नया इतिहास लिखने की ओर अग्रसर है। जिस जीत के अब आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के नेतृव में भाजपा पार्टी एक ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। इस जश्न के मौके पर प्राचार्य डॉ० सुंदर कुमार सिंह, प्रो. अनिल सिंह, काराकाट मंडल अध्यक्ष ललित मोहन, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, मनोज तिवारी, रजनीश पांडे, राजेश कुमार, पारस राय, अंटू सिंह, दिनेश कांत, राहुल कुमार, चंदन कुमार, मनोज कुमार, विवेक कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

# शिशु शिक्षा मंदिर काराकाट में विदाई सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अमित काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत काराकाट बाजार पर अवस्थित शिक्षा क्षेत्र में अलख जगाने वाला प्रख्यात शैक्षणिक संस्थान शिक्षु शिक्षा मंदिर के प्रांगण में विदाई सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शंकर कॉलेज सासाराम के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा, विद्यालय के निदेशक प्रोफेसर सुरेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए फीता काटकर की। तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक तिवारी ने मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य लोगों को पुष्पमाला व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। उसके उपरांत विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि सहित अन्य



गणमान्य लोगों को स्वागत गीत से अभिनंदन व वंदन किया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने सत्र 2024 के मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले दशवीं कक्षा के छात्र व छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाई दी। साथ ही साथ उन्होंने परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक लाने के लिए छात्र व छात्राओं को टिप्स दिए। उसके बाद विद्यालय के निदेशक तिवारी ने भी अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि आप सब कड़ी मेहनत करते हुए निरंतर पढ़ाई करें । आप सबको सफलता जरूर मिलेगी। साथ ही साथ अन्य वक्ताओं ने अपना-अपना अलग-अलग सुझाव दिए। उसके बाद विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अपनी-अपनी कला कौशल को दिखाया। जिसको लेकर मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य लोगों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम को काफी सराहा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि , निदेशक एवं अन्य गणमान्य लोगों ने दसवीं कक्षा के बच्चों को कलम व डायरी देते हुए मुंह मीठा कराते हुए विदाई दी । उस वक्त कुछ देर के लिए माहौल भाव-विभोर हो गया। उस वक्त सबकी आंखों में बच्चों के प्रति खुशी के आंसू छलक पड़े। मौके पर ग्राम पंचायत जयश्री के मुखिया अभिभावक सह समाजसेवी रितेश सिंह , मुखिया संघ जिलाध्यक्ष सह काराकाट मुखिया योगेंद्र सिंह , भाजपा नेता राजेश्वर सिंह , अखिलेश्वर प्रसाद सिंह , अमित शेखर , विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका, बच्चे एवं अभिभावक लोग मौजूद थे।

# तीन राज्यों में भाजपा के जीत पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने मनाया जश्न

## जीत के खुशी में अबीर गुलाल लगा करके मिठाइयां बात करके तथा बम पद का छोड़ते हुए जश्न मनाया

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड अंतर्गत गोराड़ी बाजार में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकताओं ने हाथों में झंडा लेकर के अबीर गुलाल लगाते हुए सबको मुंह मीठा कराया। तथा नारा लगागा रहे थे नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाई अमित जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, का नारा लगाते हुए हाथों में भाजपा का झंडा लेकर पूरे गोडारी बाजार में मार्च किया। कार्यक्रम का नेतृत्व शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश महामंत्री मनीष रंजन ने किया मनीष रंजन ने कहा कि नरेंद्र मोदी की जलवा पूरे देश में छा रही है हिंदी भारतीय जनता पार्टी तीनों राज्यों में जीत की पंचम लहरा कर के यह साबित कर दिया कि मोदी की शक्ति बढ़ रही है ताकि गरीब गुरवा मोदी के साथ हैं ।मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्यों का जनता हृदय खोल करके आशीर्वाद दे रही है तथा समर्थन कर रही है चाहे वह जनधन योजना हो, या महिलाओं के



लिए फ्री गैस कनेक्शन हो या 5 वर्षों तक फ्री राशन देने की बात हो हर वर्ग के लोग और खासकर गरीब तपका के लोग के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फिर 5 लाख तक का आयुष्मान भारत कार्ड योजना हो या घर-घर शौचालय बनाने की योजना हो इस मिशन पर मोदी ने काम करके पूरे देशवासियों का दिल जीत लिया है जिसका जीता जाता उदाहरण यह तीनों राज्यों का चुनाव जीता करके जनता ने साबित कर दिया कि मोदी है तो मुमकिन है। भारतीय जनता पार्टी के गोराड़ी मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी का पुनः विजय होगा 2024 में ताकि मोदी के सामने कोई भी विपक्षी नेता ठीक नहीं पाएंगे तो वही काराकाट मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह ने कहा कि 140 करोड़ जनता के हृदय में मोदी बास करते हैं तथा मोदी ने जो करिश्मा कर दिखाया है निश्चित रूप से जनता के आशीर्वाद मोदी को ही मिलेगा यह चुनाव साबित कर दिया कि मोदी के टक्कर में कोई देश में नेता नहीं है केवल लूट घसोट करने वाले ही विपक्ष में नेता है जो मोदी के सामने टिक नहीं पाएंगे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# विद्यालय के खेल मैदान में समरसेबल लगाने पर ग्रामीणों व खिलाड़ियों ने किया विरोध

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड के मध्य विद्यालय हमीरपुर खेल मैदान के बीच में समरसेबल लगाने से आक्रोशित ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने रविवार को जमकर हंगामा किया। ग्रामीण पप्पू राय , सरोज पासवान, गोविंद सिंह, कलेन्द्र सिंह, दीनानाथ साह ,टप्पू सिंह, छोटू सिंह, संतोष कुमार, अजीत सेठ, सुदामा बारी, अगस्त कुमार, कामख्या सिंह आदि ने बताया कि मध्य विद्यालय के नाम से 4 एकड़ खतियानी भूमि है। जिसमें विद्यालय का भवन निर्मित है शेष जमीन के पूर्वी भाग में आधा दर्जन लोगों द्वारा मकान का निर्माण कर अतिक्रमित कर लिया गया है। उसके समीप आंगनवाड़ी केंद्र का अर्ध निर्मित भवन है। शेष भूमि में खेल का मैदान है। जहां प्रखंड के



विभिन्न ग्राम पंचायतों के खिलाड़ी व प्रतियोगी खेलों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावे मंत्री या बड़े आयोजनों में खेल मैदान का उपयोग किया जाता है। लेकिन विद्यालय के एच एम द्वारा खेल मैदान के बीच में समरसेबल लगाया जा रहा है। जिससे विभिन्न प्रकार के खेलों व बड़े कार्यक्रमों का संचालन बाधित हो जाएगा। उन्होंने बताया कि समरसेबल लगाने से उत्पन्न परेशानियों को देखते हुए उन्होंने प्रधानाध्यापक, मुखिया व सरपंच से इसकी शिकायत की गई लेकिन इस समस्या पर कोई विचार नहीं किया। उन्होंने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा समरसेबल व चेंबर निर्माण कार्य किया जाना सुनिश्चित किया गया है। परियोजना के अधिकारी निरीक्षण के दौरान मैदान के बीच में समरसेबल व चैंबर निर्माण करने की स्वीकृति दे दी। लेकिन इस तथ्य से बेखबर रहे कि उक्त मैदान में खेल व कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के किचन व हैंड पंप के समीप काफी भूमि स्थित है। जहां समरसेबल व उसका चेंबर का निर्माण किया जा सकता है। इसकी शिकायत डीपीओ सह बीईओ से कई बार की गई लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं किया। अंततः उन्होंने समरसेबल का कार्य रोकते हुए विद्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया है।

इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमजान अंसारी ने बताया कि विद्यालय से खेल मैदान में थोड़ी दूर पर स्थित समरसेबल लगाने से खेल व कार्यक्रम में कोई परेशानी नहीं होगी। जिसे देखते हुए परियोजना के अधिकारियों ने उक्त स्थल का चयन किया है।

# अधिवक्ता दिवस के रूप में मनी डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो बार एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय व्यवहार न्यायालय में देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाई गई। मौके पर कृतज्ञ लोंगों ने उन्हें श्रद्धा के साथ याद किया। आयोजित जयंती समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने देशरत्न के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दी । मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह व सचिव श्यामानन्द पाण्डेय ने सभी अधिवक्ताओं को सम्मानित किया । समारोह में बार एसोसिएसन के संरक्षक वीरेन्द्र सिंह,अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ,सचिव श्यामानन्दन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अरूण कुमार राय, पूर्व अध्यक्ष अयोध्या तिवारी,रविन्द्र मिश्र, कृष्णा तिवारी, मनोज कुमार पासवान, सुमीत कुमार श्रीवास्तव ,अशोक कुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार, राकेश कुमार राय, मिथलेश सिंह, विजय कुमार, सहायक सचिव पन्नू लाल श्रीवास्तव, अशोक कुमार, कार्यकारणी सदस्य शशि कुमार सुमन, अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह, सुमीत कुमार श्रीवास्तव ,मनोज कुमार पासवान, कृष्ण तिवारी , राकेश कुमार राय ,पूर्व अध्यक्ष अयोध्या तिवारी , सचीव सुरेश पासवान , रविन्द्र मिश्र ,नीरज सिंह, जय गोपाल पाण्डेय , दिनेश कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार , शैलेन्द्र सिंह, मुकेश राय , मिथलेश सिंह , धीरज कुमार, रामबाबु राम, समेत अन्य लोग मौजूद थे। दूसरी ओर कांग्रेस नेता उपेन्द्र सिंह की देखरेख में स्थानीय लोहिया चौक पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में जगनारायण राम, वीरेन्द्र मधेशिया, अनिल मेहता, राहुल मिश्र, मुरलीकांत मिश्र, सुनील चौरसिया, बैरम खान, पवन पांडेय, तुलसी पासवान, डब्लू खान आदि ने डा. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धाजंलि देते हुए उन्हें सादगी व त्याग की प्रतिमूर्ति बताया।



# ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल में आयोजित हुआ विज्ञान प्रदर्शनी एवं फन-फेट मेला

**रमण किशोर चौबे, दैनिक समाज जागरण, जिला संवादाता**

रोहतास जिला अंतर्गत लालगंज बैजला स्थित ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह फन फेट मेला का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सासाराम अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन एवं डेहरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी समीर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न प्र-कार के प्रोजेक्ट्स को देख अनुमंडल



पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा का पता चलता है। साथ ही उन्हें सदैव इस आधुनिक युग में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने जो कलाकृतियों को प्रदर्शित किया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम होगी। विद्यालय की प्राचार्या डॉ० प्रीति सिंह एवं निदेशक धनंजय सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी समेत मौजूद सभी अतिथियों का शॉल औढ़ बुके देकर स्वागत किया तथा सदैव ऐसे ही कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़े रखने का वादा किया। कार्यक्रम में शिक्षक विनोद सिंह, कुशल चटर्जी, अनु सिंह, इंदु पांडेय, राज कुमार आदि मौजूद थे।

# किरही गांव में ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड अंतर्गत किरही ग्राम में रविवार को समान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष में एक बार छठम, सप्तम, अष्ठम, नौंवी और दसम वर्ग के लिए संजय कुमार द्वारा की जाती हैं। वही इस वर्ष में भी प्रतियोगिता कराई गई। ग्राम स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता छात्रों के लिए रविवार को ही पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें छात्र व छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहकर बाजी मार ली। सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए। वही इस प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले छात्र



व छात्रा वर्ग छठम में प्रथम स्थान पर शाकिब खान द्वितीय शिवम कुमार और तृतीय हर्षित, सप्तम में प्रथम मरियम प्रवीण द्वितीय चांदनी खातून और समा प्रवीन, अष्ठम में प्रथम अविनाश कुमार द्वितीय अंशु कुमारी तृतीय बलवीर व रिंकी, नौंवी में प्रथम एषा कुमारी द्वितीय रौशन कुमार तृतीय अंकित व नीलेश और दसम में प्रथम बॉबे कुमार द्वितीय रितेश कुमार तृतीय पर जूली कुमारी ने अपने परचम लहराया। इन सभी छात्र-छात्राओं को मेडल तथा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वहां उपस्थित ज्ञान प्रतियोगिता कार्यकर्ता एवं सहयोगी विशाल कुमार, अमित कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# माती पुल की चढ़ाई पर गड्ढे में गिरकर बाइक सवार दंपति हुए घायल

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के माती गांव के समीप कुदरा नदी पुल की चढ़ाई पर उभरे बड़े गड्ढे में गिरकर एक बाइक सवार दंपति बुरी तरह जख्मी हो गए। जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले जाने की सलाह दी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चेनारी थाना क्षेत्र के हरना टांड़ निवासी मंतोष कुमार यादव कोचस स्थित एक रिश्तेदारी से पत्नी अंजली देवी के साथ बाइक से अपने गांव लौट रहे थे कि माती गांव के समीप कुदरा नदी पर निर्मित पुल की चढ़ाई पर उभरे गड्ढे में वे बाइक सहित गिर गए। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए तथा बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि पुल की चढ़ाई पर उभरे गड्ढे में गिरकर दर्जनों बाइक सवार जख्मी हो चुके हैं। सड़क निर्माण विभाग से बार-बार शिकायत करने के बाद भी आज तक उक्त गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को चला विशेष अभियान

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो में लोकसभा चुनाव 2023 को लेकर किए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में शनिवार व रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पदाधिकारी को 18-19 आयु वर्ग के कम से कम 10 नये मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने के लिए उनसे प्रपत्र 6 में आवेदन प्राप्त करने की जिम्मेवारी दी गई थी । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शनिवार व रविवार को सभी मतदान केन्द्रों पर शिविर आयोजित किए गए थे जहां बीएलओ द्वारा प्रपत्र 6 के साथ मतदाता सूची में नाम जोडने, उम्र पता आदि के सुधार हेतु प्रपत्र 7 व मृत या पलायन कर गए मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए प्रपत्र 8 में आवेदन स्वीकृत किए गए। इस अभियान में प्रतिनियुक्त बीएलओ के कार्य का अवलोकन करने के लिए सहायक निर्वाचक निबंधक सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम द्वारा कई मतदान केन्द्रों का दौरा किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संबंधित बीएलओ को 18-19 आयु वर्ग के नये मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने पर विशेष रूप से फोकस करने की सलाह दी। इस विशेष अभियान के दौरान पीरो प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर व तरारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सैकडों नये मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन जमा किए गए।

# बाइक सवार युवक को शराब के साथ गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड क्षेत्र के इमादपुर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बाइक सवार युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया। इमादपुर थाना पुलिस ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पूर्व इंग्लिश गांव से चारुग्राम गांव निवाशी पप्पू पासी को अपाची बाइक और 50 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।इमादपुर थाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# अलग अलग जगहों से पांच अवैध बालू लदा ट्रेक्टर जब्त, चालक फरार

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग थाना से वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पाच बालू लदा ट्रेक्टर जब्त किया गया। सिकरहट्टा थाना पुलिस ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान फतेहपुर बाजार से अबैध बालू लदा तीन ट्रेक्टर जब्त किया गया। वही तरारी थाना पुलिस ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पनपुरा गांव पुल के समीप से अबैध बालू लदा दो ट्रेक्टर जब्त किया गया। जब कि पुलिस को देखते ही चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। जब्त वाहन को थाना लगा गया।

# आई पी एस विकास वैभव पहुंचे पोठिया 4GS नि:शुल्क कोचिंग संस्थान

**उपस्थित श्रोताओं व छात्रों को दिए सफलता के कई मूल मंत्र**

**बिहार को बदलना है तो सक्षम लोगों को आगे आकर कमजोर लोगों का मदद करना है:विकास वैभव**



**अररिया ।**
भारत देश 2047 तक विकसित देश बनेगा ,अगर विकसित बिहार बनाना है तो परस्थिति बदलना होगा।अगर वर्तमान दौर में हम चलें तो ये संभव नही है ।कोई भी सरकार सभी को सरकारी नौकरी नही दे सकती है ।केवल सरकारी नौकरी के भरोसे हमें रोजगार नही मिल सकती है ।पुराणों मे उद्यमिता का वर्णन है जो हमारे व्यवसायी होने का प्रमाण देती है ।मिथिला की इसी पावन भूमि पर वेदों का विकास हुआ है ।ये वेदांत का भी क्षेत्र रहा है ।हम किसी भी धर्म को मानते है हम पूर्ण नही है ।जब हम किसी गुण के समूह को छोटा भी करते हैं तो उसका गुण नही बदलता है ।ईश्वर में असीम गुण है ।और हर आत्मा में परमात्मा बसती है ।स्वयं को कभी कमजोर नही समझना चाहिए ।बिहार ऋषियों की भुमि है ।वेदांत की दृष्टिकोण से हममें चारों गुण है ।यहाँ नंद वंश का शासन हुआ ।जो निम्न वर्ग से आते हैं ।चाणक्य की धरती पर चंद्र गुप्त राजा बने जिसकी जाति नही पूछी जाती है ।हम जाति के नाम पर हम मन के अंतरद्वंद मे फँसे है ।इससे उबरना होगा ।पहली बार अररिया आया हूं बहुत स्वागत हुआ ।सत्य का अंश एक दुसरे को जोड़ता है ।यदि बिहार को बदलना है तो सक्षम लोगों को आगे आकर कमजोर लोगों का मदद करना है ।हर व्यक्ति तक हमारा सोच पहुँचना यही कल्पना है ।बिहार बदलने के लिए प्रेरणा देने की जरुरत है ।इस अभियान मे शिक्षा एवं उद्यमिता ही उद्देश्य है ।अगर हम समुचित शिक्षा प्राप्त करेंगे तो नौकरी मिले न मिले रोजगार जरुर कर लेंगे। अखंड भारत का बिहार प्रणेता रहा है ।आज इस अभियान मे पचहत्तर हजार लोग जुड़े है ।कई जगह लोग नौकरी छोड़ कर रोजगार खड़ा कर लोगों को भी रोजगार दे रहे है ।सत्य के साथ चलने वाला राष्ट्र का विकास करता है ।अपनी माटी एवं पूर्वजों के संदेश को आपसे साझा कर रहा हुँ ।परिवर्तन की निरंतरता रत्नाकर को भी बाल्मीकि बना सकता है ।चंपारण एवं रोहतास में पुलिस अधिकारी के रुप मे अपने कार्य एवं अनुभव को भी साझा करते हुए कहा कि परिवर्तन से रोजगार संभव है उसके लिए जाति संप्रदाय से अलग होकर जुटेंगे तो ऐसा हो सकता है ।जीवन का लक्ष्य बिहार की स्मिता को फिर से उँचा करना है ।शिक्षा एवं नौकरी काल से ही बिहार को बदलने की सोच के साथ प्रयासरत रहा ।हर बिहार वासी के मन मे ये बात है लेकिन उचित जगह एवं माध्यम नही होने के कारण मन मे ही रखे हुए हैं ।बिहार तभी बदलेगा जब हमें स्वयं को बदलना होगा ।दुसरों को प्रेरित करना होगा ।अपने संबोधन के अंत मे आईपीएस अधिकारी आईजी विकास वैभव ने उपस्थित लोगों को बिहार को आगे बढ़ाने मे प्रेरित करने का संकल्प दिलाया ।इससे पहले आईपीएस अधिकारी विकास वैभव को फोरजीएस निःशुल्क कोचिंग स्स्थान के संचालक धीरज कुमार झा,मिथिला चेरेटेबल ट्रष्ट के अध्यक्ष ज्योतिष कुमार झा,एस एम पब्लिक स्कुल बरदाहा की ओर से सम्मानित किया गया ।संस्थान की ओर से आईजी विकास वैभव का स्वागत करते हुए त्रिलोक नाथ झा ने कहा कि इस सुदुर ग्रामीण क्षेत्र में यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र मे निःशुल्क कोचिंग दे रही है ।जिसे सहयोग आवश्यक है ।मौके पर अखंड ज्योति अस्पताल के आलोक कुमार,ट्राई ब्लु कोचिंग पटना के अमित आनंद,सेवा निवृत शिक्षक जटाधर झा,इंजीनियर मनोज कुमार झा,राजद नेता अविनाश आनंद सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे ।मंच संचालन रौशन भारद्वाज ने किया। मौके पर वरीय समाजसेवी ई.मनोज झा पूरी मुस्तैदी से वहां मौजूद रहे ।कार्यक्रम के सफल आयोजन मे संस्थान के डायरेक्टर पंकज कुमार, धीरज कुमार, शिक्षक सुशील सुमन, ज्योति झा, गोपाल झा, धनंजय कुमार, सहित अन्य सहयोगी की महती भूमिका रही। साथ ही उपस्थित महेंद्र यादव मुखिया, पैक्स अध्यक्ष विकास यादव, उपमुखिया नरेश झा सरपंच गगनदेव झा,ई मनोज झा संजय झा, सहित आसपास के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सबों ने श्री वैभव के प्रेरणादायी संबोधन का सराहना किया।

# वाहिनी मुख्यालय एवम समस्त बाहरी सीमा चौकियों पर एस एस बी ने आयोजित किया स्वच्छता पखवाड़ा



**अररिया।**
भारत सरकार के तत्वाधान में व श्री जोशी सागर प्रदीप, कार्यवाहक कमांडेंट 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में समस्त बाहरी सीमा चौकियों और वाहिनी मुख्यालय में दिनांक 01/12/2023 से 15/ 12/ 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कार्यक्रम के द्वारा जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसी के क्रम में , दिनांक 02/12/2023 को सीमा चौकी कुआंरी अंतर्गत स्कूली बच्चों स्थानीय लोग और बलकर्मियों के साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही, 03/12/2023 को विभिन्न प्रतिष्ठित स्थान पर समस्त सीमा चौकिया और वाहिनी मुख्यालय द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। तथा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अन्य कार्यक्रमों के प्रति भी स्थानीय लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,मोटे अनाज का उपयोग , नशा मुक्त भारत अभियान , महिलाओं को केंद्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती हेतु और अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी के साथ बता दूं कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का वास होता है इस कार्यक्रम में समवाय प्रभारी कुआंरी उप निरीक्षक जबर सिंह, समवाय प्रभारी मजरख निरीक्षक मानतुलम चेतन और अन्य लोग उपस्थित है।

# दुर्गा चौक शनिचर बाजार मे टूटी नाली से नागरिक परेशान

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) 3 दिसंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर के वार्ड 9 मे शनिचर बाजार दुर्गा चौक के समीप सड़क के बीच से गुजरने वाली नाली पर ढक्कन युक्त नाली निर्माण नहीं होने से स्कूली बच्चों महिलाओं और आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आने जाने वाली छोटी बड़ी गाड़ियां दुर्घटना का कई बार शिकार हो चुकी है आगे भी दुर्घटना होने का डर लगा रहता है ।बताते चलें कि इस मार्ग से शनिचर बाजार,अंबेडकर नगर, मस्जिद गली,ठाकुरबाड़ी रोड, दास मोहल्ला, मंगल बाजार आने जाने का एक प्रमुख मार्ग है। नाली पर लोहे के पाइप के जालीदारनुमा ढक्कन आने जाने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा बनावाया गया था लेकिन अब वह भी टूट गया है ।जिसके कारण इस क्षेत्र से गुजरने वाले आम नागरिक सहित छोटी गाडियां एवम साइकल सवार अकसरहा दुर्घटना का शिकार हो रहे है ।इसके निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा वार्ड प्रतिनिधि और नगर पंचायत के पदाधिकारीओ को कई बार लिखित एवं मौखिक सूचना दिया गया लेकिन अब तक इस कार्य पर कोई भी पहल नहीं किया गया है। नगर पंचायत नबीनगर के पूर्व अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद अग्रवाल एवम आस पास के लोगों ने क्षोभ व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि नाली का निर्माण की मांग पिछले कई महीनो से नगर पंचायत अध्यक्ष और कार्यपालक पदाधिकारी से किया गया है। लेकिन अब तक इस पर कोई भी पहल नहीं किया गया है।

# पटमदा टीम ने रचा इतिहास,15 साल बाद फाइनल में घाटशिला को सुपर ओवर में हरा कर जीता विजय बोस मेमोरियल ग्रामीण टूनार्मेंट का खिताब जीता

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**




पटमदा : बहरागोड़ा के वीणापाणि स्टेडियम में रविवार को 16वें विजय बोस मेमोरियल ग्रामीण क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच घाटशिला और पटमदा के बीच खेला गया जिसमें पटमदा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 10 विकेट पर 176 रन बना कर घाटशिला टीम को 177 रन का लक्ष्य दिया ।पटमदा टीम के बल्लेबाज अभिजीत दत्ता ने 39 और मानस दत्ता ने 44 रन की पारी खेला ।घाटशिला टीम के गेंदबाज प्रवीण कुमार पटेल और चिरंजीत प्रधान ने 2- 2 और ऋतिक गोड़ तथा सोनू सिंह ने 1- 1 विकेट लिया ।जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे घाटशिला टीम ने भी 30 ओवर में 8 विकेट 176 रन बनाया इस प्रकार रोमांचक मैच टाई हो गया ,घाटशिला टीम के बल्लेबाज रिशु कुमार साहू ने 44 रन और ललित ने 34 रन की पारी खेला पटमदा के गेंदबाज उद्धव मिश्रा और शुभम नाग ने 2-2 और अभिजीत दत्ता तथा प्रदीप कुमार ने 1- 1विकेट लिया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए घाटशिला टीम ने 1 ओवर में 1 विकेट पर 5 रन बनाया जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे पटमदा टीम ने 4 गेंद पर ही बिना विकेट खो कर 6 रन बनाकर मैच जीत कर 15 वर्ष बाद 16वीं विजय बोस मेमोरियल ग्रामीण टूनामेंट का चैंपियन बना। फाइनल मैच मे पटमदा टीम के अभिजीत दत्ता ने महत्वपूर्ण 39 रन और गेंदबाजी में भी 1 विकेट लेने पर उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और बहरागोड़ा के ऑलराउंडर निशिकांत को प्लेयर ऑफ द टूनामेंट चुना गया।

# तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत ने साबित कर दिया है कि देश में फिलहाल एक ही गांरटी चल रही है वो है "मोदी की गारंटी": प्रदीप कुमार सिंह

## यह आगाज है ,2024 में अंजाम तक पहुंचेगा- सांसद

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा**



तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के बाद देशभर के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं, अररिया जिला भाजपा कार्यकताओं द्वारा भी नगर स्थित चांदनी चौक पर ढोल नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया गया, जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा की अध्यक्षता इस जश्न समारोह में अररिया से भाजपा सांसद प्रदीप कुमार भी शरीक हुए, मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए सांसद ने कहा कि तीन राज्यों में मिली इस जीत ने साबित कर दिया है कि देश में फिलहाल एक ही गांरटी चल रही है वो है "मोदी की गारंटी" देशवासियों को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है और भाजपा पर भरोसा है, 2023 के आखिरी महीने में मिली इस जीत ने तय कर दिया कि 2024 में पुनः केंद्र में भाजपा की सरकार बननी तय है। सांसद ने तीन राज्यों में मिली इस जीत के भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। जश्न समारोह में लोकसभा संयोजक समरनाथ सिंह, पूर्व विधायक परमानंद ऋषिदेव, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक भगत , संतोष सुराणा , नगर अध्यक्ष संजय अकेला, जिला उपाध्यक्ष उदय शंकर उदय, नवीन यादव, लोकसभा विस्तारक पारस नाथ साह, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगा ऋषिदेव, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजेश सिंह , नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना जैन, महिला मोर्चा जिला महामंत्री ज्योति भगत, अन्नू मिश्रा, पूजा,प्रदीप पासवान, संजय यादव, पप्पू झा जी, जुबैर आलम, डीएन सिंह, अंकित कुमार, सुजीत कुमार विक्की विशाल, संजय मंडल, भरत ऋषिदेव , सुरेंद्र झा, नीरज झा संजय सिंह, छोटू के साथ सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईपीएस विकास वैभव पहुंचे पोठिया फोरजीएस नि:शुल्क कोचिंग संस्थान के कार्यो को सराहा




**पोठिया ।**
आईपीएस विकास वैभव ने पोठिया फोरजीएस निःशुल्क कोचिंग संस्थान के समारोह में अपने अनुभव और दृष्टिकोण से सफलता के मूल मंत्रों की बातें साझा की। उनकी प्रेरणा दायक संबोधन से उत्साहित होकर स्थानीय लोगों ने इस उद्देश्य के साथ जुटकर बिहार को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया ।इससे पहलेआईपीएस अधिकारी विकास वैभव को फोरजीएस निःशुल्क कोचिंग स्स्थान के संचालक धीरज कुमार झा,मिथिला चेरेटेबल ट्रष्ट के अध्यक्ष ज्योतिष कुमार झा,एस एम पब्लिक स्कुल बरदाहा की ओर से सम्मानित किया गया ।संस्थान की ओर से आईजी विकास वैभव का स्वागत करते हुए त्रिलोक नाथ झा ने कहा कि इस सुदुर ग्रामीण क्षेत्र में यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र मे निःशुल्क कोचिंग दे रही है ।जिसे सहयोग आवश्यक है ।मौके पर अखंड ज्योति अस्पताल के आलोक कुमार,ट्राई ब्लु कोचिंग पटना के अमित आनंद,सेवा निवृत शिक्षक जटाधर झा,इंजीनियर मनोज कुमार झा,राजद नेता अविनाश आनंद सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे ।मंच संचालन रौशन भारद्वाज ने किया ।कार्यक्रम के सफल आयोजन मे संस्थान के डायरेक्टर पंकज कुमार, धीरज कुमार, शिक्षक सुशील सुमन, ज्योति झा, गोपाल झा, धनंजय कुमार, सहित अन्य सहयोगी की महती भूमिका रही। साथ ही उपस्थित महेंद्र यादव मुखिया, पैक्स अध्यक्ष विकास यादव, उपमुखिया नरेश झा सरपंच गगनदेव झा,ई मनोज झा संजय झा, सहित आसपास के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सबों ने श्री वैभव के प्रेरणा दायी संबोधन का सराहना किया।

# हिंदी हार्ट लाइन के तीनों राज्यों में चुनाव के सकारात्मक जनादेश ने एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी नीतियों पर लगा दी मुहर: रंजीत यादव



**अररिया।**
मध्यप्रदेश में भाजपानीत गठबंधन सरकार की प्रचंड तरीके से वापसी व राजस्थान,छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने व तेलांगना में शानदार प्रदर्शन पर अररिया लोकसभा सीट से भाजपा के ताकतवर व प्रबल दावेदार युवा दिलों के धड़कन रंजीत यादव ने मिठाई खिलाकर सबों को बधाई दिया। रंजीत यादव ने अपने फर्म हाऊस आश्रम चौक अररिया पर पत्रकारों से रू ब रू होते हुए इस जीत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिंदी हार्ट लाइन के तीनों राज्यों में चुनाव के सकारात्मक जनादेश ने एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी नीतियों पर ना सिर्फ मुहर है बल्कि सर्व समाज के विकास के स्थापित नये कृतिमान स्वरूप भाजपा में जनता के अटूट विश्वास की जीत है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ की जनता ने जाति धर्म जैसे सभी समीकरणों से ऊपर उठकर छद्म धर्मनिरपेक्षता का ढोंग करने वाली परिवारवाद की पोषक पार्टियों तथा मोहब्बत के दुकान के नाम पर नफरत की फैक्ट्री चलाने वालों देश में जातीय आधारित राजनीति को हवा देने के भारत जोड़ो के नाम पर भारत को तोड़ने वालो के साथ खड़ा रहने वालों और तुष्टिकरण के नाम पर सनातन धर्म का अपमान की राजनीति करने वाले को नकार दिया है,और राष्ट्रवाद से प्रेरित भाजपा के सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के नीति और सुशासन तथा सशक्त नेतृत्व के साथ पीएम मोदी के गारंटी पर अपने भरोसे की मुहर जनता ने लगायी है,उन्होंने भाजपा के अदभुत विजय के सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गृहमंत्री अमित शाह साथ साथ मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ ,तेलांगना में कार्यरत नेतागण असंख्य कार्यकर्ताओ, समर्थकों व मतदाताओं के प्रति श्री यादव हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी ।

# मध्य विद्यालय नबीनगर मे डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) 3 दिसम्बर 2023 नगर पंचायत नबीनगर स्थित मध्य विद्यालय के प्रांगण में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 139 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई ।विद्यालय परिसर स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की स्मारक पर विद्यालय के शिक्षकों छात्रों एवम अन्य गणमान्य लोगो ने पुष्प अर्पित कर डॉ राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र प्रिंस कुमार, बिट्टू कुमार ,अहमद कुमार, आयुष कुमार ,सुहेल कुमार, गुरप्रीत कुमार, एवम अमन कुमार के द्वारा भाषण के माध्यम से डॉ राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। साथ ही गीत एवं संगीत के माध्यम से बच्चों ने अपने अपने कला प्रदर्शन भी किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक परिमल कुमार सिन्हा ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे और वे पहले ऐसे राष्ट्रपति हुए जो भारत में दो बार राष्ट्रपति बने। कार्यक्रम में शिक्षक शिवपूजन चौधरी , संतोष कुमार सुमन, मोबीन खान, मध्य विद्यालय चंद्रगढ़ के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह, पूर्व शिक्षक शंकर प्रसाद सहित विद्यालय के छात्र उपस्थित थे

# तीन राज्यो मे भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) पांच राज्यो में हुए विधान सभा चुनाओं मे चार राज्यों की परिणामों के घोषणा के बाद तीन राज्यो मे भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड सफलता से उत्साहित होकर नबीनगर मे जिला प्रवक्ता वीरेंद्र की नबीनगर स्थित आवास पर भाजपाइयों ने जीत का जश्न मनाते हुए आपस मे मिठाईयां बांटी और अबीर गुलाल उड़ाए। मौके पर भाजपाइयों ने कहा कि पार्टी को मिली तीन राज्यो मे बहुमत यह सिद्ध करता है कि तीनो राज्यो की जनता ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था रखते हुए मतदान किया और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए ।मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, नगर महामंत्री मुन्ना सिंह,सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, समरेंद्र सिंह, सिंटू कुमार,सहित अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# 64 नव पदस्थ आरक्षियों का 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया वाहिनी मुख्यालय में हुआ पदस्थापन

**11 महीने के कठिन प्रशिक्षण के उपरांत इन नव आरक्षियों को सीमा रक्षण की सौपीं जाएगी जिम्मेवारी**

**अररिया।**
64 नव पदस्थ आरक्षियों का 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया वाहिनी मुख्यालय में पदस्थापन हुआ है। इस आशय की जानकारी देते हुए जोशी सागर प्रदीप, उप कमान्डेंट, कार्यवाहक कमान्डेंट ने बताया कि 02/12/2023 को 64 नव पदस्थ आरक्षियो का स्वागत समारोह का आयोजन वाहिनी मुख्यालय अररिया में किया गया। 11 महीने के कठिन प्रशिक्षण के उपरांत इन नव आरक्षियों अररिया जिले का (भारत-नेपाल) सीमा रक्षण की जिम्मेवारी सौपीं जाएगी । ताकि अररिया जिले के सीमावर्ती क्षेत्रो कुचहा से डुमरिया तक सीमा की निगरानी और सुदृढ़ की जा सके। इस कार्यक्रम में उपनिरीक्षक तपन कुमार बोस, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, सहायक उपनिरीक्षक दीपक जोशी, मुख्य आरक्षी जगत नारायण सिंह, मुख्य आरक्षी सुरेन्द्र सिंह, आरक्षी राहुल कुमार, आरक्षी प्रफुल व अन्य कार्मिक उपस्थित थे ।

# मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब को आईपीएस विकास वैभव के द्वारा किया गया सम्मानित

**फारबिसगंज ।**
फारबिसगंज के वर्ल्ड पाई स्कूल में लेटस इंस्पायर बिहार चैप्टर अररिया की तरफ से एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया को खेलकूद में बेहतर योगदान के लिए 2003 बैच के आईपीएस आईजी श्री विकास वैभव के द्वारा फारबिसगंज में क्लब के पदाधिकारीयो सम्मानित किया गया और और भविष्य में भी खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए आईजी श्री विकास वैभव ने अपनी शुभकामनाएं दी. क्लब की ओर से अध्यक्ष श्री सत्येंद्र नाथ शरण सचिन इश्तियाक आलम जिला पार्षद उपाध्यक्ष जकी अंसारी कार्यालय सचिव मोहतसिम जुबेरी पी आर ओ तंजील अहमद (झुन्नु )मौजूद रहे ! आप सबको बताते चलें कि मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया खेलकूद शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों के के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान करती आ रही है मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया अररिया में फुटबॉल को विशेष रूप से आगे बढ़ने का काम लगातार करती आ रही है !



# दिवंगत सांझा देवी के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर समाजसेवी संजय मिश्रा ने दिया श्रद्धांजलि

**कर्ता विश्वनाथ झा से मिलकर प्रकट किया शोक संवेदना**

**फारबिसगंज ।**
समाजसेवी संजय मिश्रा शनिवार संध्या फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत रमई वार्ड नंबर 8 निवासी दिवंगत सांझा देवी के निधन पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे ।उन्होंने



दिवंगत सांझा देवी के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर बासुकीनाथ झा, बिंदु कांत मिश्रा विवेकानंद झा,भोला नाथ झा, शिक्षक आदित्य विशाल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# 4 राज्यों के 628 में 344 विधायकों के जीत पर जनता को बधाई :आलोक

**अररिया।**
विधानसभा चुनावों में अभूतपूर्व विजय एवं अपार समर्थन के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की जनता और कार्यकताओं का हार्दिक अभिनंदन।

**जनता-जनार्दन को नमन!**



भाजपा पर अपना स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद बरसाने के लिए मैं इन सभी राज्यों के परिवारजनों का नमन, पार्टी के सभी परिश्रमी कार्यकताओं का विशेष रूप से आभार!
उक्त बातें जश्न माहौल के बीच ज़िला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आलोक भगत उर्फ बमशंकर भगत ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अद्भभुत मिशाल पेश की है। भाजपा की विकास और गरीब कल्याण की नीतियों को आपने जिस तरह लोगों के बीच पहुंचाया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है। हम विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हमें ना रुकना है, ना थकना है। हमें भारत को विजयी बनाना है। आज इस दिशा में हमने मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी मे लगा चक्षु एवं दांत के रोगों से संबंधित परामर्श शिविर

**अररिया, (रूबी बिनीत)।**
रविवार को रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा अररिया में चक्षु एवं दांत के रोगों से संबंधित इलाज एवं परामर्श हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया।



इस शिविर में लगभग 45 व्यक्ति लाभान्वित हुए शिविर में दवा मुफ्त दी गई।
इलाज एवं परामर्श हेतु दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मैत्री एवं उनके सहायक भवानी भारती तथा चक्षु रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर अजय कुमार तथा उनके सहयोगी रामकुमार जी ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।
इस शिविर को सफल बनाने में वाइस चेयरमैन विजय कुमार, मानद सचिव प्रहलाद शरण वर्मा, संयुक्त सचिव सरवर आलम, कार्यकारिणी के सदस्य डॉक्टर ऋषभ राज, अमर कुमार, विश्वनाथ प्रसाद, दीपक कुमार सिन्हा, डॉक्टर सुमित कुमार झा, उमेश चौधरी, सूरज कुमार आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# तीन राज्यों में प्रचंड जीत की खुशियां नगर में मिठाई बाटकर बनाई गई

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी रामनगर भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर ने आज दिन रविवार शाम 4:00 बजे तीन राज्यों में प्रचंड जीत की खुशियां नगर में मिठाई बाटकर बनाई गई। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा यह जो



शानदार जीत है, यह प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की दी हुई गारंटी का है जिनका मंत्र है- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, साथ मे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जे.पी. नड्डा जी के कुशल नेतृत्व रणनीत के साथ यह जीत जनता की है जिसने कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा को अपनाने का काम किया है।आगामी आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तीनों राज्यों की जनता ने अपने मोहर लगा दिया है। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सत्येंद्र सिंह पिंटू, महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता, मंडल अध्यक्षअजय प्रताप सिंह, नंदलाल चौहान, जितेंद्र पांडेय, अशोक जायसवाल, सुनील श्रीवास्तव, सुनील सिंह, अर्जुन शर्मा, वी के दुबे, पवन सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, संजय बाल्मिकी, सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव, विनोद पटेल, सुनील गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील मालाकार, प्रमुख रूप से रहे।

# विश्व दिव्यांगता दिवस समारोह दिव्यांगो के साथ, समाज का विकास

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी। विश्व दिव्यांगत्ता दिवस के उपलक्ष्य में देवा केंद्र कमच्छा के प्रांगण में एक अद्वितीय समारोह का आयोजन ' दिव्यांगो के साथ, समाज का विकास '।

अंतर राष्ट्रीय दिव्यांगत दिवस 2023 के उपलक्ष्य में कमच्छा स्थित देवा केंद्र के प्रांगण में देवा इंटरनेशनल सोसायटी फॉर चाइल्ड केयर के द्वारा दिव्यांग समागम का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समक्ष में प्रचलित फक्त फहमियों तथा अंध विश्वासों जैसे ये दिव्यांग किसी लायक नही हैं, अपने पैर पर खड़े नही हो सकते, कुछ कम नहीं सकते एवम अपने परिवार को केवल दुख देते हैं , जैसे कथनों को गलत साबित करना था एवम जनता में इस बात को दिखाना था कि ' दिव्यांगों के साथ समाज का विकास' संभव ही नहीं बल्कि हो रहा है । इस अवसर पर प्रांगण में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता से ग्रसित लगभग सौ कौशलों से अपनी पहचान भी बनाई।

समारोह का स्वागत डॉक्टर तुलसी , संस्था अध्यक्ष , ने किया और कहा कि आज का यह कार्यक्रम संस्था के विगत 40 वर्षों की अनवरत पुनर्वास कार्यक्रम का परिणाम है।

समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीभास सुपकार एवम प्रोफेसर कुलदीप सिंह , अध्यक्ष सक्षम, काशी प्रांत, रोटेरियन रवि नंदन तिवारी, अध्यक्ष,रोटरी क्लब, शिव गंगा, विशिष्ट अतिथियों जॉन मैक्स टस्सेल, डॉक्टर आनंद शील, मिशेल द्वारा दीप प्रज्वलन कर दिव्यांग समागम समारोह की शुरूवात की गई।



मुख्य अतिथि पद्मा श्री सृभास सुपकर जी ने कहा कि हम सभी का पहला उद्देश्य होना चाहिए कि इन दिव्यांग जनों के साथ कोई भेद भाव न हो, ये भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं । प्रोफेसर कुलदीप सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजन समान अनुभूति का अनुभव करें। आप सभी दिव्यांग जनों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। जॉन मैक्स टस्सेल ( फ्रांस से आए सामाजिक कार्यकर्ता एवं मनोवैज्ञानिक) ने अपने अहिरवाचन में कहा कि इन बच्चों को स्नेह के साथ रखें, ये बच्चे प्यार के सूचक हैं । समारोह का मुख्य आकर्षण दिव्यांग वयस्कों के साथ उनके हुनरों के बारे में जनता के साथ संवाद था जिसका प्रमुख आकर्षण वसंत कन्या महाविद्यालय के ' मानसवानी क्लब' के मनोविज्ञान की छात्राओं द्वारा दिव्यांग के साथ मिल कर फैशन शो , डांस, म्यूजिकल चेयर , फेस पेंटिंग तथा मिस्ट्री बॉक्स था। वयस्क दिव्यांग जनों द्वारा कई तरह के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमे मुख्य रूप से मोटे अनाज के खाद्य सामग्री, ज्वैलरी के आइटम, विभिन्न तरह के अचार के स्टॉल, स्कार्फ, बैग, स्टेशनरी के स्टॉल आकर्षण के केंद्र थे। कार्यक्रम में यूथ फॉर जॉब चेशायर डिसेबिलिटी ट्रस्ट वयस्क द्वारा दिव्यांग जनों के लिए जॉब फेयर लगाया गया था।

समारोह में रोटरी क्लब , वाराणसी शिव गंगा के द्वारा बड़ों तथा बच्चों की प्रतिभावों को देखते हुए विभिन्न आकर्षक उपहारों द्वारा उनको प्रोत्साहित किया गया। समारोह के अंत में मशाल जला कर यह प्रण लिया की आज से हम सभी दिव्यांग जनों के साथ मिलकर एक नए समाज का निर्माण करेंगे और उसमे दिव्यांग की भागेदारी हर क्षेत्र में होगी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन संस्था सचिव श्याम लाल पटेल ने किया। अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर योगेंद्र पड़े, शिक्षा संजय बीएचयू, डॉक्टर सी दीपिका दास, प्रोफेसर शुभ्रा सिन्हा, राम नारायण, विजय, प्रमोद, पूनम, मोनिका, विद्या पटेल, आइडिया के सोनू पटेल, राजीव, प्रदीप, अनुपमा, साधना, शिवानी व्यास, दिशारी, दृष्टि बनौला, सत्या, दिव्यता, अन्विता, जीविका, रितिका, आर्या, श्रद्धा, वयस्क दिव्यांग जनों में तौहीद आलम, मनीष, सुची, कृष्ण, जय कुमार, शुभम, आशीष, शिव शंकर इत्यादि लोग मौजूद थे।

# शादी समारोह में चोरों ने उड़े नगद सहित लाखों के आभूषण

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी। आशापुर चौराहा के समीप एक लान में शादी समारोह के दौरान रविवार को भोर में दो बजे दुल्हन की माँ का नकदी सहित लाखों का आभूषण चोरी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस लान में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार आशापुर चौराहा के समीप स्थित एक लान में ठाकुरा, थाना-रामगढ़, जिला-भभुआ (कैमूर) बिहार निवासी भरत सिंह की पुत्री एवं कोचस (रोहतास) बिहार निवासी रविन्द्र कुमार सिंह के पुत्र की शादी दो दिसंबर को शादी थी। जयमाल के बाद मंडप में शादी की तैयारी चल रही थी। लड़की की माँ कुमारी बिन्दा अपने पर्स में चार सोने की चेन, तीन अंगूठी, कान का झुमक, तीन जोड़ी पायल एक लाख रुपया नकद व एक मोबाइल रखी थी। पर्स को अपने बगल में रखी थी। इसके बाद उठकर दूसरी जगह चली गई। कुछ देर बाद वापस आई तो पर्स गायब था। इसके शादी समारोह में हलचल मच गई। इसके बाद लड़की पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। इस बाबत दुल्हन के छोटे भाई हिमांशु सिंह ने पुलिस को लिखित तहरीर दे दी। हिमांशु ने बताया कि लान के सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति पर्स को उठाकर ले जाते हुए दिखाई दिया है। आशापुर चौकी प्रभारी ईश्वर चन्द्र यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। सीसी फुटेज खंगाला जा रहा है। जल्द ही पकड़े जायेगे।

# कैबिनेट मंत्री ने किया नवनिर्मित बारात घर का लोकार्पण

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

चिरईगांव/वाराणसी प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने रविवार को शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के सरायमोहाना में विधायक निधि से 17.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित बारात घर का फीता काट कर लोकार्पण किया। यहां आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बारात घर का निर्माण होने से गांव के लोगों को सहुलियत होगी। कैबिनेट मंत्री ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर वहां की जनता को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश व विदेश में भारत का डंका बज रहा है।आज देश उनकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। ऐसे में जनता ने एक बार फिर 2024 नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही सभीं जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए जनप्रतिनिधियों व पार्टी कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे इसे पात्र ब्यक्तियों तक पहुंचाने के लिये संकल्प लें। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व कैविनेट मन्त्री के प्रतिनिधि संजय सिंह, कमलेश मौर्या,मंजू साहनी,अवनीश पाठक ,गौरव सिंह,अजय पाण्डेय, अनिल सोनकर, नवीन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# सीएमओ मिजार्पुर ने पीएचसी पड़री में तैनात दो फार्मासिस्टों को किया निलम्बित

**प्रभारी मंत्री नन्दी ने निरीक्षण के दौरान कमी मिलने पर जांच कर कार्रवाई का दिया था निर्देश**

**जांच टीम द्वारा कमियां मिलने पर की गई कार्रवाई की संस्तुति**

***स्टॉक में दवा की शीशी मिली थी कम, एन्टी स्नैक वेनम व सिफलिक्स किट मिला था एक्सपायरी**

**जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः नन्दी**

**शनिवार को जारी हुआ निलंबन आदेश**

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिलता रहे और अधिकारी व कर्मचारी निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं जनपद मिजार्पुर के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पिछले दिनों जनपद मिजार्पुर में दो दिन प्रवास किया था। इस दौरान कई स्थानों पर निरीक्षण एवं भ्रमण के दौरान कमियां मिलने पर अधिकारियों को जांच व कार्रवाई का आदेश दिया था। जिस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में प्रभारी मंत्री नन्दी द्वारा पाई गई कमियां सही मिलने पर सीएमओ मिजार्पुर ने शनिवार को वहां तैनात दो फार्मासिस्टों को निलम्बित कर दिया।

दिनांक 21 नवंबर को अपने प्रभारी जनपद मिजार्पुर में प्रवास के दौरान मंत्री नन्दी ने धान क्रय केंद्र, राजकीय चिकित्सालय, आंगनबाड़ी केंद्र, राजकीय चिकित्सालय, प्राथमिक विद्यालय के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री का औचक निरीक्षण किया था। जहां मंत्री नन्दी ने दवाओं के साथ ही स्टॉक रजिस्टर को चेक किया था। इस दौरान मंत्री नन्दी ने रजिस्टर मेंटेनेंस के साथ ही दवाओं के रख-रखाव में कमी मिलने और कुछ एक्सपायरी दवाएं मिलने पर जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को सम्बंधित फार्मासिस्टों के खिलाफ जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मंत्री नन्दी के आदेश पर सीएमओ मिजार्पुर ने टीम बनाकर जांच कराई तो जांच में कई खामियां सामने आई। सीएमओ द्वारा गठित टीम की जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में मेट्रोनिडाजोल सीरप की 200 शीशी कम मिली, जिसका हिसाब मेंटेन नहीं था। यही नहीं औषधि वितरण रजिस्टर नहीं मिला, जिसे सम्बंधित फार्मासिस्टों द्वारा बनाया ही नहीं गया था। जांच में स्टॉक बुक एवं अन्य अभिलेखों का रख-रखाव सही प्रकार से नहीं मिला। एन्टी स्नैक वेनम व सिफलिक्स किट एक्सपायरी मिला था। साथ ही जांच में दवाओं की जानकारी एवं तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया गया। जांच समिति द्वारा जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में तैनात फार्मासिस्ट राकेश कुमार शर्मा एवं फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार द्वारा बरती गई लापरवाही की पुष्टि होने पर निलम्बन की संस्तुति की गई। जिसके आधार पर मुख्य चिकित्साधिकारी मिजार्पुर सीएल वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में तैनात फार्मासिस्ट राकेश कुमार शर्मा व प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए आदेश जारी किया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंत्रीगणों का जनता के बीच जाना, जनचौपाल आदि का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित और अछूते रह गए लोगों को विकास की धारा में शामिल करना है। अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहें, यह भी सुनिश्चित करना है। ताकि आम जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलता रहे, लेकिन जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने और कमी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थिति में घर से बीस किलो मीटर दूर मिला कार चालक का शव

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

मिजार्मुराद। हरपुर गांव में रिंग रोड के सर्विस रोड के किनारे चाय पान की दुकान के पास मड़ई में रखे तखत पर रविवार की सुबह एक युवक मृत अवस्था में पड़ा रहा सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो देखा एक शव पड़ा जिसके बाद दुकानदार हरपुर गांव निवासी रमेश राजभर ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दिया।ग्राम प्रधान हरपुर शिवकुमार ने शव की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी सचिन पटेल ने सूचना देकर मौके पर फिंगरप्रिंट को बुलाकर जांच करवाने के बाद। शव का फोटो खिंच नेट के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुपो पर वायरल किया तो शव की पहचान शिवपुर थानांतर्गत भुसोला (कादीचक) निवासी काशीनाथ कश्यप पुत्र बांकेलाल उम्र (47) वर्ष के रूप में हुआ।चोलापुर थाना क्षेत्र के दशनीपुर ग्राम प्रधान शैलेन्द्र कुमार पटेल ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दिया।सूचना पर पहुंचे मृतक के साले मनोज कश्यप ने शव का पहचान कर अपने बहन को सूचना दिया।साले मनोज ने बताया कि शनिवार को बारह बजे जीजा एक शादी में बाबतपुर जाने को कहकर घर से निकले थे।लेकिन देर रात तक घर नही पहुंचे तो बहन के साथ हम लोग रात में काफी खोजबीन किये सुबह सूचना मिली कि मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के हरपुर रिंग रोड के पास मृतक अवस्था में शव मिला है।मृतक की पत्नी शव के पास पहुंचकर लिपिट कर दहाड़ मारकर रोने लगी।मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था और मूल रूप से बड़ागांव थाना क्षेत्र के भिखारीपुर (साधौगंज) का निवासी था।कुछ सालों से ससुराल में जमीन लेकर घर बनवाकर परिवार के साथ रह रहा था।मृतक को एक पुत्र अनुराग व दो पुत्री सुंन्या व वैष्णवी बताई गई।मृतक कुछ माह से खुद का स्विफ्ट कार लेकर चलाता था।मृतक की पत्नी माया कश्यप हरहुआ ब्लॉक में कंप्यूटर ऑपरेटर पोस्ट पर कार्यरत है।इस बाबत चौकी प्रभारी खजुरी सचिन पटेल ने बताया कि मृतक के पत्नी से पोस्टमार्टम के लिये तहरीर ले लिया गया है पोस्टमार्टम के बाद ही कन्फर्म होगा कि युवक की मौत कैसे हुई है।वही परिजनों का कहना रहा कि शादी में जाने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन ये घर से बीस किलोमीटर दूर दूसरे रास्ते पर कैसे पहुँचे परिजनों ने जहर देकर हत्या की आशंका जताया ।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा।

# ब्रेड के दुकानदार ने फांसी लगाकर की इहलीला समाप्त

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

काशी विद्यापीठ/लोहता थाना क्षेत्र के न्यू बहार मार्केट में रविवार की सुबह एक व्यक्ति ने पंखे के हुक में नाईलान की रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दिया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौकेपर पहुंच शव को निचे उतरवाकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बिहार औरंगाबाद जिले के बखोरा गांव निवासी पिन्टू सिंह 50 वर्ष इसी थाना क्षेत्र के गोपालपुर कोरौता में मकान बनवाकर आठ साल से परिवार के साथ रहते थे और न्यू बहादुर मार्केट में बबलू सोनकर के मकान में ब्रेड की दुकान खोले थे। रविवार की सुबह दुकान खोलकर बैठे थे। इसी बीच ब्रेड की गाडी आई उससे ब्रेड लेने के बाद दुकान की छत में पंखा टांगने के लिए लगे हुक में नाईलान की रस्सी से फांसी लगा लिया। ब्रेड लेने के लिए एक ग्राहक पहुंचा तो देखा वह पंखे से लटक रहे है। तो वह चिल्ला कर आसपास के लोगों को बुलाया। आसपास के लोग आकर पुलिस को सूचना दिए। पुलिस मौंके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया की जांच की जा रही है। कैसे फांसी लगाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। फोरेंसिक टीम पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। मृतक की पत्नी का नाम स्वीटी देवी है। दो लडके है विरू 10 और सचीन 13 पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# वार्षिक प्रदर्शनी में छात्राओं की दिखी प्रतिभा

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी।। गुरुनानक खालसा बालिका इण्टर कालेज में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इस वार्षिक प्रदर्शनी में छात्राओं की प्रतिभा दिखी। इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल की छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल के सौ से अधिक छात्राओं ने अपने मॉडल को प्रदर्शित किये। प्रदर्शनी का शुभारम्भ एडिशनल पुलिस कमिश्नर डा० शि-वसिम्पी चन्नप्पा वाराणसी के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन और गणेश वंदना के साथ हुयी। विद्यालय की छात्राओं ने कौशल प्रयोग करते हुये। का विभिन्न रासायनिक विज्ञान के प्रयोग के लिये स्टॉल लगाये गये। प्रदर्शनी में जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गृह विज्ञान, कला के प्रयोग किये गए। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्राओं के बनाए मॉडल और उसकी प्रतिमा की सराहना की। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने छात्राओं से हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी। कहा कि छात्राएँ हमेशा कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी उर्जा को लगाएं। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज इनोवेशन का जमाना है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है और इससे अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने विज्ञान के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल




दिया। प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह जी व जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय) सोमारू प्रधान जी की उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि अवघ किशोर सिंह जी ने छात्राओं पत्राओं से मॉडलों के बारे में पूछा और छात्राओं की प्रतिभा को सराहा। कहा कि आज हम विज्ञान में नई-नई खोज करके अपने जीवन को आसान बना रहें है। आज वर्तमान जीवन विज्ञान के भरोसे चल रहा है। आज विज्ञान प्रयोगशाला को ज्यादा ध्यान देने की आवश्कता है। यह भी कहा कि छात्राओं द्वारा लगाये गये मॉडल अति सराहनीय है और आने वाला कल इन सभी बच्चों का है। साथ ही साथ सोमारू प्रधान जी ने कहा कि छात्राओं द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी अति सराहनीय है जिसमें छात्राओं की प्रसुप्त प्रतिभा की झलक दिखीं। प्रदर्शनी से काफी उत्साहित दिखे और कहा कि छात्राओं ने प्रदर्शनी लगाकर काफी सराहनीय कार्य किया। सर्वश्रेष्ठ मॉडलः भौतिक विज्ञान में चन्द्रयान-3, रसायन विज्ञान में Artificial Rain, जीव विज्ञान में Stage of Human evalution, गणित में अनुपात, वाणिज्य में व्यापार के सहायक, कम्प्यूटर में Robot and Computer Set, गृह विज्ञान में कियाशील पवन चक्की, संस्कृत में राम मन्दिर, पंजाबी में स्वर्ण मन्दिर, समाजिक विज्ञान में G20. कला में नारी शक्ति, संगीत में वाद्यो का वर्गीकरण, शारीरिक शिक्षा में वॉलीबॉल कोर्ट, इंग्लिश में Snow white, हिन्दी में कैकयी अनुताप रहा। छात्राओं के उत्साहवर्द्धन के लिय स्कूल की निर्देशिका जगजीत कौर जी ने बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यकम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका रीमा चौरसिया तथा स्वागत विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती सुमेधा ने किया गुरूनानक स्कूल की निदेशिका श्रीमती जगजीत कौर ने सभी अतिथियों का शुकाना अदा किया इस कार्यकम के लिये विद्यालय की सभी छात्राओं को अपना आर्शीवचन दिया तथा सभी शिक्षिकाओं को इस प्रशंसनीय कार्य के लिये धन्यवाद दिया। इस मौके पर गुरूनानक इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाध्यापिका नीलू कौर आदि मौजूद रहीं।

# पालीगंज में सुधा बूथ की दुकान का ताला तोड़कर 50 हजार की चोरी

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ बीते शनिवार की रात स्थानीय बाजार स्थित थाना से महज कुछ ही दूरी पर स्थित शिव मंदिर के पास सुधा बूथ की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात लोगों ने पांच हजार रुपये नगद सहित पचास हजार रुपये की समान चुरा लिया।




जानकारी के अनुसार पालीगंज के बोरिंग रोड मुहल्ला निवासी सूदर्शन प्रसाद के पुत्र आदित्या राज थाना से कुछ ही दूरी पर स्थानीय बाजार स्थित शिव मंदिर के पास लोहे की गुमटी ने सुधा डेयरी का बूथ चलाता है। प्रतिदिन की तरह वह शनिवार की शाम बूथ पर दुकान में ताला लगाकर घर चला गया। जब वह रविवार की सुबह बूथ पर पहुंचा तो दुकान का ताला कटा हुआ पाया। जब दुकान की तलाशी लिया तो टूटे हुए गल्ले से पांच हजार नगद, पनीर, दूध व मलाई सहित लगभग 50 हजार रुपये की समान गायब पाया। जिसे देख पीड़ित आदित्या राज ने पालीगंज थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दिव्या गुंजन बनी भाजपा के बिहार प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष कार्यकताओं में खुशी का लहर

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ दिव्या गुंजन को भाजपा के बिहार प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पटना जिला ग्रामीण के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर छा गई है।

जानकारी के अनुसार लम्बे अरसे से दिब्या गुंजन भाजपा पार्टी से जुड़कर सक्रिय जरीजरता जे रूप में कार्य कर रही थी। जिसके पार्टी के प्रति कार्यकलाप, समर्पण व निष्ठा को देखकर पार्टी के वरीय पदाधिकारियों व कार्यकताओं के द्वारा लिए गए निर्णय के बाद पार्टी की ओर से दिब्या गुंजन को भाजपा के बिनसर प्रदेश महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह सूचना भाजपा के बिहार प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने एक मनोनयन पत्र जारी कर दिया है। जिसके बाद पालीगंज जे भाजपा कार्यकताओं के बीच खुशी की लहर छा गयी है।



वही कार्यकर्ताओ ने बधाई दिया है। बधाई देने वालो में भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पाटलिपुत्र लोक सभा के सांसद रामकृपाल यादव, भाजपा के पटना जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, निवर्तमान जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार, पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा, पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी, विक्रम विधान भाजपा प्रत्याशी अतुल कुमार, पटना जिला युवा मोर्चा महामंत्री धीरज कुमार गुप्ता, बिरेन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार, संदीप गुप्ता, नारायण कुमार, विनोद कुमार, अखिलेश यादव, रेनू देवी सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता शामिल है।

# पालीगंज में शोभा यात्रा के साथ हुआ नौ दिवसीय श्रीरामकथा महोत्सव की शुरूआत

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ स्थानीय बाजार स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में र-विवार को शोभा यात्रा के साथ नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव की शुरूआत की गई।

जानकारी के अनुसार पालीगंज में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव के पहले दिन कथावाचक अयोध्या से आये सन्त श्री प्रभुदासजी महाराज के सानिध्य में बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा कथास्थल पालीगंज उच्च विद्यालय खेल मैदान से निकलकर धरहरा गांव होते हुए उलार्क सूर्य मंदिर पहुंची। जहां स्थित चमत्कारी तालाब में सैकड़ो श्रद्धालुओ ने मंत्रोच्चारण के साथ अपने अपने कलशों में जल भरे। वहां से पुनः चलकर पालीगंज स्थित कथास्थल पहुंचे। जहां सभी कलशों को स्थापित किया गया। उस-के बाद नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव की शुरूआत किया गया।

पूरे शोभा यात्रा के दौरान मौके पर पूर्व मुखिया चन्द्रसेन वर्मा, रवीश कौण्डिल्य व सुदेश्वर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पालीगंज में भाकपा माले का 14 वां प्रखंड सम्मेलन सम्पन्न

**समाज जागरण वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ रविवार को पालीगंज स्थित उच्च विद्यालय परिसर में माले का 14 वां प्रखंड सम्मेलन सम्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार नसुके पर माले की ओर से 19 सदस्यी प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसका सचिव सुरेंद्र पासवान को कमेटी द्वारा सर्व समिति से चुन लिया गया। प्रखंड सम्मेलन में कई प्रतिनिधि साथियों ने पार्टी कामकाज के रिपोर्ट पर मजबूती से बहस किया और भाकपा माले को बूथ स्तर तक नए पार्टी सदस्य की भरती और बूथ कमेटी बनाने व पार्टी को मजबूत बनाते हुए आने वाला 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने और इंडिया गठबंधन को धारदार बनाने का संकल्प लिया। इस प्रखंड सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य व पटना जिला कमेटी के सचिव कामरेड अमर जी, सम्मेलन के पर्यवेक्षक बिहार राज्य कमेटी के सदस्य कमलेश कुमार, पालीगंज के स्थानीय विधायक संदीप सौरभ, जिला कमेटी सदस्य बिनेश चौधरी व अनवर हुसैन ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया। मौके पर सैकड़ो माले कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुराज अभियान को लेकर पालीगंज में किया गया बैठक

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ रविवार को स्थानीय बाजार में जन सुराज अभियान को लेकर बैठक किया गया।

जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता मोहन चौधरी व संचालन जन सुराज के पालीगंज नगर पंचायत संयोजक विकास कुमार ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. श्यामनन्दन शर्मा ने कहा कि हमे अपनी समस्याओ के लिए खुद लड़ना होगा। ऐसी सोंच के साथ जन अभियान चलाना होगा कि जन प्रतिनिधि जनता




के पीछे चलें। जन सुराज अभियान का यही उद्देश्य है की आप जाती धर्म के पचड़े नहीं पड़ें, अपने बच्चों के भविष्य व रोजगार, विकास के नाम पर वोट डालें। बैठक को सम्बोधित करते हुए राजकिशोर ने कहा कि कल से हीं अभियान में लगने का संकल्प लें। वही बैठक के दौरान पालीगंज नगर पंचायत के हर वार्ड में 25 चिंतनशील व सक्रिय लोगो की टीम बनाने का निर्णय लिया गया। वही प्रथम चरण में दिसम्बर माह तक 10 वार्डों में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूरे पालीगंज अगर पंचायत में जन जागरण यात्रा चलाने का निर्णय लिया गया। जिसे सफल बनाने के लिए 10 सदस्यी कमिटी के गठन किया गया। जिसमे राजकिशोर सिंह, विकास आर्या, मोहन चौधरी, अशोक शर्मा, जितेंद्र पासवान व धर्मेंद्र मांझी सहित अन्य लोग शामिल है।

# पालीगंज में मनाया गया डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ रविवार को स्थानीय बाजार स्थित आर्यसमाज मन्दिर में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती आर्य समाज मन्दिर विकास एवं निगरानी समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया।



जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान भारत के प्रथम राष्ट्रपति सह देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को उनके जन्मदिन के अवसर पर याद करते हुए आर्य समाज मन्दिर विकास व निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर पर समिति के सचिव डॉ. ज्ञान प्र-काश गुप्ता ने राजेन्द्र बाबू के जीवन पर प्रकाश डाला। वही सतीश चन्द्र ने बताया कि राजेन्द्र बाबू ने स्वतन्त्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बनकर बिहार का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखकर राज्यवासियों को गौरवान्वित करने का काम किया है। मौके पर सतीश चन्द्र, डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राजकिशोर सिंह, महेन्द्र कुमार अशोक शर्मा, विजय कुमार सिन्हा, विजय प्रसाद, श्रीभगवान साह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल परिसर में बने क्वार्टर खाली करने को लेकर 108 एंबुलेंस चालक परेशान

## सीएमओ और कंपनी से कई बार लगा चुके हैं गुहार कोई सुनवाई नहीं।

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। केंद्र और प्रदेश सरकार ने मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत जेसी कई योजनाएं चलाई है जिनका रोगी और उनके तीमारदार लाभ उठा रहे हैं इन योजनाओं में एक 102 और 108 एंबुलेंस सेवा भी है इन एम्बुलेंसों के चालक वर्तमान में जिला अस्पताल परिसर में बने क्वार्टर में रह रहे हैं अब उनसे क्वार्टर खाली करने के लिए कह दिया गया है जिसके चलते वह परेशान है

जिला अस्पताल में बने पुराने क्वार्टरों को तोड़ने के लिए ठेका दे दिया गया है ठेकेदार द्वारा इन पुराने क्वार्टरों को तोड़ने का काम भी शुरू कर दिया गया है ठेकेदार ने इसी क्रम में




परिसर में बने क्वार्टर जिनमें एंबुलेंस के चालक निवास कर रहे हैं उनसे ठेकेदार द्वारा खाली करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है जिसको लेकर सभी एंबुलेंस चालक परेशान है वजह साफ है इन चालकों के रहने के लिए अस्पताल परिसर में कोई आवास नहीं है और ना ही एम्बुलेंसों को खड़ी करने के लिए स्थान है चालकों का कहना है कि वह ठेकेदार द्वारा क्वार्टर खाली करने की बात से मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपनी कंपनी को अबगत भी कर चुके हैं लेकिन इन चालकों की समस्या के निराकरण के लिए कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया है चालकों का कहना है कि उन्होंने समीप बरती किसी सीएचसी एवं पीएचसी पर आवास उपलब्ध कराने की गुहार भी की है जिससे वह अपनी एम्बुलेंसों को खड़ी कर सकें और आवासों में रह सके कॉल आने पर तुरंत ही वह एंबुलेंस लेकर पहुंच सके लेकिन इस तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है चालकों का कहना है कि वह क्षेत्र से दूर जाकर कहीं आवास लेते भी हैं तो उन्हें एंबुलेंस खड़ी करने के लिए जगह नहीं उपलब्ध होगी और कॉल आने पर गंतव्य पर सही टाइम पर नहीं पहुंच सकेंगे जिसका परिणाम यह होगा कि रोगी और उनके तिमारदारो से समय पर न पहुंचने के कारण झगड़ा होगा और मरीज को इलाज समय पर भी नहीं मिल पाएगा।

# विद्याज्ञान प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा 2024 हुई सम्पन्न, बच्चों ने बेहतर भविष्य के लिये दी परीक्षा

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। लोक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पर विद्याज्ञान प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन जसराना किया गया। एचसीएल कंपनी के संस्थापक शिव नाडर विद्याज्ञान स्कूल के संस्थापक हैं। यहां सीबीएसई पाठ्यक्रम से शिक्षा दी जा रही है। प्रदेश में विद्याज्ञान की दो शाखाएं बुलंदशहर और सीतापुर जिले में हैं।शिव नादर फाउंडेशन द्वारा 2009 में स्थापित हुआ। विद्याज्ञान की प्रेरणा इस विश्वास से उत्पन्न होती है कि उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का समाज की शैक्षणिक और सामाजिक-आर्थिक संरचना पर उस हद तक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जहां यह वास्तव में जीवन का उत्थान और परिवर्तन कर सकती है। परीक्षा केंद्र पर शिव नादर फाउंडेशन से सुश्री प्रिया कुमारी ने अपनी देखरेख में सुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराई। केंद्र व्यवस्थापक के रूप में प्रधानाचार्य श्री सत्यपाल सिंह व श्री वीरेंद्र सिंह प्रवक्ता ने परीक्षा सम्बन्धी



व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया। कक्ष निरीक्षक के रूप में श्री पुष्पेंद्र सिंह, दयाशंकर, सजंय सिंह, विनीत कुमार, अमर सिंह,दीपक यादव आदि ने सुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराई। उक्त परीक्षा केंद्र पर विकास खण्ड जसराना व एका के बच्चों ने सम्मिलित रूप से परीक्षा दी। प्रातः कालीन पाली में परीक्षा में कुल आवेदन करने वाली 292 बालिकाओं में से 179 बालिकाएं परीक्षा में सम्मिलित हुई तथा शाम की पाली में कुल आवेदन करने वाले 352 बालकों में से 236 बालकों ने परीक्षा दी। जिसमे से जसराना विकास खण्ड के 81 में से 66 बालिकाओं व 94 में से 80 बालकों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा देकर आने वाले बच्चों के चेहरे पर मुस्कान यह प्रदर्शित कर रही थी कि बच्चों ने बड़ी लगन के साथ अपने उज्जवल भविष्य को देखते हुए विद्याज्ञान परीक्षा में प्रतिभाग किया है। विकासखंड जसराना से श्री अजय पाल सिंह एआरपी एवं श्री मुकेश राजपूत संकुल शिक्षक द्वारा परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया गया।

# बूथ स्तर पर चला भाजपा का वोटर चेतना महाअभियान।

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद । चुनाव आयोग द्वारा नए वोटरों से फार्म भरवाकर बीएलओ को सौंपे। इस दौरान



चलाए जा रहा जसराना में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के विशेष बूथ दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा बूथ स्तर पर वोटर चेतना अभियान के तहत लोगों को जागरुक करते हुए नए वोट बनबाने का कार्य किया। वहीं बीएलओ से मिलकर सहीं तरीके से मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने का आग्रह किया।

जसराना के गांव घाघऊ खुर्द में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह के साथ मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी पहुंचे और कार्यकताओं के साथ मतदाता सूची को लेकर समीक्षा की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता सूची का मिलान करें। और उसको सही कराने का कार्य करें। वहीं जसराना के गांव बनवारा, नगला मदना, टीकामई में ब्लाक प्रमुख संध्या लोधी पहुंची। भाजपा कार्यकताओं एवं बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की। इस दौरान अरविंद राजपूत, दामोदर राजपूत, सत्यम गुप्ता, बूथ अध्यक्ष राजकुमार, अमलेश राजपूत, वेदराम यादव, राकेश यादव, अवधेश यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लखनऊ से दिल्ली जा रही गोमती एक्सप्रेस में यात्री की बिगड़ी तबियत

## सूचना पर स्टेशन पर ट्रेन को रोक कर यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया

दैनिक समाज जागरण

शिकोहाबाद। लखनऊ से दिल्ली जा रही गोमती एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री की अचानक हालत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन पर सरकारी एंबुलेंस और चिकित्सक को बुला लिया गया। ट्रेन के रुकते ही पीड़ित यात्री को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना हुई गोमती एक्सप्रेस में इटावा से एक यात्री अभय पुत्र दिनेश चंद्र निवासी चंद्रवार गेट फिरोजाबाद चढ़ा था। इटावा से ट्रेन के छूटते ही अचानक युवक की हालत खराब होने लगी। जानकारी होते ही रेलवे स्टेशन पर युवक को उपचार दिलाने के लिए स्टाफ तैयार हो गया। जैसे ही ट्रेन रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी पहले से ही मौजूद स्टाफ ने युवक को उतारा और प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस से भेजा गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी युवक के परिजनों को देदी गई है। युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और युवक को रेफर कराकर फिरोजाबाद ले गये।

# कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के पम्पलेट का किया विमोचन।

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद डॉ उज्वल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के प्रबंधक डॉ देश दीपक गुप्ता के संयोजन में दिनाँक 7 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे से आइडियल पब्लिक स्कूल, करहल रोड सिरसागंज में किया जा रहा है। जिसके पम्पलेट का विमोचन उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने कैम्प कार्यालय पर किया। जयवीर सिंह ने जनपद में विज्ञान के कार्यों



को अग्रसर करने हेतु जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यों की सराहना करते हुए जनपद के समस्त बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के 100 मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मण्डल स्तर हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोंपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 5000, रु 3000 व रु 2000 एवं 02 विद्यार्थियों को सान्त्वना पुरस्कार हेतु रु 1000, (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के नाम उनके व्हाट्सएप नम्बर 9058885668 पर अतिशीघ्र उपलब्ध करा दीजिये।

# झूठी एफआईआर दर्ज करने का कराया बोध

**मिशन जागृति के तहत, महिला रिपोर्टिंग चौकी टूंडला प्रभारी उप निरीक्षक अलवीना पठान ने सभ्य समाज के लोगों को दिखाया आईना, काउंसलिंग के बाद कराया उनकी गलती का अहसास, आंखों से हटाया लालच का पर्दा, झूठी एफआईआर दर्ज कराने से होने वाले अपराध को रोका।**

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद । जनपद की तहसील टूंडला की रहने वाली 70 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला ने शनिवार को महिला रिपोर्टिंग चौकी टूंडला प्रभारी उप निरीक्षक अलवीना पठान से मदद की गुहार लगाते हुए तहरीर किया कि, मेरे बेटे साजिद खान ने अपनी पत्नी, सास, साले व अन्य ससुरालीजनों के साथ मिलकर उसे, घर से बाहर निकाल दिया है। जिसकी वजह से वह, दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है।



बुजुर्ग महिला की तहरीर को गंभीरता से लेते व त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अलवीना पठान ने हमराह महिला आरक्षी सावित्री थाना हाजा को साथ लिया और मौके पर पहुंचकर जानकारी की तो, मामले को संदिग्ध पाया। इसलिए दोनों पक्षों को महिला रिपोर्टिंग चौकी टूंडला पर बुलाकर काउंसलिंग की तो, चौंका देने वाली हकीकत सामने आई। मामला प्रॉपर्टी से संबंधित निकला।

महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अलवीना पठान ने जानकारी देते हुए बताया कि, मामला एक मकान के बंटवारे का है। जिसमें, दो भाइयों के बीच मतभेद था। एक भाई मकान बेचना चाहता था। लेकिन, दूसरा नहीं। इन्हीं में से एक पक्ष ने महिलाओं को मिले हुए अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए अपनी मां यानी की 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को आगे करते हुए झूठा प्रार्थना पत्र तैयार कर थाने भेज दिया। जिसमें, बुजुर्ग महिला के उत्पीड़न और घर से निकाल देने की बात कही गई थी।

मामला जानकारी में आने के बाद दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई और अपनी बात कहने का पूर्ण अवसर प्रदान करते हुए गंभीरता से सुना गया। सबको सुनने समझने के बाद दोनों पक्षों को उनकी गलती का एहसास कराया कि, थोड़े से लालच की वजह से वे अपनी मां को मोहरा बनाकर थाने पर गलत सूचना और झूठी एफआईआर दर्ज कराकर एक संगीन अपराध करने जा रहे थे। जिसमें, शिकायतकर्ता को 70 साल की उम्र में थाने और कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ते।

दोनों पक्षों को अपनी-अपनी गलती का एहसास होने के बाद आपसी सहमति से थाने पर समझौता करा दिया गया। दोनों पक्षों ने पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि, हम अपने लालच को पूरा करने के लिए एक बहुत बड़ी गलती करने जा रहे थे। उसके बाद दोनों पक्ष मन-मुटाव को दूर करते हुए आपस में गले मिले और राजी खुशी अपने-अपने घर को लौट गए।

आए दिन होने वाले ऐसे, झूठे मुकद्दमों को रोकने व लोगों को जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विगत माह से संपूर्ण आगरा मण्डल में "ऑपरेशन मिशन जागृति" चलाया जा रहा है।

### क्या है ऑपरेशन मिशन जागृति ?

हिंसा से पीड़ित महिलाओं व किशोरियों को काउंसलिंग व रेफरल सुविधा, युवा बालिकाओं को साइबर हिंसा के बारे में जागरुक व सचेत करने, पाक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरुक व सचेत करने, किशोरियों के साथ स्वस्थ रिलेशनशिप व जीवनशैली पर जागरुक करने, महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरुकता पैदा करने, गलत सूचनाओं पर अंकुश लगाने, समुदाय को झूठे मुकदमों से होने वाली क्षति के बारे में जागरुक करने एवं ऐसे मामलों में कमी लाने और विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करने के साथ साथ कांउसलिंग व रिपोर्टिंग सिस्टम को भी मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा जोन स्तर पर "ऑपरेशन जागृति अभियान" का नवंबर माह में शुभारंभ किया गया था।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में एकदिवसीय शिविर का हुआ आयोजन।

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंज। स्थानीय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में



राष्ट्रीय सेवा योजना और रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनल भार्गव और रेंजर्स प्रभारी डॉ एकता श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने 'स्वच्छता ही सेवा'ध्येय वाक्य को आत्मसात करते हुए महाविद्यालय परिसर में फैली गंदगी को साफ किया और एकत्रित कूड़े का भी उचित निपटान किया। डॉ अभिषेक प्रकाश ने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए बताया कि व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही साथ हमें अपने आस-पास के वातावरण को भी साफ-सुथरा रखना चाहिए ताकि बीमारियों से बचा जा सके।हमारी भारतीय संस्कृति की भी यह मान्यता है कि जहां स्वच्छता होती है ,वहां लक्ष्मी का निवास होता है, इसलिए हम सभी को स्वच्छता को अपने जीवन का मूल मंत्र मानकर सदैव स्वयं तो स्वच्छ रहना ही चाहिए और अन्य लोगों को इस हेतु प्रेरित करना चाहिए। शिविर का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत'उठे साथ के लिए उठे' के समवेत गायन से हुआ।

# विभागीय संरक्षण में नकली दूध का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे होटल व्यवसाई

# नकली दूध के कारोबार के सहारे मौज काट रहे हैं भ्रष्ट होटल व्यवसाय

### सुविधा शुल्क की दम पर भ्रष्ट होटल व्यवसाईयों के खिलाफ जिम्मेदार नहीं करते हैं कोई कार्रवाई, सूत्र

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर। खाद्य सुरक्षा विभाग की भ्रष्ट नीति के चलते जिले में होटल संचालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा लगता है कि होटल संचालकों पर खाद्य सुरक्षा विभाग में बैठे जिम्मेदार कितना मेहरबान हैं। क्योंकि जिले में अधिकांशतः होटल संचालक बेफिक्र होकर धड़ल्ले से नकली पाउडर दूध का इस्तेमाल करते हैं। और यह दूध पूर्णतया विभिन्न प्रकार के खतरनाक केमिकलों के मिश्रण से बना हुआ होता है। जो की सेहत के लिए बहुत ही हानिकारक होती है। लेकिन खाद सुरक्षा विभाग में बैठे तंत्र इन होटल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाय कार्यालय में बैठकर सिर्फ चैन की बंसी बजाना ही मुनासिब समझते हैं। सूत्रों के अनुसार त्योहारों के समय में सिर्फ वह वाही लूटने के चक्कर में खाद सुरक्षा विभाग के जिम्मेदार गिने-चुने होटल व्यवसाईयों के खिलाफ जांच वा कार्रवाई कर खाना पूर्ति कर देते हैं। जबकि यह होटल व्यवसाय प्रतिदिन खतरनाक केमिकल युक्त दूध से चाय व अन्य प्रकार की मिठाई बनाकर ग्राहकों के सेहत से खिलवाड़ करते हैं। सूत्रों के अनुसार केमिकल्स युक्त नकली दूध का कारोबार जिले में कुटीर उद्योग का विकराल रूप ले चुका है। जिले में नकली दूध के कारोबार की दम पर अधिकांशतः होटल व्यवसाई बहुत कम समय में ही करोड़ों के मालिक बन बैठें हैं। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो खाद्य सुरक्षा विभाग के जिम्मेदारों और भ्रष्ट होटल व्यवसाईयों के बीच सुविधा शुल्क की अहम किरदारी है शायद इसी वजह से इन फॉरेस्ट होटल व्यवसाईयों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की जिम्मेदार इतनी मेहरबानी जता रहें हैं। स्वास्थ्य विभाग के जानकारों की माने तो नकली सिंथेटिक व कैमिकल्स युक्त दूध की सेवन से शरीर में कई प्रकार की भयानक बीमारियां उत्पन्न हो सकती है इस बात को कत्तई नकारा नहीं जा सकता। लेकिन सबसे अफसोस की बात यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग में बैठे जिम्मेदार अपना जेब गर्म करने के चक्कर में ग्राहकों के सेहत का जरा सा भी परवाह नहीं करते हैं। और भ्रष्ट होटल व्यवसाईयों को सुविधा शुल्क की दम पर खुला संरक्षण देते हैं।

# गांजा के साथ दो गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अ0प0अ0 के मार्गदर्शन व प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय के नेतृत्व में उ0नि0 नीरज कुमार कुशवाहा ने मय हमराह पुलिस बल के साथ दिनांक 02/12/2023 को मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अभियुक्त गणों मे 1. रोहित सिंह पुत्र स्व0 विनय सिंह उम्र 24 वर्ष, 2. श्यामू सिंह पुत्र बजरंगी सिंह उम्र 34 वर्ष निवासीगण ग्राम कोरसम थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर को जनता बाईपास चौराहा बाहर कस्बा बिदंकी फतेहपुर से समय 05 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 411/2023 धारा 8/20 ठ्उद्धर अ़ू३ कार्यवाही बाद न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया।




# सन्दिग्ध अवस्था मे अधेड़ का कुँए में मिला शव, परिजनों ने हत्या की पुलिस को दी तहरीर

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के मदूरी घेरा गाँव के समीप सन्दिग्ध अवस्था मे अधेड़ का शव कूँए में मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे लेकर घटना की जांचपड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मदूरी घेरा गाँव निवासी झंडू निसाद का 50 वर्षीय पुत्र बच्ची लाल निसाद का सन्दिग्ध अवस्था मे कुँए में शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पुत्र महेश कुमार ने बताया कि उसके पिता कल तीन बजे दिन में खेत गए थे। उसके बाद वापस घर नही लौटे खोजबीन किया गया तो उनका शव कुँए में मिला उनकी हत्या कर शव को कुँए में डाला गया है। मृतक के भाई भईया लाल ने बताया कि 40 वर्ष पूर्व गाँव निवासी स्व. राम अनुज शुक्ला से उनका बना हुआ मकान खरीदा गया था। अब उसी मकान पर स्व. राम अनुज शुक्ला के पुत्र कमलेश शुक्ला और अवधेश शुक्ला दोबारा कब्जा करना चाहते है। कामयाब न होने पर हमारे भाई की हत्या कर उसके शव को कुँए में डाल कर फरार हो गए है। पुलिस को तहरीर दिया है पुलिस तहकीकात कर रही है।

# डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं का बढ़ाया सम्मान : ज्योति प्रवीण

### *हाइटेक कंप्यूटर एजुकेशन ने हसवा कस्बा में शुरू किया कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र*

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जिले के हसवा कस्बा में हाई-टेक कंप्यूटर एजुकेशन सोसायटी की ओर से हसवा ब्लॉक में उत्तर प्रदेश कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह के द्वारा किया गया, जिसमे लघु उद्योग भारती के महासचिव अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह एवं उद्धटव फतेहपुर जीतेन्द्र , टक्र नीलम सिंह, हाई-टेक कंप्यूटर एजुकेशन सोसायटी संस्था के ऑपिरशन मैनेजर रज्जन शर्मा, बाल परामर्श केंद्र/ महिला थाना प्रभारी कांति सिंह, स्वर्णा जनहित सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमाशंकर त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, फतेहपुर जिले की वरिष्ठ समाजसेवी संगीता द्विवेदी अन्य सम्मानित अतिथियों का सम्मान केंद्र प्रबंधक अलवीना के द्वारा किया गया। महिला कौशल एवं सशक्तिकरण के लिए लघु उद्योग भारती टीम ने केंद्र प्रबंधक अलवीना की सराहना करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास मिशन कार्यक्रम शुरू किया है जिसकी वजह से अब केवल शहरी क्षेत्र के बच्चे ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचलों से आने वाले युवा भी प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं और सिर्फ देश के अंदर ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने में अपने आप को स्थापित कर भारत का मान बढ़ा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और प्रधानमंत्री के सपनों को जमीनी स्तर पर साकार करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिशन शक्ति जैसे अनेक अभियान चलाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनकी सुरक्षा को लेकर बेटा काम कर रहे हैं जिसका असर अब जमीन पर देखने को मिल रहा है और महिलाएं एवं बालिकाएं अब बिना भय के वातावरण में घर की चाहरदीवारी से निकलकर रोजगार के लिए कदम बढ़ाने लगी है जिसकी बदौलत अब केवल शहरी क्षेत्र की महिला एवं बालिका ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी स्वावलंबी बन रही है और देश का मान बढ़ाने में आई एम भूमिका निभा रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में अनेक सफल महिलाओं के बारे में जानने को मिलता है इतना ही नहीं विभिन्न न्यूज चैनलों एवं अखबारों में ग्रामीण अंचलों से आने वाली महिलाओं की सफलता की कहानी देखने एवं पढ़ने को मिलती है। केंद्र की संचालक अलविना ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में हसवा ब्लॉक की सभी महिलाओं को कंप्यूटर सहित विभिन्न ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा प्रशिक्षण के उपरांत सभी उम्मीदवारों को जॉब मुहैया कराये जाने के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

# छेड़छाड़ एवं पास्को एक्ट में एक वांछित हुआ गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में वांछित एवं वारण्टियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जहानाबाद थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी की अगुवाई में वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ धारा 354क, 323, 504 भादवि व 7/8 पास्को एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार जानकारी अनुसार तीन दिवस पूर्व थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी ब्यक्ति ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए 04 लोगों के विरुद्ध प्रार्थना- पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवेचना दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक ने अभियुक्त जयसिंह उर्फ भोला उम्र 19 वर्ष निवासी गोकुलपुर थाना जहानाबाद फतेहपुर को रविवार की प्रातः गिरफ्तार करते हुए स्थानीय थाना पहुंच सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया।




थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया छेड़छाड़ एवं पास्को एक्ट में एक वांछित गिरफ्तार हुआ है, कार्यवाही बाद गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है, तथा अन्य आरोपियों पर जांच चल रही है, दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# डंपर ने टैम्पो को मारी टक्कर एक की मौत तीन घायल,

## मृतक के परिजनों ने सड़क पर शव रख किया प्रदर्शन, आशियाना कोतवाली क्षेत्र के शहीद पथ अंडर पास की घटना,

अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो आशियाना कोतवाली क्षेत्र में रविवार तड़के शहीद पथ अंडर पास के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने टैंपो में जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंपो चालक के साथ अगली सीट पर बैठे पेशे से चालक की मौत हो गई जबकि अन्य सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने मृतक के शव को सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस के उच्च अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाबुझा कर मामले को शांत कराया । वहीं अन्य घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया जहां उनका इलाज चल रहा है ।

बिजनौर के गढ़ी मोहल्ले में रहने वाले मृत चालक के बड़े भाई सुभाष बहेलिया ने बताया कि रविवार उनका 36 वर्षीय छोटा भाई सुमेर बहेलिया पुत्र स्व० रामस्वरूप रविवार सुबह करीब 5:30 बजे घर से निकला और टैंपो संख्या यूपी क्यूएन 5703 पर सवार होकर अपनी टैक्सी निकालने बंगला बजार जा रहा था । इसी बीच शहीद पथ अंडरपास के पास तेज गति से आ रहे अनियंत्रित डम्पर ने टैंपो में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे चालक के बगल में बैठे छोटे भाई सुमेर बहेलिया की मौके पर ही मौत हो गई और पीछे बैठी हुई तीन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई । हादसे के बाद टेम्पो चालक अपनी गाडी छोड़ कर मौके से फरार हो गया वहीं डम्पर चालक गाड़ी समेत फरार हो गया । हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों संग औरगांबाद अंडरपास पर मृतक का शव रख प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके चलते यातायात घंटो बाधित रहा । हादसे के बाद प्रदर्शन की सुचना पाकर मौके पर पहुंचे एसीपी कैंट पंकज कुमार ने मृतक के बड़े भाई सुभाष बहेलिया की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही का आश्वासन देकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत कराया ।

# साजिश के तहत परियोजना को बंद करने का कोशिश कर रहे है प्रबंधक - संयुक्त मोर्चा

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा। नॉर्थ तीसरा परियोजना का डोजर डम्फर मशीन को कैसे कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना में काम कराया जा रहा है इसकी जांच हो और दोषी प्रबंधन पर करवाई किया जाए उक्त बातें संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने रविवार को नॉर्थ तिसरा 6 नंबर के समीप परियोजना बचाने को लेकर आयोजित अनिश्चितकालीन धरना में कही। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि एक तरफ चालू परियोजना को एमडीओ मोड में डालकर निजीकरण की ओर ले जाया जा रहा है दूसरी ओर यहां का डीजल आउटसोर्सिंग परियोजना चलाने के लिए दिया जा रहा है आखिर यह किसके आदेश से हो रहा है सीएमडी इसकी जांच करें। नेताओं ने कहा कि लगभग 1000 से अधिक मजदूर परियोजना में काम करते हैं इन मजदुरो का क्या होगा

निजीकरण का मतलब है यहां का मजदूरों को हटाना और आउटसोर्सिंग चालू करना। अनिश्चितकालीन धरना के बाद भूख हड़ताल और परियोजना बंदी का भी आंदोलन होगा। मौके पर रितेश निषाद ,मनोज कुमार पासवान, अनिल कुमार सिंह, धर्मेंद्र राय ,सुजीत मंडल, उज्जवल कुमार डे ,पशुपतिनाथ देव ,बंटी सिंह ,कन्हाई सिंह, फागु नार्पित ,लक्ष्मीकांत निषाद ,सुनील राय, संतोष मिश्रा थे।

# रांची रिम्स अस्पताल में समर्पण एक नेक पहल" संस्था ने बुजुर्ग मरीज के लिए रक्त उपलब्ध कराई

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि रांची के रिम्स अस्पताल में अट्ठासी वर्षीय



बुजुर्ग मरीज रामेश्वर साव भर्ती हैं जिनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई हैं, इन्हें तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं घर वालों ने एक यूनिट रक्तदान किया हैं एक यूनिट की और आवश्यकता हैं, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने माँ राम प्यारी ब्लड बैंक प्रबंधक से बात कर मरीज को तत्काल एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का आग्रह किया और इसके कुछ ही देर के बाद सभी कागजी प्रक्रियाओं को पूरा कर मरीज के ब्लड बैंक के द्वारा रक्त प्रदान कर दिया गया, यह संस्था प्रत्येक दिन कई जरूरतमंद लोगों को लगातार रक्त उपलब्ध करा रही हैं जो बहुत ही सराहनीय हैं '

# विष्णुगढ़ प्रखंड के चानो में विद्यालय भवन एवं चाहर दिवारी निर्माण का शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 03 दिसम्बर 2023 :- माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा बिष्णुगढ़ के चानो पंचायत में डीएमएफटी मद से करीब एक करोड़ चौहत्तर लाख की लागत से विधालय भवन का निर्माण,चारदीवारी समेत अन्य कार्यो के लिए शिलान्यास किया गया।बताते है,कि विद्यालय भवन की कमी एवं चारदीवारी नही होने से विद्यार्थियों एवं शिक्षको को आये दिन



परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए ग्रामीणों की मांग पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने अनुसंशा करते हुए प्राथमिकता के आधर पर इस कार्य को पूरा करते हुए आज 03 दिसम्बर 2023 को विद्यालय विकास के लिए शिलान्यास किया। इस बाबत जानकारी देते हुए जयप्रकाश भाई पटेल ने बताया कि आगे भी अपनी विधानसभा के क्षेत्रों में पूर्व की भाँति इसी तरह से विकास के कार्य अनवरत जारी रहेंगे। जिस कायंर्के लिए आप सबो ने मुझे चुना उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। मैने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनेको कार्य किये है,जैसे विष्णुगढ़ में आईटीआई महाविद्यालय का निर्माण,विष्णुगढ़+2 हाई स्कूल का नवनिर्माण,मध्यविद्यालय गोविन्दपुर खुर्द की चारदीवारी,टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय का निर्माण,नागी मध्य विद्यालय नागी मरम्मति,निर्माण एवं रँगरोगन एवं चारदीवारी का निर्माण समेत,दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में छात्रावास की मरम्मति,एवं रँगरोगन समेत बहुत सारे कार्य जनहित में किये गए है। इसके अलावे विकास के बहुतेरे कार्य धरातल पर उतारे जा चुके है। इस मौके पर मुख्य रूप से डूमरचंद महतो,परमेश्वर महतो,हिरामन महतो,चेतलाल महतो समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# गैंगस्टर प्रिंस खान के लिए रंगदारी वसूलने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):03दिसंबर 2023:- जिले के गैंगेस्टर प्रिंस खान के नेटवर्क को समाप्त करने की कोशिश में पुलिस लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। इस



बार पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के पांच ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो प्रिंस के लिए रंगदारी का पैसा वसूलते थे ।

रविवार को एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गये अपराधियों में मो.इम्तियाज आलम,मो.कामरान उर्फ गुडडू,मो. तोकीर उर्फ राजू, मो. फैयाज अख्तर उर्फ लड्डू और मो. सद्दाम हैदर शामिल है ।इनके पास से रंगदारी की रकम 2 लाख 25 हजार , दो हथियार, चार गोली और 7 मोबाईल बरामद की गई है. इन सब की गिरफ्तारी बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से हुई ।

गिरोह में मो. इम्तियाज आलम मुख्य सरगना है.मो. इम्तियाज मूलतः वासेपुर का रहनेवाला है. पुलिस की दबीश बढ़ने के बाद से वह समस्तीपुर में रहकर गिरोह के लिए काम कर रहा था ।मो. तोकीर उर्फ राजू कार सजावट के नाम से पाट्र्स चलाता है और इसी व्यापार के दौरान ही इसने पाट्र्स व्यसायियो के नंबर भी अपने गिरोह में रखा था ।

# पुलिस छावनी में तब्दील हुई जेल, धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या के घटना में जांच जुटी है आला अधिकारी

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद जिले के मंडल कारा में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी है।जानकारी के अनुसार,अमन सिंह को दो से तीन गोली मारी गई है जिससे अमन सिंह की मौत हो गई है।

घटना के बाद धनबाद मंडल कारा में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।पूरे मंडल कारा में इमर्जेंसी बेल बजने लगी,सूचना मिलते ही डीसी वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार मंडल कारा पहुंचे हैं।उनके साथ एसडीएम उदय रजक, सीटी एसपी, डीएसपी समेत दर्जनों अधिकारी पहुंचे हुए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।पूरे जेल को पुलिस छावनी बदल दिया गया है सैकड़ों पुलिस जवानों को जेल में तैनात किया गया है।

धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद धनबाद जिला और पुलिस प्रशासन चौकस हो गया है. अधिकारियों की टीम घंटो से धनबाद जेल की जांच पड़ताल कर रही है. धनबाद जेल के इतिहास में जेल के भीतर गोली मारकर हत्या करने की संभवत यह पहली घटना है.

बताया जा रहा है कि धनबाद जेल में गोली लगने



अमन सिंह का फाइल फोटो

के बाद आनन-फानन में अमन सिंह को एसएनएमएमएच में लाया गया। अस्पताल को भी पूरी तरीके से पुलिस छावनी में बदला गया है, वहां किसी को जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है।वहीं जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी धनबाद मंडल कारा में कैंप किए हुए हैं. वे पूरे जेल की छानबीन कर रहे हैं और पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर जेल में इस तरह का घटना कैसे घटी ' उत्तर प्रदेश का शार्प शूटर अमन सिंह धनबाद आकर अपराध जगत का बेताज बादशाह बन गया था. वह लगातार पुलिस और सरकार को चुनौती दे रहा था. पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया था.

**जेल में रहते हुए उसके खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हुए थे.**

जेल में रहते हुए उसके खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हुए थे. सूत्र बताते हैं कि शनिवार को साक्ष्य के अभाव में एक और मामले में अमन सिंह बरी हो गया था. यह मामला वर्ष 2021 का है. तेतुलमारी थाना में रंगदारी सहित अन्य धाराओं में प्राथमिक दर्ज हुई थी. इस मामले में कई गवाह अपने पूर्व के बयान से मुकर गए. सूत्र बताते हैं कि तेतुलमारी मामले को लेकर अमन सिंह लगातार पांचवें मामले में कोर्ट से बरी हुआ था. दुमका जेल में रहते हुए संत्री पर फायरिंग कराने का भी उस पर आरोप था. फायरिंग करने वाले जब धनबाद में पकड़े गए थे तो स्वीकार किया था कि अमन सिंह के कहने पर उन लोगों ने फायरिंग की थी. अमन सिंह पर यह भी आरोप था कि जेल से ही वह गैंग चलता था.

# सरना कोड़ को लेकर सेंगेल अभियान हजारीबाग जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे किया गया बैठक

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) बिष्णुगढ़ प्र-खंड के मडमो पंचायत के डुमरिया टांड मे आदिवासी सेंगेल अभियान का बैठक किया गया ' जिसमे असम प्रदेश अध्यक्ष सोहन हेमब्रोम ने बैठक को सम्बोधित किया 'सम्बोधित करते हुवे कहा आदिवासी की धार्मिक पहचान सरना कोड़ 2023 मे ही लेना जरूरी है ' साथ ही मरांग बुरु बचाना आदिवासी संथाल समाज के लिए आवश्यक ही नहीं अतिआवश्यक है क्यूकी मरांग बुरु जिस तरह एक आदमी का माथा रहना जरूरी है वैसे ही संथाल समाज के लिए मरांग बुरु रहना और बचाना



जरूरी है ' मरांग बुरु लुगु बुरु के साथ आदिवासी को बचाने के लिए पूर्व सांसद सह सेंगेल अभियान केंद्रीय अध्यक्ष जिवेद बोंगा सालखान मुर्मू आगामी 10.12.2023को मरांग बुरु के तल्हाटी मधुबन फुटबॉल मैदान मे बिसाल जनसभा का आह्वान किये है जिसमे भारत के सात राज्य के साथ नेपाल भूटान बांग्ला देश से भी सेंगेल अभियान के साथ दुन्या के आदिवासी को स्वागत करता है मरांग बुरु बिश्व के आदिवासी संथाल की है इसीलिए आगामी 10. 12. 2023 को मरांग बुरु बचाव यात्रा होंगी उसके बाद 22दिसंबर 2023को सरना सभा सेंगेल अभियान दुमका मे आयोजन करेंगे जो भारत सरकार फिर भी सरना कोड की घोसणा नहीं करती है तो 30 दिसंबर 2023 को बेयापाक रूप से रेल रोड चका जाम सेंगेल अभियान तरफ से किया जायगा इस्-के लिए अधिक से अधिक लोगों को सिरकत होने का आग्रह किया जिसमे मुख्यरूप सेंगेल अभियान जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा मांझी हडम श्यामलाल हेमब्रोम सनीचर सोरेन सोमार हेमब्रोम नेमचंद मरांडी अर्जुन मरांडी बिसून टुडू खोसबू देवी रेशमी देवी गुलाबी देवी के साथ अन्य सेक-ड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे

# 3 जनवरी को शहीद श्यामल चक्रवर्ती की शहादत दिवस मनाने का निर्णय

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता धनबाद (झा-रखंड):03दिसंबर 2023:- जिले के शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई ' बैठक की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की एवं संचालन जिला सचिव रणा चटराज ने किया ' बैठक में मुख्य अतिथि मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान उपस्थित थे ' बैठक को संबोधित करते हुए बिंदा पासवान ने कहा कि 3 जनवरी 1991 को कोयलांचल के दो शहीद वीर स्व. रणधीर प्रसाद वर्मा एवं शहीद श्यामल चक्रवर्ती आतंकवादियों से जूझते हुए राष्ट्र संपत्ति को बचाने के लिए अपने जीवन को न्योछावर किया, जो कोयलांचल के लिए गर्व की बात है ' लेकिन दुःख की बात है की जिसमें एक शहीद स्व. रणधीर




प्रसाद वर्मा को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया ' वही एक आम नागरिक के हैसियत से शहादत देने वाले श्यामल चक्रवर्ती का कहीं जिक्र तक राज्य एंव केंद्र सरकार नहीं करती है ' दोनों शहादत समाज के दो वर्ग को नेतृत्व एवं प्रेरणा का स्रोत देते हैं ' एक प्रशासनिक कर्तव्यों को याद दिलाती है,तो दूसरी नागरिक उत्तर-दायित्व एवं कर्त्तव्यों को मजबूती से बोध करती है ' इसलिए मासस उनके सम्मान दिलाने की लड़ाई को जारी रखा हैं ' मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि आज युवा वर्ग को इन दोनों शहीदों से प्रेरणा लेकर अपने-अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों को पालन करना चाहिए ' बैठक में शहीद स्मारक समिति का विस्तार किया गया जिसमें संरक्षक पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, काशीनाथ चटर्जी, हरिप्रसाद पप्पू,अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो, कार्यकारी अध्यक्ष मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान, उपाध्यक्ष पवन महतो, जयदीप बनर्जी, सुभाष प्रसाद सिंह, नरेश पासवान, राजेश बिरुवा, हिमांशु मंडल, सचिव समीर गोस्वामी, सहसचिव कल्याण कुमार घोषाल, अजय महतो, टोनी बनर्जी, कोषाध्यक्ष विश्वजीत राय, संगठन सचिव राणा चटराज, सम्राट चौधरी, सुभाष चटर्जी, कार्यकारिणी सदस्य में मनीष यादव, चिंटू रवानी, वेद प्र-काश सिंह, चौधरी भुईया, सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष शिबू चक्रवर्ती, सचिव संजय गांगुली को बनाया गया '

3 जनवरी 2024 को शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम, माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि सभा का निर्णय लिया गया ' बैठक में मुख्य रूप से सुभाष चटर्जी, स्मारक समिति का सचिव समीर गोस्वामी, कल्याण घोषाल, हिमांशु मंडल, संजय गांगुली, विश्वजीत राय, टोनी बनर्जी, शिबू चक्रवर्ती, राजेश बिरुवा, नरेश पासवान, भोला ताम्रकार, वेद प्रकाश सिंह, संजय पासवान आदि उपस्थित थे '

# एसपी सर की क्लास:सरकारी स्कूल पहुँचे गिरिडीह एसपी और बच्चों को पढ़ाया फिर बताया साइबर क्राइम से बचने के गुर।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड): 03दिसंबर 2023:- झारखण्ड के गिरिडीह जिला साइबर अपराध के कारण बदनाम हो रहा है। अब ऐसे साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। वहीं दूसरी ओर लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा खुद कर रहे हैं।वे सरकारी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को साइबर ठगी से बचने के तरीके बता रहे हैं, ताकि बच्चे भी अपने अभिभावकों को इन जालसाजों से सावधान रहने के लिए सचेत कर सकें।

इसी क्रम में एसपी दीपक कुमार उत्क्रमित उच्च विद्यालय महेशलुंडी पहुंचे। यहां सीनियर क्लास के बच्चों से उन्होंने मुलाकात की। बच्चों से उनकी पढ़ाई और भविष्य की तैयारी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एक-एक बच्चे से बात करने की कोशिश की और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित भी किया।कई सवाल जबाब भी किए, इस दौरान बच्चों के बीच साइबर ठगी से बचने के लिए पुलिस की ओर से तैयार की गई बुकलेट भी बांटी गई। एसपी ने बताया कि कैसे साइबर ठग फोन करते हैं, फिर धोखा देते हैं और फिर बैंक खाते में सेंध लगाते हैं।एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बच्चों को यह भी बताया कि जब भी ऐसे कॉल आए तो उन्हें जल्द से जल्द काट देना चाहिए और ओटीपी, सीवीवी, बैंक डिटेल, आधार-पैन नंबर नहीं देना चाहिए।उन्होंने छात्रों को कहा कि संदिग्ध वीडियो कॉलिंग आने पर उसे रिसीव नहीं करना है। अश्लील मैसेज को कदापि टच नहीं करना है।इस तरह का कॉल या मैसेज आने पर अभिभावक को पुलिस के पास भेजना है। इस दौरान एसपी के साथ सार्जेंट मेजर राजेश रंजन भी मौजूद थे। राजेश रंजन ने बच्चों से कहा कि कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई सबसे महत्वपूर्ण है।यह पढ़ाई जीवन भर काम आती है।इस चार साल की पढ़ाई से ही भविष्य तय होता है।ऐसे में इन चार सालों में किसी और चीज पर ध्यान देने की बजाय सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत है।इस मौके पर मुखिया शिवनाथ साव भी मौजूद थे।

# झुंड से बिछड़ा विशालकाय दंतैल हाथी ने एक व्यक्ति की कुचलकर ली जान,विभाग के प्रति ग्रामीण आक्रोशित।

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण,अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सरायकेला जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथी का यमराजी कहर जारी है । दरसल घटना रविवार सुबह-सुबह की हे शौच के लिए गए कुकडू प्रखंड के बकारकुड़ी गांव के बांका कुमार के पुत्र गणेश कुमार को जंगली हाथी ने पटककर मार डाला।घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के



अनुसार गणेश कुमार शौच के लिए जा रहा था कि अचानक एक झुंड से बिछड़ा दंतैल एवं विशालकाय जंगली हाथी सामने आ गया,जिसे देख डर से भागने की प्रयास करने के दौरान जंगली हाथी ने सूंड से पकड़ कर उन्हें कुचल डाला।घटना में गणेश कुमार के मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हैं। बता दूं पिछले करीब 1 महीने से जंगली हाथियों का आतंक कुकडू प्रखंड क्षेत्र में है ओर विभिन्न गांवों में उत्पात भी कर रहा है, लेकिन वन विभाग हाथियों को भगाने के दिशा में कोई ठोस पहल नही कर रहा है।ग्रामीणों का कहना हे कि वन विभाग को झुंड से बिछड़ा विशालकाय दंतौल हाथी के उत्पातो से अवगत कराया गया था परंतु विभाग द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया।

# डीएवी नेशनल सपोर्ट क्लस्टर लेवल अंतर्गत योगा प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

डीएवी नेशनल सपोर्ट क्लस्टर लेवल अंतर्गत योगा प्रतियोगिता का आयोजन कुसुंडा डीएवी में किया गया। जिसमें धनबाद जिले के डीएवी सिंदरी, डीएवी






कोयलनगर, डीएवी मुगमा के बालक व बालिका ने योगा में भाग लिया। इस क्लस्टर सपोर्ट आयोजन में विभिन्न कैटिगरी के खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमे जुडो, कबड्डी, खो खो,बैडमिंटन, कराटे, फुटबॉल,एथलेटिक्स, रेस आदि खेलों में बालक व बालिका ने भाग लिया। वही डीएवी कोयलनगर के अंडर 14 से वीर दत्ता के बॉयज टीम तथा अंचिता कुमारी की गर्ल्स टीम के द्वारा योगा में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया गया। योगा कंपटीशन में अंचिता कुमारी की गर्ल्स टीम ने गोल्ड मेडल जीतकर तथा वीर दत्ता के योगा टीम ने अंडर 14 में सिल्वर मेडल जीत कर कोयलनगर डीएवी स्कूल का नाम रौशन किया है। डीएवी कोयलनगर स्कूल के शिक्षक शिक्षिका बैद्यनाथ ग्राचार्य, सुदीप सर,गीता चौबे, मौनीषा मुखर्जी इस खेल प्रतियोगिता में बच्चों के साथ मौजूद थे

# राजगंज थाना क्षेत्र से किया अवेध कोयला लदे ट्रक जब्त।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

राजगंज : राजगंज थाना क्षेत्र में कोयला की हेरा फेरी एवं कोयला माफिया



द्वारा दिन दहाड़े कोयला लूट तथा ट्रक की ट्रक कोयला इस रास्ते से डिस्पोच की जाती है जो रुकने का नाम ही नहीं ले रही है, जो शनिवार की देर रात को डीएमओ खन्न विभाग धनबाद एवं एसडीएम द्वारा राजगंज थाना क्षेत्र में छापा मारने के दौरान शनिवार की देर रात को कोयला लदे ट्रक जेएच 10 BY 5982, और BR 44GA 8027,UP 61AT 2481, एवं UP 67T 9392 चार ट्रक को जब्त किया गया तथा राजगंज थाना को सोप दिया गया एवं मामले की छान बीन जारी है।

# मांझी व्यवस्था एवं पूजा पद्धति को लेकर किया बैठक : लेदोडीह।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा**

राजगंज :राजगंज थाना क्षेत्र स्थित लेदोडीह ग्राम में मांझी व्यवस्था एवं पूजा



पद्धति को लेकर किया बैठक, इस बैठक में बुजुर्ग बुद्धि जीवी के लोगो ने अपने अपने राय व्यक्त किए, और रूढ़ी प्रथा को कैसे धरातल में लाएं इस पर विचार विमर्श किए , इस बैठक की अध्यक्षता श्री मनोज मुर्मू ने की एवं उपस्थित ग्रामीण श्री नरेश मरांडी, मुंशी मास्टर, शिव कुमार , अलसा सोरेन, संतोष बास्के, मनसा राम मुर्मू धवाचिता पंचायत प्रतिनिधि, कीनू मांझी, देवीलाल मुर्मू, पवन बस्के, दीपक सोरेन, आदि ग्रामीण उपस्थित हुए

# मासस ने शहीद खुदीराम बोस की जयंती मनाई

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद**

जिले में शहीद खुदीराम बोस की जयंती पर आज मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' जिसमें सर्वप्रथम शहीद खुदीराम बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी '




वक्ताओं ने कहा कि देश के इतिहास में एक ऐसा नाम दर्ज है, जिसने बहुत कम उम्र में देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी ' वह उम्र जब एक युवा अपने करियर और आने वाले भविष्य को लेकर परेशान रहता है ' उस उम्र में एक ऐसा क्रांतिकारी निकला जो देश के लिए फांसी पर चढ़ गया ' 3 दिसंबर 1889 को मदीनापुर जिले के हबीबपुर गांव में जन्मे खुदीराम बोस जब बहुत छोटे थे ' तभी उनके माता-पिता का निधन हो गया था ' उनकी बड़ी बहन ने लालन - पालन किया था ' साल 1905 में बंगाल का विभाजन होने के बाद खुदीराम बोस देश को आजादी दिलाने के लिए आंदोलन में कूद पड़े ' महज 18 साल की उम्र में देश के लिए अपनी जान दे दी, 11अगस्त 1908 को खुदीराम बोस को फांसी दे दी गई ' देश की आजादी के लिए युवा अवस्था में प्राणों की आहुति देने वाले ऐसे वीर शहीद से आज के युवा वर्गों को सिख एवं प्रेरणा लेने की जरूरत है ' माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सुभाष चटर्जी, जिला सचिव राणा चटराज, समीर गोस्वामी, कल्याण घोषाल, हिमांशु मंडल, संजय गांगुली, विश्वजीत राय, टोनी बनर्जी, शिबू चक्रवर्ती, राजेश बिरुवा, नरेश पासवान, भोला ताम्रकार, वेद प्रकाश सिंह, चिंटू रवानी, चौधरी भुईया आदि शामिल थे '

# बगोदर के राजकीय बुनियादी विद्यालय में दस दिनों से एमडीएम बन्द आखिर दोशी कौन

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) बगोदर बचाओ संघर्ष समिति के नेता व वार्ड सदस्य विश्वनाथ साव बगोदर राजकीय बुनियादी विद्यालय का जायजा लेने पहुंचे



पता चला की विद्यालय में लगभग दस दिनों से चावल आवंटन नहीं होने के कारण बच्चों को भोजन नहीं दिया जा रहा है, कुछ बच्चे अपने घर से टिफिन लाकर भोजन कर रहे हैं। श्री साव ने दुरभास पर इसकी जानकारी बगोदर बीपीओ को दिया और लचर ब्यवस्था को ठीक करने के लिए कहा गया।

# बुड़े मां बाप का एकलौता सहारा को ही छीन लिया जंगली हाथी ने आक्रोशित ग्रामीणों ने मचाया बवाल

**दैनिक समाज जागरण , शेखर सुमन (प्रखंड संवाददाता,ईचागढ़)**

ईचागढ़- सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना अन्तर्गत बंकारकुड़ी गांव में रविवार की अहले सुबह करीब 6 बजे शौच पर गए एक 32 वर्षीय ग्रामीण को पटक-पटक कर मारा , जिससे ग्रामीण गणेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा, तिरूलडीह थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल वन विभाग द्वारा 50 हजार रुपए अग्रीम मुआवजा राशि परिजनों को दिया एवं लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। हाथी द्वारा जान से मारने की सुचना मिलते ही आस पास के ग्रामीण जुट कर वन विभाग के लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुस्सा का इजहार किया व घंटों वन विभाग के पदाधिकारियों को घेर कर विरोध किया। वहीं मौके पर पहुंचे भाजपा नेता विनोद राय व जेवी के एस एस नेता गोपेश महतो ने वन क्षेत्र पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए हाथी को क्षेत्र से भगाने, बेसहारा बुढ़े मां,बाप का उचित व्यवस्था करने, पीएम आवास व शौचालय तत्काल देने व गांव के आस पास झाड़ियों को साफ कराने का मांग किया। विनोद राय ने अपने स्तर से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। बुड़े मां बाप का एक मात्र सहारा को ही हाथी ने छीन लिया। मिली जानकारी के अनुसार कई दिनों से कुकड़ु क्षेत्र में एक झुंड से बिछड़े हाथी डेरा जमाया हुआ है। सुबह जब गणेश कुमार शौच के लिए गांव के पास तालाब में गया तो झाड़ी से हाथी निकल कर उसे पटककर जान से मार डाला। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। हाथी को क्षेत्र से भगाने का ग्रामीणों ने वन विभाग से गुहार भी लगाया था,मगर वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से लोग काफी आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुए व लाश को उठाने दिया। वहीं विनोद राय व गोपेश महतो ने कहा कि वन विभाग हाथीयों का उत्पात को रोकने का कोशिश करें। उन्होंने कहा कि हाथी जोन के रूप में चिह्नित कर गांवों में आने से हाथीयों को रोके , अन्यथा सड़क से सदन तक आंदोलन करते हुए वन विभाग के कार्यालय को बंद कर दिया जाएगा। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव, 20 सुत्री उपाध्यक्ष नव किशोर हांसदा, सदस्य बीपत्तारण महतो, मुखिया चित्त सिंह मुण्डा, उप मुखिया त्रिभुवन कुमार,गोराचांद सिंह मुण्डा,समाज सेवी सह जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील महतो, इंन्द्रजीत महतो आदि उपस्थित थे।

